संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 26 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 113 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फ्रांस भारत के साथ खड़ा हैः राष्ट्रपति मैक्रों



**टीम एक्शन इंडिया**
**पैरिस:** पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया है। कई देशों के नुमाइंदें इस हमले की कड़ी निंदा कर चुके हैं। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी पहलगाम हमले की आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की है। इस दौरान उन्होंने भरोसा दिलाया कि फ्रांस पूरी दृढ़ता से भारत के साथ खड़ा है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी इस बातचीत की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। इस शोक की घड़ी में फ्रांस पूरी मजबूती से भारत और उसके लोगों के साथ खड़ा है।

**इमैनुएल मैक्रों ने किया ट्वीट**
फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बीती रात पोस्ट करते हुए लिखा कि मैंने अभी-अभी अपने समकक्ष नरेंद्र मोदी से मंगलवार को हुए कायतार्पूर्ण आतंकवादी हमले पर बात की, जिसमें दर्जनों निर्दोष नागरिकों की दुखद मृत्यु हो गई।

## सावरकर पर गलत टिप्पणीः सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को लगाई फटकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** विनायक दामोदर सावरकर पर गलत टिप्पणी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कड़ी फटकार लगाई है। महाराष्ट्र में एक रैली के दौरान सावरकर पर राहुल गांधी ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसकी सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी निंदा की। हालांकि, कोर्ट ने राहुल पर आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी।

**स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक उड़ाना सही नहीं**
न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और मनमोहन



की पीठ ने कहा कि हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। पीठ ने गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या उन्हें पता है कि महात्मा गांधी ने भी अंग्रेजों को लिखे अपने संदेश में "आपका वफादार सेवक" जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था।

### कोर्ट ने दी राहुल गांधी को चेतावनी

*पीठ ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर राहुल गांधी फिर से कोई ऐसा बयान देते हैं तो वो स्वतः संज्ञान लेंगे। कोर्ट ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों पर और कोई गलत शब्द नहीं सहा जाएगा। उन्होंने हमें स्वतंत्रता दी है और हम उनके साथ ऐसा व्यवहार करते हैं? यह तरीका नहीं है।*

**तो क्या गांधी जी को अंग्रेजों का सेवक कहेंगे ?:** जब सिंघवी ने तर्क दिया कि गांधी के खिलाफ शत्रुता और सार्वजनिक उत्पात को बढ़ावा देने के आरोप नहीं बनते, तो पीठ ने टिप्पणी की, "आप बहुत आज्ञाकारी हैं...क्या आपके मुवक्किल को पता है कि महात्मा गांधी ने भी वायसराय को संबोधित करते समय 'आपका वफादार सेवक' का इस्तेमाल किया था? क्या महात्मा गांधी को केवल इसलिए 'अंग्रेजों का सेवक' कहा जा सकता है क्योंकि उन्होंने खुद को वायसराय को 'आपका सेवक' कहकर संबोधित किया था।

### खिंचाई की

न्यायाधीश ने आगे कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में गैर-जिम्मेदाराना बयान न दें। कानून पर जो आपने कहा वो सही कहा

**सुप्रीम कोर्ट ने इंदिरा गांधी के पत्र को दिलाया यादः** न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि क्या आपके मुवक्किल को पता है कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने भी प्रधानमंत्री रहते हुए इसी सज्जन (सावरकर) की प्रशंसा करते हुए एक पत्र भेजा था?

गृह मंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों को निर्देश दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि देश छोड़ने की समय सीमा समाप्त होने के बाद कोई भी पाकिस्तानी भारत में न रहे

# देश में पाकिस्तानियों को खोजो और वापस भेजो: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार एक्शन मोड में है। पहले पीएम मोदी ने आपात बैठक कर पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा कैंसिल करने का फैसला किया। कोई पाक नागरिक भारत में न रहे। अब गृह मंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से बात करके उन्हें कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि देश छोड़ने की समय सीमा समाप्त होने के बाद कोई भी पाकिस्तानी भारत में न रहे। दरअसल, शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से बात करके उन्हें कहा कि वो अपने-अपने राज्य में खोज-खोजकर सभी पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से वापस पाक भेजने का काम करें। गृहमंत्री ने अधिकारियों के साथ हुई लंबी बैठक के बाद ये निर्देश जारी किया।

**शीघ्र पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने को कहा**
पाकिस्तान के सभी तरह के वीजा तत्काल प्रभाव से रद्द करने का फैसला लिया गया है। शाह ने मुख्यमंत्रियों से लोगों की शीघ्र पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने को भी कहा है। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अपने आवास पर सिंधु जल संधि को लेकर बैठक भी किया। इस बैठक में गृह मंत्री और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के अलावा अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि कि भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने के बारे में पाकिस्तान को औपचारिक रूप से लिखित रूप से सूचित कर दिया है जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देवश्री मुखर्जी ने पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय के सचिव सैयद अली मुर्तजा को एक पत्र के जरिए भारत सरकार के इस फैसले की जानकारी दी है। बता दें कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से केंद्र की मोदी सरकार लगातार एक्शन मोद में हैं। हमले के बाद भारत ने सबसे पहले कड़ा कदम उठाते हुए सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया। भारत ने पत्र लिखकर समझौता रद्द करने की जानकारी पाक को दी।



### आतंकी अभी जिंदा हैंः कठुआ में दिखाई दिए चार संदिग्ध

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के कठुआ के चन्नी इलाके में रेलवे ट्रैक यार्ड के पास शुक्रवार को चार संदिग्ध व्यक्ति देखे गए हैं। इस बात की जानकारी कुछ महिलाओं ने दी। पुलिस और सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। अभी तक इस मामले में अधिक जानकारी का इंतजार है। कठुआ पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है। उनका कहना है कि जल्द ही इस मामले में अधिक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। छापे में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद वहीं दूसरी तरफ आज सुरक्षा बलों ने शोपियां जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आतंकवादियों के सहयोगियों के घरों में सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है।

### ब्रिटेन की संसद में पहलगाम आतंकी हमले की गूंज

**लंदन।** ब्रिटेन की संसद में भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की गूंज गुरुवार को सुनाई दी। स्लॉ से सांसद तनमनजीत सिंह धेसी ने अपने भाषण में नागरिकों पर हुए आतंकी हमले पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि वह पीड़ितों के परिवारों के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हुई है। सांसद धेसी ने अपने भाषण को एक्स पर साझा किया है।

### हिंदू नरसंहार की वापसीः पवन

**टीम एक्शन इंडिया**
**अमरावती।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले की पूरे भारत में नेताओं ने सख्त निंदा की है। अब आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने अपराधियों के खिलाफ केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है। पवन कल्याण ने इस घटना को धार्मिक पूर्वाग्रह से प्रेरित एक भयावह और दर्दनाक लक्षित हत्या का कृत्य बताया। उन्होंने पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की और हमले पर अपना आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह घटना हिंदू नरसंहार की वापसी है और मांग की कि अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए।

**'मुझमें बोलने की ताकत नहीं'**
डिप्टी सीएम ने आगे कहा, यह एक भयावह और दर्दनाक घटना थी। आज मधुसूदन और चंद्रमौली के परिवार से मिलने के बाद, उनके साथ जो कुछ हुआ, उसे सुनकर मेरे लिए भी यह बहुत मुश्किल है,

## पौड़ी में स्कूली बच्चों से भरी वैन खाई में गिरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पौड़ी।** जिला मुख्यालय पौड़ी के समीप भिताई मल्ली में स्कूली बच्चों को लेकर जा रही ओमनी वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में छह बच्चे घायल हो गए हैं। चालक व एक अन्य ग्रामीण भी घायल बताए जा रहे हैं। सभी को जिला अस्पताल पौड़ी में भर्ती किया गया है। दो गंभीर घायल बच्चों को देहरादून एयरलिफ्ट किया गया है। चिकित्सक घायलों की जांच में जुटे हैं। अस्पताल में शहरवासियों की भीड़ उमड़ पड़ी है।



दिल्ली में गर्मी का प्रकोप, पारा 42 के पार, धूप से बचने के प्रयास में स्कूली बच्चे।

## कोर्ट को वैधानिक मामलों पर रोक लगाने का अधिकार नहीं: केंद्र सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** वक्फ अधिनियम के तहत वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिमों की एंट्री पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। वहीं, अब कोर्ट के अंतरिम आदेश पर केंद्र सरकार ने चुप्पी तोड़ी है। मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश का सख्त विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए केंद्र सरकार ने कहा कि अदालत को वैधानिक प्रावधानों पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक लगाने का कोई अधिकार नहीं है।

**सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश**
दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ में गैर मुस्लिमों की एंट्री पर रोक लगाने का अंतरिम आदेश जारी किया था। कोर्ट के अनुसार, केंद्र के जवाब देने तक वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों की एंट्री नहीं होगी। आज इसी मामले पर कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र



सरकार ने साफ शब्दों में कहा कि यह एक वैधानिक मामला है, जिसमें कोर्ट को रोक लगाने का अधिकार नहीं है।

**केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में कहा-**
संसद द्वारा बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। ऐसे में अंतरिम रोक शक्ति संतुलन के सिद्धांतों के खिलाफ है। यह कानून संयुक्त संसदीय समिति की सिफारिशों पर बनाया गया है, जिसके बाद दोनों सदनों में कई घंटों की बहस हुई और फिर इस कानून को पास किया गया था।

### सुप्रीम कोर्ट में दायर हैं 5 याचिकाएं

*बता दें कि सर्वोच्च न्यायालय में वक्फ अधिनियम को चुनौती देने के लिए पांच याचिकाएं दायर की गई थीं। इनमें गैर मुस्लिम सदस्यों की वक्फ में परिषद में एंट्री और केवल मुसलमानों द्वारा ही वक्फ को दान किए जाने के प्रावधानों को चुनौती मिली थी। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।*

*गंभीर था विवाद*
*सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों इन्हीं याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान केंद्र से जवाब मांगा था। ऐसे में सत्तापक्ष के कई नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट पर कार्यपालिका के कामकाज में दखल देने का आरोप लगाया था। इसके बाद पश्चिम बंगाल हिंसा मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कटाक्ष करते हुए कहा था कि हम पहले ही आरोप लग रहे हैं।*

## संसद का विशेष सत्र बुलाया जाएः सिब्बल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना को लेकर राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने केंद्र सरकार को कुछ जरूरी सुझाव दिए हैं। यह हमला पहलगाम के बैसारन घाटी में हुआ था, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को मुंबई के 26/11 हमले के बाद सबसे घातक आतंकी हमला माना जा रहा है। कपिल सिब्बल ने इस गंभीर घटना पर चर्चा के लिए संसद का एक विशेष सत्र बुलाने की मांग केंद्र सरकार से की है।

**कपिल सिब्बल ने किया सुझाव दिया ?:** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा, "मेरे पास प्रधानमंत्री के लिए कुछ सुझाव हैं। इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए सभी से सुझाव लेने के लिए संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। देश इस समय उनके साथ खड़ा है।"

## देश शक्तिशाली है, ये दिखाने का समय आ गया: मोहन भागवत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में आतंकियों ने 26 निहत्थे और बेगुनाहों लोगों पर गोली चलाकर उनकी जान ले ली।



वहीं, पहलगाम आतंकी हमले पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि देश शक्तिशाली है, ये दिखाने का समय आ गया है। मोहन भागवत ने कहा कि आतंकवादियों ने पहलगाम में लोगों से उनका धर्म पूछकर उनकी हत्या कर दी। लेकिन हिन्दू ऐसा काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा, "हम उम्मीद करते हैं करारा जवाब दिया जाएगा।" संघ प्रमुख ने कहा, "लोगों से उनका धर्म पूछा गया और उन्हें मार दिया गया। हिन्दू ऐसा काम कभी नहीं करेगा।

## यूपी बोर्डः मजदूर और किसान के बच्चों ने रचा इतिहास

### परचम लहराया

हाई स्कूल में 90.11% छात्र पास हुए, इंटरमीडिएट में 81.15% छात्र पास हुए, यश ने 97.83 अंक के साथ टॉपर

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक बोर्ड परिषद ने यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं का परिणाम जारी कर दिया है। हाई स्कूल में 90.11% छात्र पास हुए हैं। वहीं, इंटरमीडिएट में 81.15% छात्र पास हुए। हाईस्कूल में जालौन के रहने वाले यश प्रताप सिंह ने 97.83 प्रतिशत अंक के साथ टॉप किया है। इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रयागराज की महक जायसवाल ने टॉप किया है।



**सिक्योरिटी गार्ड की बेटी ने हासिल की टॉप-10 में जगह**
मीरजापुर में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा के नतीजों में चुनार के कुसुम्ही गांव की दिव्या प्रजापति ने 94.67% अंक हासिल कर जिले की मेरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया।

### मजदूर की बेटी ने इंटरमीडिएट में बनाया रिकॉर्ड

**इटावा** के भरथना की स्नेहा मिश्रा ने यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश में छठा स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया। ज्ञान स्थली इंटर कॉलेज की इस छात्रा के पिता रविकांत मिश्रा शटरिंग मजदूर हैं और मां सीमा मिश्रा गृहिणी। स्नेहा ने सुबह 4 बजे से पढ़ाई और शिक्षकों के सहयोग से यह उपलब्धि हासिल की।

## आतंकवाद एक वैश्विक खतराः उपराष्ट्रपति धनखड़



**टीम एक्शन इंडिया**
**तमिलनाडु।** पहलगाम हमले में मारे गए 26 नागरिकों की मौत के बाद से पूरे देश में आक्रोश का माहौल है। हमले को लेकर नेताओं की प्रतिक्रिया जारी है। अब भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का पहलगाम हमले पर बयान सामने आया है। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला एक भयानक याद दिलाता है कि आतंकवाद एक वैश्विक खतरा है, जिसका समाधान मानवता को एकजुट होकर करना होगा। उन्होंने लोगों से राजनीतिक, व्यक्तिगत और अन्य हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देने की अपील की।

**'भारत दुनिया का सबसे शांतिप्रिय देश'**
जगदीप धनखड़ ने आगे कहा, 'भारत दुनिया का सबसे शांतिप्रिय देश है और 'वसुधैव कुटुंबकम' (दुनिया को एक परिवार के रूप में देखने का सिद्धांत) में परिलक्षित इसकी सभ्यता की भावना वैश्विक स्तर पर गूंज रही है। उपराष्ट्रपति ने राजभवन, उदगमंडलम में तमिलनाडु के राज्य, केंद्रीय और निजी विश्वविद्यालयों के दो दिवसीय कुलपतियों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए कहा, 'हमने इस सम्मेलन की शुरूआत में मौन रखा। मैं पहलगाम में हुए जघन्य हमले पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करने में राष्ट्र के साथ हूं, जिसमें निर्दोष लोगों की जान चली गई।'

### दो टूक

आतंकवाद एक वैश्विक खतरा है जिसका समाधान मानवता को एकजुट होकर करना होगा

**स्मृति झंडा** *पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश में जगह-जगह प्रदर्शन, पहलगाम में हुए आंतकी हमले के खिलाफ देश भर में आक्रोश*

## हिमाचल राजभवन से हटाया शिमला समझौते के टेबल पर रखा पाक का स्मृति झंडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला:** हिमाचल प्रदेश राजभवन से शिमला समझौते के ऐतिहासिक टेबल पर रखा पाकिस्तान का स्मृति झंडा हटा दिया गया है। 2 जुलाई 1972 को भारत और पाकिस्तान के बीच बेहतर संबंध बनाने के लिए शिमला में समझौता हुआ था। बार्नेस कोर्ट ( अब राजभवन) में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। शिमला समझौते वाले टेबल पर भारत और पाकिस्तान के झंडों के साथ पुरानी छाया चित्र रखकर यादें संजोई गई थीं। पाकिस्तान की ओर से समझौता रद्द करने का बयान आने के बाद राजभवन ने टेबल पर मुंह चिढ़ा रहा पाकिस्तान का झंडा हटा दिया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद अब शिमला समझौते की याद में टेबल पर सिर्फ तिरंगा रखा गया है।





**2 जुलाई 1972 को हुआ था शिमला समझौता**
भारत और पाकिस्तान के बीच 2 जुलाई 1972 को शिमला समझौता हुआ था। इस समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए इस्तेमाल किया गया टेबल राजभवन में धरोहर के तौर पर रखा गया है। राजभवन आने वाले हर व्यक्ति की नजर बरबस ही टेबल पर जाती है। यहां आने वाले सभी लोग टेबल के साथ फोटो भी लेते हैं। टेबल पर भारत और पाकिस्तान के झंडे स्मृति के तौर पर रखे गए थे। जिस ओर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी बैठी थी, वहां भारत का तिरंगा और जिस ओर तत्कालीन पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो बैठे थे, वहां पाकिस्तान का झंडा परचम ए सितारा रखा गया था। अब इस टेबल की शान केवल तिरंगा बढ़ा रहा है। पाकिस्तान के झंडे को राजभवन सचिवालय ने हटा दिया है। 1971 में भारत-पाक युद्ध के बाद पाकिस्तान के 90 हजार से ज्यादा सैनिकों को युद्ध बंदी बनाया गया था। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में सुधार, पाक युद्ध बंदियों को छुड़ाने की कवायद शुरू हुई। फिर दोनों देशों के बीच बेहतर संबंध के लिए 2 जुलाई 1972 को शिमला में एक समझौता हुआ।

### सख्ती

अब इस टेबल की शान केवल तिरंगा बढ़ा रहा है, पाकिस्तान के झंडे को राजभवन सचिवालय ने हटा दिया

## दिल्ली से श्रीनगर तक हाई लेवल बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के बाद देश के लोगों में आक्रोश है। भारत सरकार ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कई कड़े फैसले लिए हैं। इस हमले के बाद दिल्ली से लेकर कश्मीर तक हाई लेवल बैठकों का दौर जारी है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, निर्मला सीतारमण, जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह और अन्य गुरुवार को नई दिल्ली में पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के सम्मान में केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए।

# वीरेश शांडिल्य ने की लेफ्टिनेंट विनय के परिजनों से मुलाकात

## विनय पर हमला करने वाले आतंकी का सिर लाकर देने वाले को फ्रंट देगा एक करोड़ शांडिल्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी टेररिस्ट** फ्रंट आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य सेक्टर-7 स्थित लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के निवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरा शोक व्यक्त किया। इस दौरान शांडिल्य ने विनय की पत्नी हिमांशी, पिता राजेश कुमार, माता आशा देवी, दादा हवा सिंह और ससुराल पक्ष के सुनील स्वामी, पूनम स्वामी और पारिवारिक सदस्यों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। शांडिल्य ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति विनय पर हमला करने वाले आतंकी का सिर लाकर देगा, उसे एक करोड़ रुपए की राशि फ्रंट की ओर से दी जाएगी। उन्होंने



यह भी कहा कि लेफ्टिनेंट विनय के परिजनों की मांग को सरकार तुरंत माने और आतंकी के सिर को लाकर लेफ्टिनेंट विनय को सच्ची श्रद्धांजलि दे।
शांडिल्य ने हरियाणा सरकार से मांग की कि लेफ्टिनेंट विनय की पत्नी हिमांशी को नौसेना में नौकरी दी जाए और उनकी बहन सृष्टि नरवाल को हरियाणा सिविल सर्विस एचसीएस नियुक्त किया जाए। साथ ही विनय के परिवार को एक-एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता केंद्र और राज्य सरकारों से तत्काल प्रदान करने की मांग की। वीरेश शांडिल्य ने कहा कि बंटोगे तो काटोगे, क्योंकि आतंकियों ने जात नहीं धर्म पूछा। अब एक होने की जरूरत है, नहीं तो ऐसे ही सब मारे जायेंगे।
उन्होंने देश के नागरिकों से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने और एंटी टेररिस्ट फ्रंट आफ

**श्रद्धांजलि**

**परिजनों की मांग को सरकार तुरंत माने और आतंकी के सिर को लाकर लेफ्टिनेंट विनय को सच्ची श्रद्धांजलि दे**

इंडिया की मुहिम से जुडने की अपील की।
शांडिल्य ने केंद्र सरकार से यह भी माँग की कि कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए और उमर अब्दुल्ला की सरकार को तुरंत भंग किया जाए। उन्होंने कहा कि अब पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक युद्ध का समय आ गया है और पाकिस्तान पर कब्जा कर, पीओके, लाहौर, इस्लामाबाद और कराची में तिरंगा लहराया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि जो आतंकी पकड़े जाएं, उन्हें जिंदा जलाया जाए और जो मारे जाएं उन्हें सार्वजनिक रूप से मिट्टी का तेल डालकर जलाया जाए, ताकि आने वाली नस्लों को सबक मिले। वीरेश शांडिल्य ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर स्वयं कश्मीर जाकर आतंकियों से लडने की इच्छा जताई है।

उन्होंने कहा कि मेरा जन्म आतंकवाद के खात्मे के लिए हुआ है। सरकार मुझे जिम्मेदारी सौंपे, मैं पहलगाम जाकर दुश्मनों को ललकारूंगा। उन्होंने देश के सभी नागरिकों से अपील की कि अब समय आ गया है रण का, अब रण होगा, रण भीषण होगा, पाकिस्तान को खत्म करने में फ्रंट सब कुछ अर्पण करेगा।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| | **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधिन SSE/W/MTC और SSE/W/MOZ के कार्य क्षेत्र में कॉलोनियों और सेवा भवनों के दिन–प्रतिदिन की देखभाल के लिए कुशल और अकुशल कर्मचारियों को नियुक्त करके रखरखाव गतिविधियों की आउटसोर्सिंग। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :–** Bid Document पर NIT के अनुसार **बयाना राशि (रुपये):** Bid Document पर NIT के अनुसार |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 20.05.2025 15:00 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.gem.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए GeM साइट www.gem.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं 128-W/280/Bid No-GEM/2025/B/6171058 दिनांक : 25.04.2025 1236/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–खुली निविदा सूचना**

पत्र संख्या: 128-डब्लयू/269/ निविदा सूचना/25-26/डब्लयू–ई/ टेंडर नं. 08 दिनांक 24.04.2025

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यो के लिए खुली निविदा दिनांक 16.05.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | (ए) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/ट्रांजिट कैंप के कार्य क्षेत्र में लेखा भवन, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली का सुधार कार्य, जिससे भवन उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षित और रहने योग्य बन सके हेतु। |
| अनुमानित लागत | (ए) रुपये 18789089.87 |
| धरोहर राशि | (ए) रुपये 244000.00 |
| समापन अवधि | (ए) 06 महीने |

1. निविदा दिनांक 16.05.2025 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

1225/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पर्यटकों पर हुआ कायराना आतंकी हमला दुर्भाग्यपूर्ण: कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा के विकास** एवं पंचायत तथा खनन भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार शुक्रवार को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के सेक्टर-7 स्थित निवास स्थान पर पहुंचे और विनय नरवाल को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि यह बहुत निंदनीय घटना है, ऐसी दुखदायी घटना से पूरा देश दुखी है और इस दुख की घड़ी में केंद्र व प्रदेश सरकार परिवार के साथ खड़ी है और वे विश्वास दिलाते है कि इस आतंकी हमले का सरकार मुंहतोड़



जवाब देगी तथा पीड़ित परिवार के साथ न्याय करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना के बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में पांच ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, इनमें सिंधु जल समझौता रद्द कर दिया गया है, उच्चायोग में रक्षा सेवकों के पद तत्काल खत्म कर दिए गए हैं और पदों पर मौजूद लोगों को वापिस जाने के लिए कह दिया गया है तथा राजनयिकों की संख्या भी घटा दी गई है। इसके अलावा अटारी वाघा सीमा को बंद कर दिया गया है तथा पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा पर भारत आने की अनुमति नहीं होगी और जो आए हुए हैं, उन्हें दो दिन के अंदर वापिस जाने के आदेश दिए थे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी और कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादियों ने बेहद ही कायराना तरीके से हमला किया है, जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।
आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बुजदिल और घिनौने कृत्य को अंजाम देने वालों पर कार्रवाई होगी, क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार अपराध के सख्त खिलाफ है। यह हमला ना केवल निर्दोष पर्यटकों के जीवन पर हमला है।

# सभी 20 मंडलों के पदाधिकारियों की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा जिलाध्यक्ष** प्रवीण लाठर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली की स्वीकृति एवं प्रदेश नेतृत्व से विचार–विमर्श एवं जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल की सहमति के बाद करनाल जिला की पांचों विधानसभाओं करनाल, घरोंडा, नीलोखेड़ी, इंद्री एवं असंध के सभी 20 मंडलों के पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने बताया कि असंध विधानसभा के चारों मंडल जिसमें जलमाना मंडल, असंध मंडल, जुंडला मंडल एवं बल्ला मंडल के मंडल पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए असंध विधानसभा के जलमाना मंडल का अध्यक्ष विजय राणा को बनाया। इसी प्रकार यशपाल, महेन्द्र सिंह, निर्मल सिंह, कुसुम रानी को उपाध्यक्ष, मोहिन्द्र मास्टर एवं आशीष कुमार को महामंत्री, नीलम, बलदेव शर्मा, मनीषा देवी, अजीत, हरि मोहन को सचिव, अमनदीप को कोषाध्यक्ष, रणबीर सिंह मीडिया प्रभारी, राजीव शर्मा को मीडिया सह प्रभारी बनाया गया। विधानसभा असंध के असंध मंडल में हिमांशु छाबडा को मंडल अध्यक्ष, सतीश वर्मा, महाबीर देशवाल , रीना कश्यप, सीमा जांगडा को उपाध्यक्ष, विनय राणा व मोहित जिन्दल को महामंत्री, ममता देवी, विक्रम खारा, भारत भूषण, हंसराज शर्मा, नीतु कुमारी को सचिव, सुरेन्द्र राणा को कोषाध्यक्ष, राजीव सोनी को मीडिया प्रभारी, दिनेश कुमार को आईटी सैल प्रमुख।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **बिजेन्दर उर्फ लाला उर्फ किशन पुत्रः राधे श्याम, पताः** मकान नं.-I-1598, जहाँगीर पुरी, दिल्ली, आर–14, 40 फुल रोड भगत सिंह पार्क कॉलोनी, कराला, दिल्ली और मकान नं. 10623, अंधा मुगल प्रताप नगर, दिल्ली ने **FIR No. 98/2019, U/s 25 Arms Act,** थानाः करोल बाग, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बिजेन्दर उर्फ लाला उर्फ किशन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बिजेन्दर उर्फ लाला उर्फ किशन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 98/2019, U/s 25 Arms Act,** थानाः करोल बाग, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **बिजेन्दर उर्फ लाला उर्फ किशन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री शिप्रा धनकर**
**DP/5174/CD/2025** महानगर दण्डाधिकरी (जिला सैंट्रल)
**(Court Matter)** कमरा नं. 180, पहली मंजिल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

# आशाराम आश्रम जो पिछले 53 वर्षों से राष्ट्र सेवा का अद्वितीय केंद्र रहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**श्री योग वेदांत सेवा समिति,** पानीपत द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री (गुजरात) के नाम से जिलाधीश को मोटेरा अहमदाबाद स्थित संत आशाराम आश्रम जो पिछले 53 वर्षों से सनातन संस्कृति, आत्मिक शांति और राष्ट्र सेवा का अद्वितीय केंद्र रहा है उस आश्रम को बचाने की मांग करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया । इस संबंध में श्री योग वेदांत सेवा समिति के प्रमुख प्रकाश चुग ने बताया कि मोटेरा अहमदाबाद स्थित संत आशाराम आश्रम कोई मात्र




इमारत नहीं बल्कि सनातन संस्कृति की आत्मा, करोड़ो श्रद्धालुओं की आत्मा और मानव मूल्यों का जीवंत विश्वविद्यालय है । यह भूमि सनातनियों की श्रद्धा का केंद्र है जहां व्यासपीठ, शिवजी का मंदिर, समाधि स्थल और संतों एवं भगवान की दिव्य मूर्तियां स्थित हैं । यह सेवा और मानवता का मंदिर है जहां रोज भंडारा, निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श, जल प्याऊ, कंबल वितरण और राशन कार्ड जैसी सेवाएं निस्वार्थ भाव से की जाती हैं । यह आश्रम नैतिकता की प्रयोगशाला है।

**उत्तर रेलवे**

**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पीएस, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों/स्थानों पर MPS/SMU खानपान यूनिट्स के अनुबंधों के आवंटन के लिए आईआरईपीएस (https://ireps.gov.in) के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित करता है:

| ई–कैटलॉग नं. | विज्ञापन का प्रकार | रेलवे स्टेशन एवं श्रेणीवार आरक्षण | ई–नीलामी के लिए दिनांक और समय |
|---|---|---|---|
| MPS-06-2025 | बहुउद्देशीय स्टॉल | 11 बहुउद्देशीय स्टॉल दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर | प्रारंभ होने का समय: 09.05.2025 को 11:00 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता | | | https://ireps.gov.in/(E-Auction-Leasing) |

**आईआरईपीएस के ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:**

- ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण – ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता।
- एक मुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; IREPS खाते के साथ SBI बैंक खाते का एकीकरण; निधियों का ग्रहणाधिकार अंकन; टर्नओवर विवरण का अद्यतनीकरण।
- ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (VAN) नाम से एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है।
- बोलीदाता, किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय है) और (VAN) तंत्र के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। (VAN) तंत्र के लिए बोली लगाने वाले के पास भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने (VAN) खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।
- जिन ठेकेदारों के पास IREPS के किसी भी मॉडयूल के लिए IREPS खाता नहीं है, वे IREPS होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी पट्टे) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑनलाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| किसी भी प्रश्न के मामले में संपर्क करने के लिए रेलवे प्राधिकरण | मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, वाणिज्य शाखा, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली 110055 Email:catering.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

संख्या 23 AC/CTG/MPS Policy 2017 (Computer No.44158) Dated: 24.04.2025 1221/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **गुरमीत सिंह, पार्टनर–मेसर्स ट्रू ब्लूज लॉथिंग, पुत्रः स्वर्गीय श्री पूरन सिंह, निवासीः 123, पहली मंजिल, नारंग कॉलोनी, जनकपुरी, दिल्ली और WZ-21A, पहली मंजिल, नंगली जलेब, B-1, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **Ct. Case No.17324/2016 U/S 138 NI Act** के तहत एक मामला **थाना मगोलपुरी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है किया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **गुरमीत सिंह** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **गुरमीत सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **Ct. Case No.17324/2016 U/S 138 NI Act , थाना मगोलपुरी, दिल्ली** के आरोपी उक्त **गुरमीत सिंह** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **29.05.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार सुश्री रीतिका जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05
**DP/5215/OD/2025** कमरा नं. 105, उत्तर–पश्चिम जिला
(अदालती मामला) रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

# अवैध खनन करने वालों पर करें सख्त कार्रवाई : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और उनके वाहन भी जब्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसा जाए और खनन विभाग की ओर से संबंधित को नोटिस जारी किए जाएं और रिकवरी के लिए पेनल्टी भी लगाई जाए। उपायुक्त शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने एनफोर्समेंट एसएचओ सोनू को निर्देश दिए कि वे अवैध खनन पर नियंत्रण लगाने के लिए अपनी गतिविधियों को बढ़ाएं और उन पर कड़ी नजर रखें।

उन्होंने अवैध खनन को लेकर दर्ज की गई एफआईआर में आगे की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट तैयार कर आगे कार्यवाही अमल में लाई जाए।

# दरगाह के बाहर मुस्लिम समुदाय ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पहलगाम में** हुई आतंकी घटना के विरोध में करनाल में मुस्लिम समाज के लोगों ने शुक्रवार को कलंदर साहब की दरगाह के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला फूंका गया। इस मौके पर लोगों में गुस्सा साफ नजर आया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लिए हुए थे, जिन पर आतंकवाद के खिलाफ संदेश लिखे गए थे।

**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

**मैं, योगिता पत्नी सुखबीर निवासी गांव सनपेड़ा,गन्नौर ,सोनीपत मेरे एच डी एफ सी बैंक में मेरा नाम गीता देवी लिखा गया। जबकि मेरा नाम अन्य कागजात मे योगिता है। योगिता व गीता देवी दोनों नाम एक ही औरतों के नाम हैं।**

## बेदखली सूचना

**मै जोकि बिजेंद्र कुमार पुत्र कुन्दन लाल निवासी गांव सांदल खुर्द तहसील व जिला सोनीपत अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लडका साहिल व उसकी पत्नी कोमल मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करते है । मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल व सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। । भविष्य में उपरोक्त दोनों से लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।**

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा कॉमर्शियल प्लाट संख्या-20, 75.625 वर्ग मीटर क्षेत्रफल जो कि सैक्टर-3A, एच.एस.आई.डी.सी. इंडस्ट्रियल एस्टेट, करनाल में स्थित है तथा श्रीमती गगनदीप कौर C/o श्री गौरव मल्होत्रा को आबंटित है। मैंने प्लाट की Application में Second Name अति आवश्यक (Mandatory) था, इसलिए Online Application में गगनदीप से पूर्व कौर लिखा था। गगनदीप कौर का नाम वास्तव में गगनदीप ही है, जो कि आधार कार्ड, पैन कार्ड, परिवार पहचान पत्र आदि में भी गगनदीप है। इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि किसी व्यक्ति को उक्त बदलाव (Change) के सम्बंध में आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अंदर अपनी आपत्ति एक शपथ-पत्र सहित सम्पदा प्रबंधक H.S.I.D.C., Karnal को प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा माना जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है और निगम उक्त नाम को गगनदीप ही मानकर रिकार्ड में आगामी कार्यवाई की जाएगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली के बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा

पहलगाम आतंकवादी हमले के विरोध में दिल्ली के व्यापारियों ने दिल्ली बंद का आह्वान किया, 1500 करोड़ से अधिक का नुकसान, चांदनी चौक सदर बाजार और गफ्फार मार्केट सहित 900 से अधिक बाजार वीरान रहे

**विरोध**

कपड़ा, मसाले, बर्तन और सराफा जैसे क्षेत्रों के विभिन्न व्यापारी संघों ने भी अपनी दुकानें बंद रखीं






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के विरोध में व्यापारियों द्वारा आहूत 'दिल्ली बंद' के कारण शुक्रवार को कनॉट प्लेस, सदर बाजार, गफ्फार मार्केट और चांदनी चौक समेत 900 से अधिक बाजार वीरान रहे। कपड़ा, मसाले, बर्तन और सराफा जैसे क्षेत्रों के विभिन्न व्यापारी संघों ने भी अपनी दुकानें बंद रखीं। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (सीएआईटी) के अनुसार, दिल्ली में 8 लाख से अधिक दुकानें बंद रहीं, जिसके परिणामस्वरूप दिन भर में लगभग 1,500 करोड़ रुपये का व्यापार नुकसान होने का अनुमान है। गुरुवार को चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने बंद का आह्वान किया था। इसने हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए कनॉट प्लेस में कैंडल मार्च भी निकाला था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। सीटीआई के अध्यक्ष बृजेश गोयल ने शुक्रवार को कहा, "यह सिर्फ एक विरोध प्रदर्शन नहीं है, यह आतंकवाद के खिलाफ एक सामूहिक गुस्सा है। हम सभी इस मुद्दे पर एकजुट हैं और पहलगाम में अपनी जान गंवाने वालों की याद में बंद का आयोजन कर रहे हैं।" गोयल ने सरकार से पाकिस्तान के साथ सभी वाणिज्यिक संबंध समाप्त करने तथा भारत में पाकिस्तानी उत्पादों का बहिष्कार करने की भी अपील की। सदर बाजार में आमतौर पर दिन के किसी भी समय लोगों की भीड़ लगी रहती है। यहां के व्यापारी संघ के एक सदस्य ने कहा कि बाजार सुनसान था और यहां तक कि सब्जी और फल विक्रेता भी नहीं आए थे।

कैट महामंत्री ने कहा कि दिल्ली सहित देशभर के व्यापारी संगठनों ने पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित इस आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की है और सरकार से आतंकवाद का समूल नाश करने का आग्रह भी किया है। कल भुवनेश्वर में कैट की नेशनल गवर्निंग काउंसिल की बैठक में देश के विभिन्न राज्यों के 200 से अधिक व्यापारी नेता पाकिस्तान से कोई भी निर्यात अथवा आयात नहीं करने का प्रस्ताव पारित करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की यह एकजुटता केवल व्यापार बंद तक सीमित नहीं है। यह देश की सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान की लड़ाई में सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो देशभर के व्यापारी आतंकवाद के खिलाफ इस निर्णायक युद्ध में सक्रिय रूप से भी कूदने में तैयार हैं।

## पहलगाम हमला : भारतीय युवा कांग्रेस ने जंतर-मंतर पर निकाला तिरंगा मार्च



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए जंतर-मंतर चौराहे से जंतर-मंतर तक तिरंगा मार्च निकाला। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि तिरंगा यात्रा इंसाफ की गूंज है, जो पहलगाम में हिंदुस्तानियों के लिए न्याय मांग रहा है। अब वक्त कूटनीति नहीं, सीधा और सख्त जवाब देने का है और पूरा देश सेना और सरकार के साथ खड़ा है लेकिन जवाब सीमा पर दिखना चाहिए, शब्दों में नहीं। उन्होंने कहा कि हमारे देश के अंदरूनी हिस्सों तक घुसपैठ करना, मासूमों की जान लेना, ये सब सिर्फ इसलिए मुमकिन हो पाता है, क्योंकि सीमा पार बैठे आतंकी संगठनों को पाकिस्तान सरकार की खुली शह मिलती है। उन्होंने कहा कि आतंक के खिलाफ हम सब आज एकजुट हैं, परन्तु अब सहने की नहीं, सख्त जवाब देने की बारी है। उन्होंने कहा कि अब आतंक के हर ठिकाने को जड़ से खत्म करने की जरूरत है। उदय भानु चिब ने यह मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार के साथ समन्वय, सहयोग और साझेदारी करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमने समय-समय पर आतंकवाद और अलगाववाद का डट कर मुकाबला किया है। आज सारा देश स्तब्ध है, हम यह मांग करते हैं कि केंद्र सरकार इस हमले का मुंहतोड़ जवाब दे।

### बंद का दिखा असर



*सांसद खंडेलवाल ने व्यापार बंद के दौरान दिल्ली पुलिस और प्रशासन को भी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि दिल्ली के प्रमुख बाजार जिसमें चांदनी चौक, कनॉट प्लेस, करोल बाग, खान मार्केट, सदर बाजार, खारी बावली, नया बाजार, कश्मीरी गेट, चावड़ी बाजार, भागीरथ पैलेस, मीना बाजार, कमला नगर, मॉडल टाउन, शालीमार बाग, पीतमपुरा, पहाड़गंज, राजौरी गार्डन, जेल रोड, रोहिणी, लाजपत नगर सहित सैकड़ों बाजारों में कोई कारोबार नहीं हुआ।*

*आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता के लिए किया बंद*

*इसी प्रकार, बाजार एसोसिएशन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि गांधीनगर में एशिया का सबसे बड़ा थोक रेडीमेड परिधान बाजार पूरी तरह बंद रहा।*



जन सुनवाई के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता लोगों से बातचीत करते हुए।

## दिल्ली में 'ट्रिपल इंजन' की सरकार, मेयर बने इकबाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मेयर का चुनाव शुक्रवार को संपन्न हो गया। राजा इकबाल सिंह नए मेयर निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले, मेयर चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई थी, जिसमें बीजेपी के सभी सांसद मतदान करने पहुंचे। मेयर चुनाव में कुल 142 वोट डाले गए। इसमें राजा इकबाल सिंह को 133 वोट मिले। एक वोट अमान्य घोषित कर दिया गया। जीत के बाद राजा इकबाल सिंह ने कहा कि वह सभी को साथ लेकर चलेंगे। सफाई कार्यक्रम उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। दिल्ली की जनता को सभी सुविधाएं मिलेगी। वहीं, जय भगवान यादव उप-महापौर निर्वाचित हुए हैं। कांग्रेस ने उप-महापौर पद पर नाम वापस ले लिया था। वहीं राजा इकबाल सिंह ने आज ही अपना पदभार भी ग्रहण कर लिया। इस दौरान उनके साथ दिल्ली के कई सांसद जिसमें बांसुरी स्वराज, रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत आदि भी मौजूद थे।

**निर्वाचित हुए**

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के नए मेयर के रूप में राजा इकबाल सिंह निर्वाचित हुए

**नॉर्थ एमसीडी के मेयर रह चुके हैं राजा इकबाल सिंह**

राजा इकबाल सिंह ने कांग्रेस उम्मीदवार मंदीप सिंह को हराया। आम आदमी पार्टी (आप) ने मेयर चुनाव का बहिष्कार किया था और अपने उम्मीदवार उतारने से इनकार कर दिया था।

## प्रशिक्ष कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन को मुहिम बनाने पर बनी सहमति

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शुक्रवार को आपदा प्रबंधन को मुहिम बनाने पर सहमति बनी। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत 22 अप्रैल को कांस्टीट्यूशन क्लब में हुई थी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी एंड सेफ्टी मैनेजमेंट (आईआईएसएसएम) ने किया था। इसमें आपदा प्रबंधन, स्कूल सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न आपदा, महामारी आदि विषयों पर गहन विचार विमर्श किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय ( यूएनडीआरआर), पूर्वोत्तर एशिया कार्यालय और वैश्विक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (ओएनईए एवं जीईटीआई), राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पावरग्रिड, एनटीपीसी और एनएचपीसी के प्रतिनिधियों की भागीदारी रही। प्रशिक्षण कार्यशाला में दुनियाभर की कई आपदाओं पर बात हुई, जिसमें निजी क्षेत्र को आपदा प्रबंधन से क्या लाभ मिला, बताया गया।

## सीएम ने किया फायर सर्विस मुख्यालय का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और गृह मंत्री आशीष सूद ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को यहां दिल्ली फायर सर्विस मुख्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अग्निशमन उपकरणों की क्षमताओं को परखने के साथ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार फायर सर्विस पूर्ण रूप से अपडेट रखने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली सरकार ने इसके लिए बजट में 500 करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया है। सरकार इसी दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने चार मशीनें खरीदी हैं, जिनसे काफी ऊंचाई पर लगी आग पर काबू पाया जा सकता है। इन मशीनों को 12 करोड़ रुपए की लागत से खरीदा गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 86 फायर स्टेशन हैं, जिनमें 3 हजार से अधिक दमकल कर्मी हैं। पिछले साल 36 हजार से अधिक आग लगने की घटनाएं सामने आईं। दमकलकर्मियों ने अपनी मेहनत से इन घटनाओं पर काबू किया।

**100 जगहों पर छोटी दमकल की गाड़ियां तैनात की जाएंगी: सूद**

मंत्री आशीष सूद ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पहली बार सरकार ने अपने बजट में फायर सर्विस जैसे छोटे विभाग का जिक्र किया है। बजट में प्रावधान किया है कि दिल्ली के बढ़ते इलाकों में आग लगने की घटनाओं को काबू करने के लिए 100 जगहों पर छोटी दमकल की गाड़ियां तैनात की जाएंगी।

पिछली सरकारों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान दमकलकर्मियों ने नए खरीदे गए आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपकरणों का प्रदर्शन भी किया।

**दिशा निर्देश**

अग्निशमन उपकरणों की क्षमताओं को परखने के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए

## सराय रोहिल्ला में ट्रेन के इंजन से टकराया ट्रक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन की वाशिंग लाइन के पास शुक्रवार को एक ट्रक ट्रेन से टकरा गया। राहत की बात यह रही है कि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। रेलवे की टीम ने पहुंचकर ट्रेन के इंजन में फंसे ट्रक के टायर को हटा दिया। फिलहाल रेलवे पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है रेलवे डीसीपी केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब 11.37 बजे सूचना मिली कि दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन की वाशिंग लाइन के पास एक ट्रक ने ट्रेन में टक्कर मार दी है। रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची तो जांच में पता चला है कि हरियाणा नंबर के ट्रक ने ट्रेन संख्या 12259 बीकानेर सियालदाह दुरंतो एक्सप्रेस के इंजन में टक्कर मारी है। घटना के वक्त ट्रेन किशनगंज स्टेशन की ओर से धीमी गति से आ रही थी। डीसीपी के अनुसार घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सदन की मर्यादा व श्रेष्ठता बहाल करना मेरी प्राथमिकता- विजेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता का कहना है कि आम आदमी पार्टी सरकार के समय ध्वस्त की गई संसदीय परम्पराओं को फिर से स्थापित करना उनकी पहली प्राथमिकता है। हिन्दुस्थान समाचार से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि जिन लोगों को ऐसा लगता था कि वे केवल सत्ता में बने रहने के लिए पैदा हुए हैं, उन्हें यह समझने में समय लगेगा कि लोकतंत्र में कुछ भी स्थायी नहीं होता। उन्होंने कहा कि पिछले 11 साल से विधानसभा में नियमों और परम्पराओं का उल्लंघन हो रहा था। मनमाने तरीके से सदन का सत्र बुलाया जाता था, फिर उसका कभी सत्रावसान नहीं होता था। जब चाहा एक या दो दिन के लिए सदन बुला लिया और उसमें भी उन विषयों पर चर्चा कर समय नष्ट किया गया, जो सदन के अधिकार क्षेत्र में ही नहीं आते थे। यह अत्यंत हास्यास्पद था



**नियम कानू**

पिछले 11 साल से विधानसभा में नियमों और परम्पराओं का उल्लंघन हो रहा था

पिछले काफी समय से सदन में देश-दुनिया की पर राजनीतिक भाषणबाजी हुई लेकिन दिल्ली की जनता ने जिस लिए चुनकर भेजा, उस पर चर्चा ही नहीं हुई। यह पूछे जाने पर कि आप आप एक एक्टीविस्ट हैं, तब सदन के संचालन में क्या चुनौती आ रही है, विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि वर्तमान दायित्व में मेरे लिए यही एक आंदोलन होगा कि मैं सदन की मयार्दा, उसकी परम्पराओं को स्थापित करते हुए इसकी कार्यवाही इस तरह संचालित करूं कि सदन में उच्च कोटि की चर्चा हो और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप उसका समाधान हो। उन्होंने आम आदमी पार्टी के सदस्यों को चर्चा का अवसर न दिए जाने और विधानसभा परिसर के भीतर भी न घुसने देने के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि अब यह सदन कोरी राजनीति और अमर्यादित आचरण से नहीं चलेगा। मैं केवल और केवल नियमों पर चलकर इस सदन की गरिमा को बहाल करने के लिए कार्य करता रहूंगा।

निरर्थक और गैरजिम्मेदाराना बहस कर सदन के समय और पैसे के बर्बादी कर इसे राजनीतिक अखाड़ा बनाने की कोशिशों को हम प्रश्रय नहीं देंगे।



# हर जिले में बनाए जा रहे इनोवेशन हब: मुख्यमंत्री





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नवाचार आज की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने का एक मूलमंत्र है। एआई, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा और बायोटेक जैसे क्षेत्र नए भारत के उभरते स्तंभ हैं। हरियाणा ने भी एक मजबूत नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री आज पूसा भवन नई दिल्ली में आयोजित समृद्ध एवं महान भारत 'इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस विजन 2047' को सम्बोधित कर रहे थे। इस तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के विश्व विद्यालयों में इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। शिक्षण संस्थानों में टिंकरिंग लैब स्थापित की गई हैं। इसके अलावा अटल इनोवेशन को जमीन पर लागू करने के लिए विद्यार्थियों में अनुसंधान की प्रवृत्ति को बढ़ावा दा रहा है। गुरुग्राम में हरियाणा इनोवेशन हब स्थापित किया गया है। इसके साथ ही हर जिले में भी इनोवेशन हब बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र और विकास के हर पहलू में ए.आई. का बड़ा महत्व है। इसलिए हरियाणा में ए.आई. मिशन का गठन कर गुरुग्राम और पंचकुला में एक-एक हब स्थापित किया जाएगा। इनमें हरियाणा के 50 हजार से अधिक युवाओं और पेशेवरों को अति-आधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे युवा नई नौकरियों और अवसरों के लिए तैयार हो सकेंगे। इस सम्मेलन में स्वदेशी शोध संस्थान, नई दिल्ली, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, इंदिरा गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश और यूनिवर्सिटी ऑफ एग्डर, नॉर्वे के पदाधिकारियों ने भाग लिया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि सम्मेलन न केवल एक वैचारिक मंच है, बल्कि यह सबकी साझा आकांक्षाओं, राष्ट्रीय लक्ष्यों और भविष्य की दिशा का निर्धारण करने का एक प्रेरक अवसर है।

## हरियाणा की पहचान मजबूत कृषि अर्थव्यवस्था से है: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की पहचान मजबूत कृषि अर्थव्यवस्था से है। हमारे किसान मेहनती और प्रगतिशील हैं, लेकिन बदलते समय के साथ यह जरूरी है कि खेती में भी नवाचार हो। इसलिए हम हॉरिजॉन्टल फार्मिंग के साथ-साथ वर्टिकल फार्मिंग को बढ़ावा दे रहे हैं। कृषि पर्यटन एक ऐसा नवाचार है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस क्षमता को देखते हुए फॉर्म पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हम पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देंगे।

## भारत दुनिया का सबसे बड़ा युवा देश: सीएम

सीएम ने कहा कि यह लक्ष्य हम सभी 140 करोड़ भारतीयों का सामूहिक संकल्प है। यह हमें उस भारत की ओर ले जाता है जो आर्थिक रूप से सशक्त, सामाजिक रूप से समावेशी और शैक्षणिक एवं तकनीकी रूप से अग्रणी, सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर तथा विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता रखता हो। यह सबको साथ लेकर सबके सपनों को साकार करने का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा युवा देश है। हमारी 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। हमारा यह डेमोग्राफिक डिविडेंट हमारी सबसे बड़ी ताकत है। परंतु यह लाभ तभी सार्थक होगा, जब हम अपने युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देंगे, उनका कौशल विकास करेंगे और उन्हें नवाचार एवं उद्यमशीलता से जोड़ेंगे।

# सैनी ने की खाप प्रतिनिधियों के साथ समस्याओं पर चर्चा

**मंथन**

**खापों के सहयोग से युवा नशे से हो सकता है मुक्त, खाप प्रतिनिधियों को चंडीगढ आने का दिया न्यौता**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खापों का हमारे समाज में विशेष प्रभाव रहा है। युवा खापों से संस्कार सीखते रहे हैं, इसीलिए खाप युवाओं को नशे से मुक्ति में अहम योगदान दे सकती हैं। यह एक ऐसा गंभीर विषय है, जिसके पूरे समाज पर दुष्प्रभाव आ रहे हैं। नशे के खात्मे के लिए उनसे व सरकार से खापें जितना भी सहयोग चाहेंगी, वह दिया जाएगा। मुख्यमंत्री जींद में साइक्लोथॉन यात्रा को हरी झंडी दिखाने के बाद लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में हरियाणा के खाप प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि खाप प्रतिनिधि एक मुहिम चलाएं और युवाओं को नशे से दूर रखें और नशामुक्त हरियाणा बनाने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा एक जागरूकता का प्रयास है, लेकिन इसके पीछे एक बडा उद्देश्य नशे को खत्म करना है। मुख्यमंत्री ने कहा की हमें अपने युवा को नशे की बुरी लत से बचाना है इसमें अधिक से अधिक युवाओं को खेलों से जोड़ना है ताकि वे खेलों में अधिक से अधिक पदक ला कर हरियाणा का नाम देश और विदेश में रोशन करें। खाप प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें बुलाने व चर्चा तथा मान-सम्मान देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। साथ ही मुख्यमंत्री के सरल एवं हंसमुख स्वभाव की सराहना की। खाप प्रतिनिधियों ने कई विषयों पर एक-एक करके अपनी बात रखी।

## न्यूज फ्लैश

### अप्रेंटिसशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 मई तक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के आईटीआई पास उम्मीदवार अप्रेंटिसशिप के लिए15 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार के अधीन सभी विभागों, बोर्ड, कॉरपोरेशन एवं निगमों आदि के कार्यालयों में अप्रेंटिस एक्ट, 1961 के तहत ट्रेड अप्रेंटिस लगने के लिए आईटीआई पास इच्छुक उम्मीदवार15 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक युवा पोर्टल पर अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर रजिस्टर्ड कार्यालयों में अप्रेंटिस लगने हेतु वर्ष 2025 की द्वितीय अनुसूची के द्वितीय चरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि द्वितीय चरण के लिए निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा जिसका विस्तृत विवरण विभागीय वैबसाईट पर उपलब्ध है। आवेदन करने वाला आईटीआई पास उम्मीदवार हरियाणा राज्य का स्थाई निवासी हो या दसवीं कक्षा हरियाणा राज्य से पास की हो या उम्मीदवार चंडीगढ़ (यू०टी) का स्थाई निवासी हो और उसने हरियाणा या चंडीगढ़ में स्थित, किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से एन० सी० बी० टीए / एस०सी० बी०टी० के तहत आईटीआई कोर्स पास किया हो। प्रवक्ता ने आगे जानकारी दी कि प्रत्येक प्रतिष्ठान में अप्रेंटिसशिप हेतू उपलब्ध सीटों में से 20 प्रतिशत सीटों पर अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों को एवं 27 प्रतिशत सीटों पर पिछड़ी श्रेणी के उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन में स्वयं की ऐं' क.ऊ. अपना मोबाईल नं० व अपना आधार नंबर सही दर्ज करें। पोर्टल द्वारा सभी सूचनाएं उम्मीदवार की ई मेल/मोबाईल नं० पर ही भेजी जाएगी। किसी भी जानकारी के लिए निकटतम राजकीय आई टीआई संस्थान में संपर्क कर सकते हैं।

### हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने वसीयत सत्यापन में पाई गंभीर अनियमितताएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने करनाल स्थित एस्टेट ऑफिस में पंजीकृत वसीयतों के सत्यापन की प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं और पक्षपातपूर्ण आचरण को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने सहायक जिला अटॉर्नी अवतार सिंह सैनी की भूमिका को असंगत और जवाबदेही से परे पाया है। आयोग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अनियमितताओं के संबंध में जांच से यह स्पष्ट हुआ कि सत्यापन प्रक्रिया में एकरूपता का पालन नहीं किया गया, बल्कि चुनिंदा आवेदकों को लक्षित कर उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया गया। रिकॉर्ड की समीक्षा में यह भी पाया गया कि अधिकांश फाइलों में की गई टिप्पणियां लगभग एक जैसी थीं और यह कहना कठिन है कि वास्तव में सत्यापन की प्रक्रिया संपन्न हुई थी या नहीं। आयोग का मानना है कि यह मामला केवल किसी एक कर्मचारी की लापरवाही का नहीं, बल्कि एक संगठित और योजनाबद्ध उत्पीड़न को दर्शाता है, जिसमें सहायकों की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है। वे सहायक जिला अटॉर्नी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करें और आदेश प्राप्त होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर इस संबंध में की गई कार्रवाई की सूचना आयोग को दें। इसके अतिरिक्त, आयोग ने हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 की धारा 17(1)(एच) के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए अपीलकर्ता को लगातार परेशान किए जाने को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए शिकायतकर्ता सतीश कुमार अग्रवाल को 5 हजार रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह मुआवजा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण अपने फंड से प्रदान करेगा और बाद में यह राशि दोषी अधिकारियों से वसूल की जाएगी।

### प्रदेश सरकार अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कर रही सख्त कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार अवैध खनन के विरुद्ध कड़े कदम उठा रही है और खनन विभाग द्वारा लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। खनन विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग के निर्देशानुसार जिला करनाल में जिला प्रशासन द्वारा अप्रैल 2024 से अप्रैल 2025 तक जिले में अवैध खनन के मामले में 173 वाहनों को जब्त किया गया जिनमें से 27 वाहनों को सुपरदारी पर तथा 8 वाहनों को अपील पर छोड़ा गया। खनन विभाग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अप्रैल 2024 से लेकर अप्रैल 2025 में अब तक जब्त किए गए 173 वाहनों से जुर्माने के रूप में 57 लाख 98 हजार 77 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

# सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति का कर रही है उत्थान: सीएम नायब सैनी

**मार्गदर्शन**

**मुख्यमंत्री ने रविदास मंदिर एवं धर्मशाला में अंबेडकर भवन का किया उद्घाटन**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकार बाबा साहेब डा. बीआर अंबेडकर के मार्ग और आदर्शों को अपनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान कर रही है। डबल इंजन की सरकार ने गरीब लोगों को सशक्त बनाने, अति पिछड़े लोगों को खुशहाल बनाने, हर नागरिक को न्याय दिलवाने के लिए, योजनाओं को अमलीजामा पहनाया है। सरकार ने वर्ष 2025 को संविधान गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया ताकि बाबा साहेब के आदर्शों और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया जा सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को कुरुक्षेत्र में रविदास मंदिर एवं धर्मशाला की तरफ से आयोजित डा. बीआर अंबेडकर सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविदास मंदिर एवं धर्मशाला में अंबेडकर भवन का उद्घाटन किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के मंदिर में प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने संस्था को 21 लाख रुपए देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 को संविधान गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस साल में बाबा साहेब के आदर्शों और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया जाएगा।

## एक साथ 36 हजार खातों में 151 करोड़ रुपए भेजे गए: सीएम

सीएम ने कहा कि हर व्यक्ति को छत उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना को लागू किया है। इस योजना के तहत हरियाणा में एक साथ 36 हजार खातों में 151 करोड़ रुपए भेजे गए है, महिलाओं को मान सम्मान देने के लिए हर घर में शौचालय बनवाए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि होनहार युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची के 1 लाख सरकारी नौकरियां देने का काम किया। अभी हाल में ही 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर और हिसार में पहुंचे और प्रदेशवासियों को एयरपोर्ट और 800 मेगावाट थर्मल प्लांट की सौगात देने का काम किया। समारोह में पहुँचने पर संस्था के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपना पूरा जीवन गरीब, अति पिछड़े लोगों का उत्थान करने के लिए समर्पित कर दिया। देश के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए बाबा साहेब ने पूरा जीवन संघर्ष किया, समाज में जाति पाति, छुआछूत, असमानता को दूर करने के साथ-साथ हर व्यक्ति को न्याय दिलवाने का काम किया। इतना ही नहीं आजादी के आंदोलन में भी बाबा साहेब ने अपना योगदान दिया। उन्होंने अपने जीवन में आने वाली हर बड़ी बाधा को सहजता से दूर करने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ रहे है और हर वर्ग को खुशहाल बनाने की योजनाओं को लागू कर रहे है।

# शामलात देह की भूमि पर बनाए गए मकानों के कुछ मामलों में हुआ नियमों में बदलाव

**नियम**

**तो वह उस समय के कलेक्टर रेट की डेढ़ गुणा कीमत देकर उसका मालिक बन सकता है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने शामलात देह की भूमि पर बनाए गए मकानों के कुछ मामलों से संबंधित निपटान के लिए नियमों में बदलाव किया है।

अगर किसी ग्रामीण ने 31 मार्च, 2004 से पूर्व 500 वर्ग गज तक की भूमि पर मकान बनाया हुआ है तो वह उस समय के कलेक्टर रेट की डेढ़ गुणा कीमत देकर उसका मालिक बन सकता है बशर्ते वह भूमि किसी तालाब, रास्ता या अन्य किसी महत्वपूर्ण उपयोग के लिये आरक्षित न हो। इस संबंध में सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की गई है एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने "हरियाणा ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) अधिनियम, 1961" तथा इसके तहत बनाए गए नियमों में प्रावधान किया गया है कि यदि किसी गांव वासी द्वारा शामलात देह की भूमि पर 31 मार्च, 2004 से पूर्व 500 वर्ग गज तक भूमि पर मकान बना लिया गया है और वह व्यक्ति ऐसी शामलात भूमि जो किसी तालाब, रास्ता या अन्य किसी महत्वपूर्ण उपयोग के लिये आरक्षित नहीं है, को उस समय (वर्ष 2004) के कलेक्टर रेट के डेढ़ गुणा कीमत पर खरीदने के लिये ग्राम पंचायत को अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकता है।

## बेदी ने किया 12 परिवादों का समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी की अध्यक्षता में जिला यमुनानगर में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक हुई। बैठक में पहले से निर्धारित 16 परिवाद रखे गए, जिनमें से कैबिनेट मंत्री ने 12 परिवादों को मौके पर ही समाधान करके फाइल कर दिया तथा शेष 4 परिवादों को आगामी बैठक तक हल करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने 12 परिवादों का मौके पर ही निपटान करके फाइल करने के निर्देश दिए।

# मुख्य सचिव ने डीसी, एसपी को दिए सख्त निगरानी के निर्देश

**प्राथमिकता**

**आतंकी घटना के बाद प्रदेश में कानून व्यवस्था कायम रखना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रदेश में शांति, सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद प्रदेश में कानून व्यवस्था कायम रखना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए रस्तोगी ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परस्पर सौहार्द और सामाजिक एकता को भंग करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। बैठक के दौरान गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से कई निर्देश जारी किए। उन्होंने जिला प्रशासन से गश्त बढ़ाने, स्थानीय खुफिया जानकारी जुटाने के तंत्र को दुरुस्त करने और संभावित संवेदनशील क्षेत्रों पर निरंतर निगरानी बनाए रखने का आह्वान किया। डॉ. मिश्रा ने विशेष रूप से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की निगरानी पर बल देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि गलत सूचना फैलाने वाले या सांप्रदायिक माहौल को खराब करने का प्रयास करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की किसी भी कोशिश से सख्ती से निपटा जाएगा। डॉ. मिश्रा ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पढ़ रहे कश्मीरी छात्रों की पूर्ण सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित की जाए। जिला प्रशासन शैक्षणिक संस्थानों के निकट संपर्क में रहे ताकि छात्रों में सुरक्षा सम्बन्धी किसी भी चिंता को दूर किया जा सके। डॉ. सुमिता मिश्रा ने ये भी निर्देश दिए कि नियमित रूप से कानून और व्यवस्था का आकलन किया जाए और किसी भी स्थिति का मुकाबला करने के लिए आकस्मिक योजना तैयार रखी जाए। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बैठक के दौरान सभी जिला पुलिस प्रमुखों को संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने और उन पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

# सीएम ने साइक्लोथॉन 2.0 को जींद से दिखाई हरी झंडी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नशा मुक्त हरियाणा संकल्प के साथ चल रही राज्य स्तरीय साइक्लोथॉन 2.0 को जींद से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई को सभी पंचायतों, युवाओं, महिलाओं, शिक्षकों और समाज के सभी वर्गों को मिलकर सफल बनाना होगा। हमारा लक्ष्य नशा मुक्त, स्वस्थ और सशक्त हरियाणा बनाना है। यह साइकिल यात्रा नशे से लड़ने, जागरूकता लाने और एकता के साथ समाज से नशे के खात्मा करने के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि खाप पंचायतें हमारे सामाजिक ताने-बाने का प्राचीन काल से ही अभिन्न अंग रही हैं। हरियाणा में प्रदेश की गणधर्मी परम्परा, खाप और सर्वखाप पंचायतों के रूप में विद्यमान रही है। इतिहास साक्षी है कि हरियाणा की इस पंचायत परम्परा ने कई बार विदेशी शक्तियों से लोहा लिया। कई बड़े फैसले खापों ने लिए हैं। आज, हम नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं, तब खापों ने इस साइक्लोथॉन में भाग लेकर यह सिद्ध कर दिया है कि खाप पंचायतें न केवल परंपरा की संरक्षक हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत भी हैं। खापों ने पहले भी समाज को संदेश दिया है कि जो नशे को बढ़ावा देगा, उसका सामाजिक बहिष्कार होगा और जो नशा छोड़ेगा, उसका स्वागत होगा। इस साइक्लोथॉन को खापों ने समर्थन दिया है और इनके सहयोग से निश्चित तौर पर हरियाणा नशा मुक्त होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि गत 5 अप्रैल को हिसार से शुरू हुई साइकिल रैली विभिन्न जिलों से होती हुई जींद पहुंच चुकी है।

# 4 वाहन सीज कर 9 लाख 7 हजार रुपये का लगाया गया जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा सरकार** अवैध खनन के विरुद्ध कड़े कदम उठा रही है और खनन विभाग द्वारा लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग खुद खनन विभाग की गतिविधियों पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। खनन विभाग के एक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला यमुनानगर में जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा कुल 1994 वाहनों की चैकिंग के दौरान 4 वाहन सीज कर 9 लाख 7 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए अलग-अलग स्तर पर टीमों का गठन करते हुए मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है और समुचित प्रयास निरंतर जारी हैं। उन्होंने बताया कि एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 1278 वाहनों की चैकिंग की गई। इसी प्रकार एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 301 वाहनों की चैकिंग के दौरान 4 वाहन सीज कर 9 लाख 4 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 256 वाहनों की चैकिंग कर 4 वाहनों का चालान कर 3 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 159 वाहनों की चैकिंग की गई। उन्होंने बताया कि जिला के सभी एसडीएम, पुलिस विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा दिन-रात चैकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है।

# हिसार में रह रहे पाकिस्तानी परिवार को दिल्ली कैंप भेजा



**आदेश का पालन**

**परिवार पिछले 7 महीने से बालसमंद में रह रहा था। 3 लड़कियां, 8 बच्चे, 3 महिलाएं और एक बुजुर्ग शामिल हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा में हिसार के बालसमंद से एक पाकिस्तानी हिंदू परिवार को दिल्ली भेज दिया गया है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है। इस परिवार में कुल 15 सदस्य हैं। परिवार पिछले 7 महीने से बालसमंद में रह रहा था। परिवार में 3 लड़कियां, 8 बच्चे, 3 महिलाएं और एक बुजुर्ग शामिल हैं। ये सभी पाकिस्तान के सिंध हैदराबाद से आए थे। परिवार एक अक्टूबर 2024 को वीजा समाप्त होने के बाद भी यहीं रह रहा था। परिवार एक निजी अस्पताल की जमीन पर बने कमरे में रह रहा था। सभी सदस्य खेतों में दिहाड़ी मजदूरी करके अपना गुजारा कर रहे थे। परिवार ने खुद को हिंदू बताया था। परिवार का कहना है कि वे पाकिस्तान वापस नहीं जाना चाहते। उनका आरोप है कि पाकिस्तान में उन्हें बहुत प्रताड़ित किया जाता है। वे भारत में ही रहना चाहते हैं। हिसार पुलिस ने पूरे परिवार को बस में बिठाकर दिल्ली स्थित पाकिस्तानी कैंप में भेज दिया है। आगे की कार्रवाई दिल्ली से की जाएगी। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तानियों को दिया सार्क वीजा रद्द कर दिया है। इसके बाद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया है। राजस्थान के जैसलमेर में पाकिस्तान से आए कई परिवार कच्चे मकान बनाकर रह रहे थे। तत्कालीन आईएएस टीना डाबी की ओर से इन पाकिस्तान के विस्थापित परिवारों के लिए पुनर्वास प्रक्रिया शुरू हुई थी।इसी सिलसिले में दिल्ली निवासी हरिओम भी यहां पहुंचा था। इसी दौरान उसकी मुलाकात यहां रह रहे दयालदास से हुई। दयालदास, जो 2011 से भारत में रह रहा था। वह भी पाक वीजा पर भारत आया था। दयाल दास ने हरिओम को बताया कि पाकिस्तान के सिंध हैदराबाद में उसकी फैमिली है, जो भारत आना चाहती है। क्योंकि हिंदू होने के नाते पाकिस्तान में उनके बच्चों को स्कूल में कुरान पढ़ने के लिए मजबूर किया जाता है। बहन-बेटियों पर अत्याचार होता है, मारपीट की जाती है। इसके बाद हरिओम और दयालदास ने मिलकर सिंध हैदराबाद निवासी शोभो और उसके परिवार को भारत लाने के प्रयास शुरू किए। 45 दिन के टूरिस्ट वीजा पर 25 अगस्त 2024 में इस परिवार को भारत बुला लिया गया। कुछ दिन यह परिवार दिल्ली में रहा, जहां उनकी मदद हरिओम ने की।

# भारत बुद्धिमानों की भूमि है, हमारे यहॉ प्रतिभा की कोई कमी नही है: चिराग पासवान

- मंत्री ने कहा सुफलाम जैसे कार्यक्रम 2047 तक भारत को विकसीत बनाने के लिए जरूरी
- निफ्टम कुडंली में आयोजित दो दिवसीय सुफलाम कार्यक्रम का मंत्री पासवान ने किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। भारत सरकार में** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान मे शुक्रवार को कुंडली में स्थित निफ्टम में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के द्वारा आयोजित भारत के दो दिवसीय सुफलाम-2025 कार्यक्रम के दूसरे संस्करण की शुरूआत की। सुफलाम कार्यक्रम एक आकांक्षी नेताओं और सलाहकारों के लिए स्टार्ट-अप फोरम है। कार्यक्रम की शुरूआत निफ्टम निदेशक डॉ. हरिंदर सिंह ने मुख्य अतिथि के स्वागत भाषण से की। मंत्री चिराग पासवान ने कार्यक्रम की शुरूआत पहलगांव आतंकवादी हमले में मृत लोगों दो मिटट को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बताया कि



भारत बुद्धिमानों की भूमि है। हमारे यहॉ प्रतिभा की कोई कमी नही है। भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के द्वारा आयोजित सुफलाम जैसे कार्यक्रम नये भारत को तरक्की की ओर ले जाने मे अहम योगदान निभा रहे है। उन्होंने बताया कि सुफलाम जैसे कार्यक्रम भारत की नई सोच की देन है। कि कैसे हम अलग-अलग योजनाओं के समन्वय से हर व्यक्ति को 2047 तक भारत को विकसीत बनाने में हिस्सेदार बना सकते है। सभी क्षेत्रों के समन्वय के साथ भारत आने वाले समय में पूरी दुनिया की खाद्य टोकरी बनेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के बजट में वित मंत्री ने बिहार में

**उत्पदान**

- पहले दिन उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, निवेशकों और युवा उद्यमियों की जोरदार भागीदारी देखने को मिली

भारत का तीसरा निफ्टम खोलने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि निफ्टम आज के समय सोनीपत की एक पहचान के रूप में जाना जाता है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में सचिव डॉ. सुभ्रतो गुप्ता ने खाद्य अपव्यय कम करने की तत्काल आवश्यकता पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बढ़ती जनसंख्या और सीमित भूमि संसाधनों के बीच चुनौती केवल लोगों को भोजन उपलब्ध कराना नही है, बल्कि उसे टिकाउ और कुशल तरीके से करना है। मंत्रालय कई पहलों के माध्यम से उद्योग को सक्रिय रूप से समर्थन दे रहा है। जिनमें उत्पदान बढ़ाना, अपव्यय को कम करना, और मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण शामिल है। सुफलाम कार्यक्रम में आईआईटी दिल्ली में प्रो. हरपाल सिंह, प्रो. राकेश मोहन ने भी अतिथि के तौर पर हिस्सा लिया व अपने विचारों को सभी के सामने रखा।
पहले दिन उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, निवेशकों और युवा उद्यमियों की जोरदार भागीदारी देखने को मिली।

# हकेवि की प्रोफेसर सुनीता तंवर ने वैश्विक कार्यशाला में की प्रतिभागिता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में प्रबंधन अध्ययन विभाग की प्रोफेसर सुनीता तंवर ने सेंटर फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी ऑफ द नॉन-एलाइंड एंड अदर डवलपिंग कंट्रीज (एनएएम एस एंड टी सेंटर) द्वारा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार में महिलाओं की भूमिका पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में प्रतिभागिता की। प्रो. सुनीता तंवर की इस कार्यशाला में प्रतिभागिता एनएएम एसएंडटी साउथ साउथ कॉपरेशन द्वारा प्रायोजित की गई। टेरेट्री एजुकेशन रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी, रिपलब्लिक ऑफ मॉरिशस के सहयोग से फीनिक्स, मॉरिशस में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में ग्लोबल साउथ देशों के वैज्ञानिक, नीति-निमार्ता और शिक्षाविदों ने प्रतिभागिता की। हकेवि कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने प्रो. सुनीता तंवर को बधाई दी। कुलपति ने वैश्विक मंच पर भारत



का प्रतिनिधित्व करने के लिए उनकी सराहना की। प्रो. सुनीता तंवर ने इस अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में भारतीय महिलाओं के लिए संरचनात्मक रोडमैप विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्रों में महिलाओं के समक्ष आने वाली संरचनात्मक बाधाओं को रेखांकित किया तथा व्याख्यात्मक संरचनात्मक मॉडलिंग (आईएसएम) पद्धति के माध्यम से इन चुनौतियों के समाधान प्रस्तुत किया। प्रो. सुनीता तंवर ने बताया कि एनएएम एस एंड टी सेंटर एक अंतर-सरकारी संगठन है। इसमें 47 देश पंजीकृत है। यह संगठन विकासशील देशों के बीच विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1989 में स्थापित किया गया था। यह केंद्र दक्षता निर्माण, वैज्ञानिक ज्ञान साझा करने और सतत विकास को बढ़ावा देने हेतु कार्यरत है।

# लिंगानुपात दर में सुधार लाने के लिए मानसिकता में बदलाव लाना जरूरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। गांव आनावास में** लिंगानुपात दर में सुधार को लेकर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारी डॉ. विभास यादव व उच्च अधिकारियों के निर्देश अनुसार सरपंच राजेश कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य उक्त गांव में लिंगानुपात दर में सुधारना और लोगों को इस के प्रति जागरूक करना था। स्वास्थ्य विभाग से एलएचवी रीटा एवं बुचावास सब सेंटर इंचार्ज देविंद्रा कुमारी ने उपस्थित महिलाओं को लिंगानुपात दर में सुधार को लेकर गांव महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात दर में सुधार लाने के लिए लोगों की मानसिकता में बदलाव लाना बहुत जरूरी है तभी समाज में लड़कियों को लड़कों के समान अधिकार मिल पाएगा, जिसमें हमारा सब का योगदान होना जरूरी है। इस

**जागरूक किया**

- उपस्थित महिलाओं को लिंगानुपात दर में सुधार को लेकर गांव महिलाओं को जागरूक किया

दौरान जहां उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को शपथ दिलाई। वही गर्भवती महिलाओं को पहले तीन माह में ही अपना पंजीकरण करवाने के लिए भी कहा गया ताकि लिंगानुपात में सुधार के साथ-साथ जच्चा बच्चे को भी समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।
इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से विक्रम यादव, सोनिया, अनीता यादव, पवन कुमार, सुपरवाइजर कुसुमलता, मधु आंगनबाड़ी वर्कर, निशा, रजबन, शकुंतला देवी, भागवंती, सुमन देवी, बिमला देवी उपस्थित थी।

# साप्ताहिक विश्व पृथ्वी दिवस हाउस प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। श्रीकृष्णा स्कूल में** साप्ताहिक विश्व पृथ्वी दिवस हाउस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि सीईओ कर्मवीर राव व अध्यक्षता प्राचार्य रवि प्रकाश ने की। मिडल हेड सुरेंद्र कुमार ने बताया कि श्रीकृष्णा स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस हाउस प्रतियोगिता बीते 23 अप्रैल से आगामी 28 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है। 23 अप्रैल को ग्लोबल वार्मिंग व कचरे का पुनः उपयोग पर निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। ग्लोबिन वार्मिंग प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग



लिया। वहीं कचरे का पुनः उपयोग पर प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं 24 अप्रैल को जल स्तर, पृथ्वी का तापमान व ग्लोबल वार्मिंग पर डिबेट करवाई गई, जिसमें कक्षा नौवीं व दसवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं 25 अप्रैल को पृथ्वी पर क्विज करवाई गई जिसमें कक्षा सातवीं व आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं 28 अप्रैल को पृथ्वी, ऊर्जा बचाएं व जल चक्र पर मॉडल तैयार किए जाएंगे, जिसमें कक्षा नौवीं से 11वीं तक के विद्यार्थी भाग लेंगे। वहीं मिडिल कक्षाओं के विद्यार्थियों

**प्रतिभाग**

- ग्लोबल वार्मिंग पर डिबेट करवाई गई, जिसमें कक्षा नौवीं व दसवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया

द्वारा जल संरक्षण, जल चक्र, पृथ्वी संरचना पर भी मॉडल तैयार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर क्विज प्रतियोगिता में स्कूल के सभी हाउस के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें स्वामी विवेकानंद हाउस प्रथम, शहीद भगत सिंह हाउस ने दूसरा व कल्पना चावला हाउस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# कंप्यूटर ऑपरेटर को पीछे से गाड़ी ने मारी टक्कर, मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ के हर्बल पार्क** के पास सड़क दुर्घटना में एचकेआरएन तहत लगे सरकारी स्कूल डुलाना में लगे कंप्यूटर ऑपरेटर की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा सब परिजनों को सौंप दिया है। इसके अलावा पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान पर अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। गांव देवास निवासी विजय कुमार ने सिटी पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह तीन भाई है। वह सबसे बड़ा है उसका छोटा भाई रवि दत्त दुलारा सरकारी स्कूल में हकर्म के तहत कंप्यूटर ऑपरेटर लगा हुआ था। 24 अप्रैल को माजरा चुंगी की तरफ किसी काम से उसका भाई गया हुआ था। रवि दत्त जब कनीना रोड पर हर्बल पार्क की तरफ से माजरा की चुंगी की तरफ अपनी साइड में पैदल-पैदल आ रहा था, जब रवि दत्त सोनू मार्बल हाउस के पास पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार लापरवाही चलता हुआ आया और साइड में चले मेरे भाई रवि दत्त को पीछे से टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने उसके भाई रवि दत्त को सरकारी अस्पताल महेंद्रगढ़ लाया गया।

# गन्नौर ब्लॉक के चार गांवों में लगे प्रेरक कैंप, बेटियों को बचाने और पढ़ाने का लिया संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। गन्नौर खंड** के चार गांव जफरपुर हिंदू व मुस्लिम, बलिन्दा गढ़ी, लड़सौली और मोई माजरी में शुक्रवार को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत प्रेरक कैंपों का आयोजन किया गया। इन गांवों में लिंगानुपात 700 से भी कम होने के चलते जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल की गई। कैंपों में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. टीना आनंद, सीडीपीओ गन्नौर और संबंधित




गांवों के सरपंचों ने मौजूद जनसमूह को घटते लिंगानुपात के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. टीना आनंद ने उपस्थित एमपीएचडब्ल्यू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर को लिंगानुपात सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# एनईपी उन्मुखीकरण एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम का हुआ समापन

**मार्गदशन**

- देश के 08 राज्यों के उच्च शिक्षण संस्थानों के 54 शिक्षकों ने प्रतिभागिता की

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) उन्मुखीकरण एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। 15 अप्रैल से शुरू हुए इस कार्यक्रम में देश के 08 राज्यों के उच्च शिक्षण संस्थानों के 54 शिक्षकों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का समापन सत्र में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. विशाल सूद विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे।
विश्वविद्यालय में मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार व



उपनिदेशक प्रो. तनु गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के मार्गदशन में आयोजित इस आठ दिवसीय कार्यक्रम में 16 तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया।
आयोजन में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार; समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा; जय प्रकाश विश्वविद्यालय, सारण के पूर्व कुलपति प्रो. हरिकेश सिंह; एनसीईआरटी के प्रो. सतीश कुमार; पूर्व शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. सरोज बाला; कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रो. राजेंद्र सिंह व प्रो. मुकेंद्र एस. कादयान; हकेवि के प्रो. संजीव कुमार, प्रो. सुरेंद्र सिंह व प्रो. दिनेश चहल; श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय के प्रो. सुप्रण कुमार शर्मा; हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. विशाल सूद; एनआईईपीए, नई दिल्ली के डॉ. अमित गौतम तथा श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी, पलवल के प्रो. ऋषिपाल विशेषज्ञ के रूप में आयोजन में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के विभिन्न तकनीकी सत्रों में विषय विशेषज्ञों ने शोध एवं विकास, उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका, उच्च शिक्षा और समाज, शोध में अकादमिक ईमानदारी (प्लेजरिज्म), अकादमिक नेतृत्व एवं प्रशासन, डिजिटलाइजेशन, छात्र विविधता एवं समावेशी शिक्षा, कौशल विकास तथा समग्र एवं बहु-विषयी शिक्षा जैसे विषयों पर व्याख्यान दिए। समापन सत्र के दौरान कार्यक्रम संयोजक व फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग की डॉ. मनीषा पांडेय एवं डॉ. तरुण कुमार ने कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में प्रो. प्रमोद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# उपस्वास्थ्य केंद्र बुचौली में मनाया विश्व मलेरिया दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। उपस्वास्थ्य केंद्र** बुचौली में विश्व मलेरिया दिवस मनाने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान, रेणु एएनएम और सोनू एएनएम ने संयुक्त रूप से की। इस कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मालडा बास के दंत चिकित्सक डॉ. अमीष गोदारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।
स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान ने बताया कि आज दुनियाभर में विश्व मलेरिया दिवस मनाया जा रहा है। मलेरिया दिवस हर साल 25 अप्रैल को मनाया जाता हैं।



इसका मेन उद्देश्य मलेरिया के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। हर साल की तरह इस साल भी मलेरिया-डे को मनाने के लिए एक खास थीम विश्व मलेरिया दिवस-2025 का विषय हैं। हम सबको मिलकर मलेरिया खत्म करना है। डॉ. अमीष गोदारा एवं स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान ने बताया कि मलेरिया मादा एनोफेलीज मच्छर के काटने से होता है। आमतौर पर बरसात के मौसम या वातावरण में नमी होने पर मलेरिया के मच्छर पनपने लगते हैं और ये मच्छर काटने पर बीमारी फैलाते हैं। बुखार, सिर

**जागरूक**

- केंद्र में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान, रेणु एएनएम और सोनू एएनएम ने संयुक्त रूप से की

दर्द, उल्टी आना, ठंड लगना, थकान होना, चक्कर आना और पेट में दर्द होना मलेरिया के कुछ सामान्य लक्षण हैं। आमतौर पर मलेरिया दो सप्ताह में ठीक हो जाता है, लेकिन बीमारी को नजरअंदाज करना रोगी के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। मलेरिया होने पर मरीज को अपने खानपान का पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है। हर साल भारत में मलेरिया के मामले हजारों की संख्या में सामने आते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन डबल्यूएचओ के मुताबिक मलेरिया की बीमारी ज्यादातर मामलों में संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छरों के काटने से लोगों में होती है। संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छरों के काटने के कारण इंसान के खून में प्लॅस्मोडियम वीवेक्स वायरस संचारित होता है, ये वायरस ही मलेरिया रोग का कारण बनता हैं। अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाए तो ये वायरस लिवर तक पहुंचकर स्थिति को गंभीर बना देता हैं, जिससे मरीज की मृत्यु भी हो सकती है।

# आईबी कॉलेज में स्नातक अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**
आई.बी.स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य तथा प्रबंधन विभाग द्वारा बीकॉम तथा बी.बी.ए. फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन तथा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक ने कहा कि शिक्षक भले ही छात्रों को शिक्षित करते हैं लेकिन उन्हें अपने छात्रों से भी बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलता है ।उन्होंने कहा कि छात्र और शिक्षक एक दूसरे के पूरक होते हैं। जहाँ एक तरफ वो उन्हें



किताबी शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और संस्कार का पाठ पढ़ाकर उन्हें समय का पाबंद और एक जिम्मेदार व्यक्ति बनाते हैं तो वही दूसरी तरफ छात्र अपनी शिक्षा, संस्कार और समझदारी का परिचय देते हुए सफलता प्राप्त करते हैं व अपने शिक्षकों का मान बढ़ाते है तथा अब इन विद्यार्थियों को आगे भविष्य में आने वाली चुनौतियो का सामना करते हुए बुलंदियों को छूना है ।उन्होंने यह भी कहा कि संघर्ष करने से हमें घबराना नहीं चाहिए क्योंकि संघर्ष तो हमारे जीवन का एक अनिवार्य अंग है।

# पहलगाम हमले के विरोध में बंद रहे बाजार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। पहलगाम** में आतंकी हमले में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल व अन्य जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए करनाल व घरौंडा में बाजार बंद का आह्वान किया गया। दोपहर एक बजे तक करनाल में बाजार पूरी तरह बंद रहा। इस दौरान दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें बंद रखकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। घरौंडा में भी बंद का असर दोपहर 12 बजे तक देखने को मिला, हालांकि कुछ दुकानदारों ने आंशिक रूप से अपनी दुकानें खोली और कारोबार जारी रखा। करनाल के अधिकतर इलाकों में व्यापारिक प्रतिष्ठान सुबह से ही बंद दिखे।

# तीसरी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
गीता यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट व स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के संयुक्त तत्वाधान में कंप्यूटेशनल साइंस एंड मैनेजमेंट विषय पर दो दिवसीय तीसरी अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जीयू के कुलपति एवं आयोजन समिति के चेयरमैन डा विकास सिंह व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर देश-विदेश से आए हुए शोधार्थियों, तकनीकी विशेषज्ञों व छात्रों न शोध पत्र प्रस्तुत किए । कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डा अजय शर्मा ने अध्यक्षीय भाषण से किया।



आयोजित अंतरष्ट्रीय कांफ्रेस में पहुंचे प्रो डॉ नसीब सिंह गिल ने मशीन लर्निंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे तकनीकी का हमारे जीवन में बढ़ते प्रभाव पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा की एआई उद्योगिक व सामाजिक विकास में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। इससे भविष्य में अनेक चुनितियों का भी सामना करना पड़ेगा। इस लिए तकनीकी रूप मजबूत होने की जरूरत है। प्रो डॉ सुजाता शाही ने युवाओं को विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए तकनीकी रूप से मजबूत व जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा की विकसित भारत के सपने को साकार करने में उच्च शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवाओं को देश के लिए आगे आना होगा तभी भारत विश्व भर

**सरंक्षण**

- जब तक पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में उचित कदम नहीं उठाएंगे तब आगे बढ़ना मुश्किल होगा

में मजबूत स्थिति में खड़ा हो सकेगा। प्रो नीरजा पांडे ने जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक समरसता के बीच संतुलन बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा जब तक पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में उचित कदम नहीं उठाएंगे तब आगे बढ़ना मुश्किल होगा। भागदौड़ भरी जिंदगी में प्रकृति व खुद के बिच संतुलन बनाना जरूरी है।

## संपादकीय

# भयानक परिणाम भुगतेगा पाकिस्तान

**पहलगाम** में पाक समर्थित आतंक वादियों ने भारतीयों की विनम्रता और सज्जनता को कमजोरी समझ 28 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी पर उन्हें इस बात का कतई भान नही है कि अब भारत इतना ताकतवर और सशक्त है कि आंतंकवादियों और उनके आकाओं को आकाश से पाताल तक खोज कर पूरी तरह नष्ट करने की क्षमता रखता है इसके अलावा उसे अमेरिका,रूस,इजरायल, फ्रांस, कनाडा, ब्रिटेन, सऊदी अरब तथा खाड़ी के अधिकांश देशों के साथ पूरी दुनिया का आतंकवाद के खिलाफ खुला समर्थन प्राप्त है को सिर्फ चीन तुर्क का भी पूरा समर्थन प्राप्त नही है, आज भारत आर्थिक रूप से पाकिस्तान से कई गुना शक्तिशाली होकर विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ तीसरी बड़ी सामरिक ताकत भी है। ताजा जानकारियों के अनुसार पहलगाम हत्याकांड में शामिल आतंकवादी लश्कर का कश्मीर का लोकल लीडर आसिफ शेख और उसके साथी का घर सेना द्वारा बम से उड़ा दिया गया है भारत देश की सेना अब आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने पर तत्पर है आगे भारतीय सेना आतंकियों के खिलाफ एक निर्णायक लड़ाई लड़ने जा रही है जिसमें आतंकवादी और उनकी आतंकवादी सोच के लिए उनके पीछे खड़े तथाकथित ताकतवर आकाओं को के ठिकानों को समूल नष्ट कर दिया जाएगा। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान आई एसआई समर्थित लश्कर ए तैयबा, जैस ए मोहम्मद और दी रेसिस्टेंट फ्रंट जैसे आतंकवादी संगठन को पाकिस्तान में घुसकर तहस-नहस कर दिया जाएगा। पाकिस्तान और उसके समर्थित आतंकवादी संगठनों ने भारत की विनम्रता को कमजोरी समझने की जो भूल की है इसका खामियाजा न सिर्फ आतंकवादी संगठनों को भुगतना पड़ेगा बल्कि पाकिस्तान भी भारत और भारतीय सेवा का निशान बनेगा। कूटनीतिक तौर पर भी भारत में चार बड़े फैसले करके पाकिस्तान को अधमरा कर दिया है जिसमें सबसे महत्वपूर्ण 1964 में हुये सिंधु जल समझौते के करार को रद्द कर दिया गया है सिंधु नदी का 80% जल का उपयोग पाकिस्तान अपने लिए करता है अब पाकिस्तान एक-एक बूंद पानी के लिए तरसेगा और उसका उत्पादन एवं आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी इसके अलावा पाकिस्तान दूतावास को भी भारत में बंद कर दिया गया है साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के आदेश दे दिए गए हैं एवं भविष्य में पाकिस्तानियों के लिए भारत का वीजा अमान्य कर दिया गया है। भारत और पाकिस्तान की सीमा में बाघा बॉर्डर के रास्ते को भी बंद कर दिया गया जिससे पाकिस्तान को भारी आर्थिक नुकसान होने की संभावना है और पाकिस्तान का आर्थिक ढांचा पूरी तरह से चरमरा जाएगा। भारत के इस कड़े फैसले से पाकिस्तान का मनोबल वैसे ही आधा टूट चुका है अब यदि भारतीय सेना पाकिस्तान पर सामरिक हमला करती है तो पाकिस्तान दर-दर का भिखारी होकर पूरी तरह टूटने की कगार पर आकर खड़ा हो जाएगा। वैसे भी भारत को इस तरह के कदम पहले ही उठा लेने चाहिए थे क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। भारत की संस्कृति एतिहासिक काल से विनम्रता,सदाशयता और सज्जनता की रही है।

# वेव्सः मीडिया एवं मनोरंजन स्टार्टअप को गति देगा



**किरण मजूमदार-शॉ**

> "इस क्षमता को पोषित करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता वेव्स जैसी पहलों के लिए इसके समर्थन में स्पष्ट है, जिसे मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में एक गतिशील, अभिनव और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। आज, वेव्स के माध्यम से, हम न केवल स्टार्टअप में निवेश कर रहे हैं, बल्कि हम कहानी कहने, आत्म-अभिव्यक्ति और रचनात्मक अर्थव्यवस्था में भी निवेश कर रहे हैं जो भविष्य को परिभाषित करेगी। चाहे बायोटेक लैब हो या डिजिटल स्टूडियो, रचनात्मकता वह भाव है जो भविष्य में उद्योगों और पहचानों को एक नया आकार देगी। वेव्स 2025 भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग का उत्सव मात्र नहीं है; यह अगली पीढ़ी के रचनाकारों और उद्यमियों के लिए एक लॉन्चपैड भी है जो मनोरंजन, शिक्षा और संस्कृति के उपयोग के तरीके को परिवर्तित करने के लिए तैयार हैं।"

'वैश्विक व्यापार शुल्क और शेयर बाजार की अस्थिरता के समक्ष भारत एक उदार अर्थव्यवस्था के रूप में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। अपनी जनसांख्यिकीय और तकनीकी क्षमताओं का लाभ उठाते हुए, भारत चुनौतियों को अवसरों में परिवर्तित करते हुए स्वयं को वैश्विक 'रचनात्मक शक्ति' के रूप में स्थापित कर सकता है। एक समृद्ध कहानी कहने की परंपरा के साथ, भारत का मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र 'भारत में निर्माण करें, दुनिया के लिए निर्माण करें' दृष्टिकोण के माध्यम से दुनिया भर के रचनाकारों को जोड़ने का लक्ष्य रखता है।

भारत फिल्म, संगीत, कला और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में युवा रचनाकारों की बढ़ती आबादी वाला राष्ट्र है। विशेष रूप से, नमित मल्होत्रा के डीएनईजी ने दृश्य प्रभाव और एनीमेशन स्टूडियो के माध्यम से ड्यून 2 की ऑस्कर अर्जित सफलता में अभूतपूर्व वीएफएक्स का प्रदर्शन किया। यह भारत की 7वीं ऑस्कर सफलता थी जिसने वैश्विक मनोरंजन उद्योग में भारत के बढ़ते प्रभाव को उजागर किया। पारंपरिक फिल्म निर्माण से डिजिटल निर्माण तक की विकास यात्रा विश्व स्तरीय कंटेन्ट बनाने में देश की क्षमता को दर्शाती है। भारत सरकार के विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 के अंग, वेव्स एक्सेलरेटर (वेवएक्स) का उद्देश्य युवा रचनाकारों को उद्योग जगत प्रमुखों से जोड़ना और स्टार्टअप विकास को बढ़ावा देना है। मई 2025 में मुंबई में होने वाला वेव्स, संरक्षण, वित्त पोषण और वैश्विक अवसर प्रदान करते हुए भारत के मीडिया और मनोरंजन स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत है। इस क्षेत्र में वर्ष 2023 के 2,422 बिलियन रूपए से 2027 तक 3,067 बिलियन रूपए तक की वृद्धि होने का अनुमान है, जिसमें गेमिंग, एआई और मेटावर्स जैसे अभिनव क्षेत्र शामिल हैं।

पहचान स्थापित करने की चुनौतियों के बावजूद, वेव्स- ब्रह्मन गेम स्टूडियो, कीबाउंड और वायॉन क्लाउड जैसे स्टार्टअप के लिए वैश्विक निवेशकों के समक्ष अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस पहल में लैपविंग स्टूडियो और वाइगर मीडिया जैसे महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप भी शामिल हैं, जो मीडिया और मनोरंजन




इकोसिस्टम के भीतर समावेशिता को बढ़ावा देते हैं।

वेव्स एक ऐसा गतिशील और प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो अंतरराष्ट्रीय सफलता के लिए लॉन्चपैड के रूप में कार्य करेगा। वेवएक्स सीधे पूंजी, सलाह और वैश्विक प्रदर्शन में आने वाली बाधाओं का समाधान उपलब्ध कराते हुए न केवल वित्तीय सहायता प्रदान करेगा बल्कि विकास के लिए एक सुव्यवस्थित इकोसिस्टम भी प्रदान करेगा। मात्र 10,000 रुपये और एक विजन के साथ शुरू किए गए बायोकॉन के बाद, मैं ऐसे प्रेरणादायी प्लेटफार्मों के महत्व को समझती हूं।

**रचनात्मक केन्द्र**

म्यूज़ियम ऑफ आर्ट एंड फोटोग्राफी (एमएपी) और साइंस गैलरी बेंगलुरु जैसी पहलों के माध्यम से कला के समर्थक के तौर पर, मेरा मानना है कि किसी देश की संस्कृति उसकी कला और विज्ञान दोनों में निहित होती है। कला और विज्ञान दोनों ही रचनात्मकता में निहित हैं; वैज्ञानिक भी प्रयोगशालाओं में उसी तरह प्रयोग करते हैं जैसे कलाकार कैनवास पर करते हैं।

अपने जनसांख्यिकीय लाभ, तकनीकी क्षमताओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के शानदार सामंजस्य के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा भारत रचनात्मकता का एक समृद्ध केंद्र है। भारत में यह समायोजन सिर्फ. दार्शनिक नहीं है अपितु व्यावहारिक भी है, उद्योगों को आकार दे रहा है और मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दे रहा है। सदियों से चली आ रही कहानी कहने की परंपरा के साथ, भारत एक वैश्विक रचनात्मक शक्ति के रूप में उभरने के मामले में बेहद शानदार स्थिति में है। शास्त्रीय नृत्य से लेकर सिनेमा तक और कॉमिक्स से लेकर इमर्सिव तकनीक तक, हम एक रोमांचक युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां रचनात्मकता अत्याधुनिक नवाचार के साथ जुड़ती है। ह्यभारत में निर्माण करें, दुनिया के लिए निर्माण करेंह्ल की अवधारणा इस महत्वाकांक्षा को पूरी तरह से दशार्ती है।

**रचनात्मक स्टार्टअप के लिए प्रेरणादायी**

वेव्स तकनीक और कहानी कहने की सुंदर समाभिरूपता का उदाहरण है। वेवएक्स एनिमेशन, एआई, एआर/वीआर, गेमिंग और मेटावर्स जैसे अभिनव क्षेत्रों में स्टार्टअप का समर्थन करके इसका लाभ उठाने के लिए तैयार है।

वेव्स बाजार के लिए 4500 से ज्यादा विक्रेता और 5,900 से ज्यादा खरीदार पंजीकृत हैं, इस पहल से भारतीय स्टार्टअप को वैश्विक कंपनियों से जोड़ने का वादा किया गया है, जिससे वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य में भारत के अग्रणी बनने की गति में तेजी आएगी। वेव्स पारंपरिक मीडिया से आगे जाते हुए नवाचार को भी बढ़ावा देता है। एरुकैनाविस टेक्नोलॉजीज जैसी कंपनियाँ एआई-संचालित विज्ञापनों में अग्रणी हैं, जबकि अमेज स्टूडियो और ऑफलाइन ह्यूमन स्टूडियो एनिमेशन और वीआर के माध्यम से कहानी कहने को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। इनस्केप एक्सआर और विजन इम्पैक्ट जैसे एड-टेक उद्यम इमर्सिव मीडिया के साथ इस क्षेत्र के शिक्षण कौशल को नया रूप दे रहे हैं। साथ में, ये स्टार्टअप भारत के रचनात्मक इकोस्स्टम की विशाल क्षमता और वैश्विक प्रासंगिकता को उजागर करते हैं।

भविष्य के लिए एक अवधारणा

भारत को लंबे समय से अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और रचनात्मकता की चिरस्थायी विरासत के तौर पर जाना जाता है।

यह रचनात्मक ऊर्जा हमारे युवाओं में सबसे जीवंत अभिव्यक्ति रखती है और यही आज के निमार्ता और कल के दूरदर्शी भी हैं। फिल्म, संगीत, एनीमेशन, गेमिंग और डिजिटल मीडिया में, युवा भारतीय निमार्ता सीमाओं को नया आकार दे रहे हैं और शैलियों को फिर से परिभाषित कर रहे हैं।

इस क्षमता को पोषित करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता वेव्स जैसी पहलों के लिए इसके समर्थन में स्पष्ट है, जिसे मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में एक गतिशील, अभिनव और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। आज, वेव्स के माध्यम से, हम न केवल स्टार्टअप में निवेश कर रहे हैं, बल्कि हम कहानी कहने, आत्म-अभिव्यक्ति और रचनात्मक अर्थव्यवस्था में भी निवेश कर रहे हैं जो भविष्य को परिभाषित करेगी। चाहे बायोटेक लैब हो या डिजिटल स्टूडियो, रचनात्मकता वह भाव है जो भविष्य में उद्योगों और पहचानों को एक नया आकार देगी। वेव्स 2025 भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग का उत्सव मात्र नहीं है; यह अगली पीढ़ी के रचनाकारों और उद्यमियों के लिए एक लॉन्चपैड भी है जो मनोरंजन, शिक्षा और संस्कृति के उपयोग के तरीके को परिवर्तित करने के लिए तैयार हैं। वेव्स के सलाहकार बोर्ड के सदस्य के रूप में, मुझे इस परिवर्तनकारी यात्रा का हिस्सा बनने पर गर्व है। इस पहल का प्रभाव स्टूडियो और बोर्डरूम से कहीं आगे तक जाएगा और यह हर कहानी, हर स्टार्टअप और हर उस नवाचार में गुंजन उत्पन्न करेगा जो परंपरा को चुनौती देता है।

वैश्विक रचनात्मक क्रांति का नेतृत्व करने के लिए भारत तैयार है। आइए हम ह्यभारत में निर्माण करें, दुनिया के लिए निर्माण करेंह्ल और दुनिया को अपनी कल्पना की असीम शक्ति दिखाएं।

## कविता

### मुस्कान का दान"

कभी किसी शाम की थकी हुई साँसों में,
तुम्हारा एक हल्का सा "कैसे हो?" उतरता है –
जैसे रेगिस्तान में कोई बूँद गिर जाए,
जैसे सूनी आँखों में उम्मीद फिर गहराए।

दान क्या है?
सिर्फ अन्न, जल, या स्वर्ण की गाथा नहीं,
कभी-कभी वक्त का दिया पल भी
किसी की टूटती दुनिया की परिभाषा बदल देता है।

तुम जब अनकहे दर्द को पढ़ लेते हो,
बिना माँगे सहारा बन जाते हो –
वो भी एक दान ही है,
जो किसी मंदिर की घंटी से कहीं ज्यादा गूंजता है।

कभी किसी को चुपचाप हौसला दे देना,
बिन शब्दों के उसकी आँखों को पढ़ लेना,
यह भी तो प्रेम की भिक्षा है –
जिसे देने वाला राजा हो जाता है,
चाहे वस्त्र फटे हों या जेबें खाली।

किसी को उसकी खोई मुस्कान लौटा देना,
किसी निराश आत्मा में जीवन की लौ जगा देना –
यह दान नहीं,
मानवता का सबसे पवित्र यज्ञ है।

तो जब भी कर सको,
किसी के मन में एक दीप जला देना,
कोई तुम्हारी वजह से मुस्कराए –
समझो तुमने सृष्टि को एक नया सूर्य दे दिया।

**प्रियंका सौरभ**

## भटके बादल ,कहाँ गरजे,कहाँ बरसेंगे ?

**राकेश अचल**

**हैरान** मत होइए,मेरे निशाने में आज भी कोई बदलाव नहीं है । मै आज भी अपने प्राणप्रिय प्रधानमंत्री जी की ही बात कर रहा हूँ । आपको पढ़ना हो तो पढ़िए और न पढ़ना हो तो मत पढ़िए। मुझे अपने भाग्यविधाता उन भटके हुए बादलों की तरह नजर आ रहे हैं जिन्हें अपने गरजने और बरसने के ठिकानों का पता नहीं है।

पहलगाम के नृशंस हादसे के बाद मोदी जी से उम्मीद थी कि वे रात 8 बजे दूरदर्शन पर दर्शन देंगे,या फिर पहलगाम में मौकाए वारदात पर नजर आएंगे,किन्तु ऐसा नहीं हुआ। वे आवारा बादलों की तरह उड़कर सीधे बिहार पहुँच गए। और बिहार के मधुबनी में मैथली में नहीं अंग्रेजी में बरसे और जमकर बरसे। ये कोई व्यंग्य की बात नहीं है। ये हकीकत है और पूरे देश और दुनिया ने माननीय मोदी जी को मधुबनी में गरजते हुए देखा है। उन्होंने मधुबनी में हिंदी में या मैथली में नहीं बल्कि अंग्रेजी में भाषण दिया । मंच चुनाव की सभा का था। सामने गैर अंग्रेजी समझने वाले लोग थे लेकिन मोदी जी अंग्रेजी में बरसे । उन्होंने आतंकवादियों को चेतावनी दी की ' वी टार्गेटिड,आइडेंटिफाइड एंड पनिश्ड।' मुझे लगा कि मोदी जी को पता है की पहलगाम में नृशंस हत्याकांड करने वाले आतंकवादी हिंदी या उर्दू या मैथिली नहीं जानते ,वे केवल अंग्रेजी जानते हैं इसलिए उन्हें अंग्रेजी में ही धमकाया जाए। मुमकिन है कि माननीय मोदी जी भूल गए हों कि वे मधुबनी की चुनावी सभा में नहीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में बोल रहे हैं और वहां अंग्रेजी में ही बोलने से दुनिया उनकी बात समझेगी।

मुमकिन है कि मोदी जी का प्रयोग कामयाब भी हो जाये । उनकी चेतावनी को आतंकवादी और पाकिस्तान दोनों समझ गए हों और भारत की और से संभावित जबाबी कार्रवाई से बचने में जुट गए हों।

पाकिस्तान को पता है कि मोदी जी खाली बादल नहीं हैं, वे गरजे हैं तो कहीं न कहीं बरसेंगे भी। मोदी जी को बरसना भी चाहिए अन्यथा जनता उन्हें और उनकी पार्टी को एकदम से खारिज कर देगी। मोदी जी के सामने हिन्दुओं के जख्मों पार मरहम लगाने के साथ ही पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी से भी बड़ी जंग छेड़ना होगी। बात अब जंग से कम पर हो ही नहीं सकती।

भारत सरकार द्वारा पहलगाम हत्याकांड के फौरन बाद उठाये गए कदमों से पाकिस्तान में बौखलाहट है ।

भारत ने सिंधु जल समझौता रद्द किया तो पाकिस्तान शिला समझौता रद्द करने की धमकी दे रहा है ,हालाँकि अभी उसने ऐसा किया नहीं है। हम तो कहते हैं कि पाकिस्तान कोजो करना है वो करे,लेकिन हमें जो भी करना है हम भी करें और निर्णायक ढंग से करें। हम पहलगाम हत्याकांड को बिहार चुनाव के लिए मुद्दा बनाने की गलतीं करें। लेकिन ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा ।

## विचार

# पहलगाम झ्र हिन्दुओं पर आतंक की कुदृष्टि

**मृत्युंजय दीक्षित**

**जब** ऐसा प्रतीत होने लगा कि कश्मीर आतंकवाद के साए से निकलकर विकास और शांति के पथ पर आगे बढ़ रहा है तब ही पाकिस्तान ने अपने आतंकी संगठनों और कश्मीर में अपने बचे खुचे स्लीपर सेल की सहायता से एक बार फिर आतंक का नंगा नाच किया। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में जो हुआ उसने देश की नब्बे के दशक की डरावनी स्मृतियां ताजी कर दीं। हथियारबंद आतंकवादियों ने बैसरन पहुंचे हिन्दू पर्यटकों अंधाधुंध फायरिंग कर मौत के घाट उतार दिया। हिन्दुओं से उनका धर्म पूछा, कलमा सुनाने को कहा, नीचे के कपड़े उतारकर मजहब जांचा और सिर में गोली मार दी। बिलखते हुए औरतों और बच्चों से कहा जाओ- मोदी को बताओ।

आतंकवादियों ने यह घृणित काम उस समय किया जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस भारत में थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के दौरे पर। आतंकवादियों ने हिंदुओं का नरसंहार करने के लिए मंगलवार का दिन चुना जिसे हिन्दू बहुत पवित्र मानते हैं। आतंकवादी बॉडी कैमरा पहने हुए थे, उन्होंने हत्याओं का वीडियो भी बनाया। पाकिस्तानी आतंकवादियों ने सोचा था कि ऐसा कुछ करके वो भारत को एक बार फिर अस्थिर कर देंगे लेकिन वो भूल गए कि अब भारत बहुत आगे बढ़ चुका है और ईंट का जवाब पत्थर से देगा। घटना की सूचना आते ही प्रधानमंत्री सऊदी अरब से, गृह मंत्री से बात करते हैं और गृहमंत्री अमित शाह तत्काल श्रीनगर पहंचकर सुरक्षा समीखा बैठकें करते हैं, घटन स्थल पर जाते हैं, पीड़ितों से मिलते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना दौरा बीच में ही छोड़कर वापस आ जाते हैं और एअरपोर्ट पर भी बैठक कर अद्यतन जानकारी लेते हैं । वित्तमंत्री अमेरिका से भारत निकल पड़ती हैं। उसी दिन कैबिनेट समिति की बैठक होती है और पाकिस्तान सम्बन्धी कूटनीतिक निर्णय लिए जाते हैं। पहलगाम हिंदू नर संहार के प्रत्येक पीड़ित का शव सैनिक सम्मान के साथ घर पहुंचाया जा रहा है। भारत सरकार ने पाकिस्तान को कूटनीतिक दृष्टि से कड़ा संदेश देते हुए 1960 का सिन्धु जल समझौता निलंबित कर दिया है, ज्ञातव्य है कि 1965 और 1971 के युद्ध में भी इसे निलंबित नहीं किया गया था। अटारी बार्डर बंद कर दिया गया है। सभी पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द करते हुए उनको 48 घंटे में भारत छोड़ने के लिए कहा गया है और भारत अपने नागरिकों को पाकिस्तान से वापस बुला रहा है। दूतावासों अधिकारियों की संख्या 55 से घटाकर 30 की जा रही है। यही नहीं भारतीय सेनाओं को हाई एलर्ट कर दिया गया है । कश्मीर घाटी में भी आपरेशन आलआउट में तीव्रता लाई जा रही है। भारत के सभी प्रमुख राजनयिकों के साथ बैठक करके उन्हें भारत के पक्ष से अवगत करा दिया है। रूस, अमेरिका, इजराइल, इटली जैसे सभी प्रमुख राष्ट्रों ने भारत की आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता ( जीरो टॉलरेंस) की नीति का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री ने 24 अप्रैल को बिहार के मधुबनी में अत्यंत सख्त शब्दों का प्रयोग करते हुए चेतावनी दी है, कि इस घटना में शामिल तथा इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों की पहचान करके उनको दंड देने के लिए भारत धरती के किसी भी कोने में जाएगा। इस बार इन षड्यंत्रकारियों को ऐसा दंड मिलेगा जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं करी होगी। अब उनकी बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री जी ने इस बात को अंग्रेजी में दोहराते हुए, सम्पूर्ण विश्व को भी ये सन्देश दिया कि. भारत अब रुकने वाला नहीं है। धारा 370 हटने के बाद से ही पाकिस्तान तथा उसके आतंकी नेटवर्क में बेचैनी थी और ये लोग बड़ी वारदात को अंजाम देने का लगातार प्रयास कर रहे थे अंततः उमर अब्दुल्ला सरकार की सरकार वापस आने के बाद उनको यह मौका मिल ही गया। आतंकवादी गुट कश्मीर में लगातार बढ़ रहे पर्यटन से परेशान थे क्योंकि गरीब कश्मीरी मुसलमानों जिनमें गुज्जर, बकरवाल जैसे शिया मुस्लमान शामिल हैं उनसे उनको समर्थन नहीं मिल पा रहा था।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# राजनीति की रंगमंचीय दुश्मनी और जनता की असली बेवकूफी

डॉ सत्यवान सौरभ

राजनीति का मंच कभी सीधा नहीं होता। सामने जो दिखता है, वह अक्सर पर्दे के पीछे छिपी सच्चाई का केवल एक दृश्य होता है। एक दृश्य, जिसमें मंच पर नेता जनता के लिए लड़ते, मरते, झगड़ते दिखाई देते हैं, और उसी दृश्य के अंत में वे परदे के पीछे गले मिलकर चाय की चुस्कियों में ठहाके लगाते हैं। कभी आप ने सोचा है? कि जो लोग टीवी डिबेट्स में एक-दूसरे को देशद्रोही और गद्दार कहते हैं, वे ब्रेक के बाद साथ कॉफी पीते हैं? या जो नेता एक-दूसरे की पार्टियों को जनता के दुश्मन बताते हैं, वे संसद सत्र खत्म होते ही एक-दूसरे के घर डिनर पर भी जाते हैं? तो फिर असली बेवकूफ कौन है? वो नेता जो दिखावे की लड़ाई लड़ता है, या हम, जो उस लड़ाई को दिल पर लेकर अपनों से बैर पाल लेते हैं?

**दुश्मनी का अभिनय, यारी की सच्चाई**

राजनीति में दुश्मनी एक कला है, और यारी एक जरूरत। टीवी पर तीखे तेवर और ट्विटर पर जहरीले तीरों के बाद भी एक सच्चाई बनी रहती है—इन सबका असली उद्देश्य जनता को भावनात्मक रूप से ठगना है। चुनावों में वोट मिलते हैं भावना से, न कि तर्क से। और जब जनता धर्म, जाति, मजहब, और देशभक्ति के नाम पर जोश में आती है, तभी नेताओं की गोटियाँ सेट होती हैं। किरण चौधरी और शशि थरूर हों या मोदी और ममता, केजरीवाल और राहुल—ये सब अपने-अपने हिस्से की जनता को भावनाओं में उलझाकर निजी ज़िन्दगियों में आराम से जीते हैं।

**जनताः नेता के लिए साधन, खुद के लिए शत्रु**

ॅहमें ये सोचकर शर्म नहीं आती कि एक नेता के लिए हम अपने पड़ोसी से झगड़ा कर लेते हैं। वोट डालने से पहले हम दोस्ती तोड़ लेते हैं, व्हाट्सएप पर एक-दूसरे को ब्लॉक कर देते हैं, परिवारों में फूट पड़ जाती है, शादियों में मनमुटाव हो जाते हैं। इस पागलपन की सीमा तब टूटती है जब आप यह देखते हैं कि जिन नेताओं को आप कट्टर दुश्मन मानते थे, वे एक-दूसरे के बेटे-बेटियों की शादी में साथ फोटो खिंचवा रहे होते हैं।

## कमरे की आखिरी मोमबत्ती

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

**ऊंचे** मकान के भीतर एक छोटा सा कमरा। चार दीवारें और एक धूलभरा फर्श। इस कमरे का एक मात्र जीवंत साथी - एक मोमबत्ती। रवींद्रन, एक बत्तीस वर्षीय नौजवान, उसी मोमबत्ती की लौ में अपनी जिंदगी के अंधेरे को थोड़ा सा उजाला देने की कोशिश करता था। उसकी आँखों में अजीब सी गहराई थी, मानो उनकी भाषा में केवल पीड़ा लिखी गई हो। मोहल्ले के लोग कहते थे, "अरे, रवींद्रन, तुझे नौकरी चाहिए या दुनिया बदलने का काम?" पर उसकी खामोशी का जवाब केवल मोमबत्ती देती थी, झिलमिलाते हुए। "जिंदगी में कितना अंधेरा है, रवींद्रन। लेकिन तुमने तो इस मोमबत्ती के साथ दोस्ती कर ली," सुदर्शन ने मजाक उड़ाया था। रवींद्रन ने मुस्कुरा कर कहा, "इस मोमबत्ती में तो मेरी पूरी जिंदगी कैद है। क्या तुमने भी अपनी जिंदगी को कभी मोमबत्ती में ढूंढ़ा है?" उसकी बातें रहस्यमयी थीं, पर सुदर्शन को उस दिन पहली बार रवींद्रन के अंदर जलते दर्द की लौ समझ आई। यह मोमबत्ती केवल मोम और धागा भर नहीं थी। यह तो एक इंसानी भावना का प्रतीक थी। हर बार जब रवींद्रन रात की खामोशी में उसे जलाता, वह मानो अपनी बातें उससे साझा करता। "तू भी खत्म हो जाएगी, जैसे मैं धीरे-धीरे खत्म हो रहा हूँ," रवींद्रन ने एक बार कहा था। उस रात, मोमबत्ती की लौ भी जैसे आँसू बहा रही थी। मोहल्ले में कुछ बच्चे उस कमरे के बाहर खेलते थे। वे हँसते थे, गाते थे। लेकिन जब वे रवींद्रन को देखते, उन्हें लगता कि उनकी हँसी की गूँज उस कमरे की दीवारों पर टकरा कर लौट आती है। एक बच्चा, आर्यन, रवींद्रन के कमरे के पास खड़ा होकर कहा करता था, "दादा, हमें भी अंदर बुला लो, हमें भी उस मोमबत्ती की रोशनी में कुछ देखना है।" पर रवींद्रन हमेशा उन्हें एक हल्की मुस्कान देकर मना कर देता। वह जानता था कि उसकी दुनिया में किसी और को लाना अपराध जैसा होगा। रवींद्रन ने अपनी जिंदगी का हर हफ्ता उस मोमबत्ती के साथ बिताया। लेकिन एक रात, वह अचानक गायब हो गई। पड़ोसियों ने देखा, मोमबत्ती का जलना बंद हो गया था। कुछ लोग यह मानते थे कि रवींद्रन को कोई बड़ी नौकरी मिल गई।

## न्यूज फ्लैश

### हरिद्वार में नम हुई पिता की आंखें

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। पहलगाम आतंकी** हमले में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की अस्थियों का विसर्जन शुक्रवार को हरिद्वार में गंगा नदी में किया गया। बेटे की अस्थियां गंगा में प्रवाहित करते वक्त पिता राजेश नरवाल खुद को रोक नहीं सके और फफक कर रो पड़े। तीन दिन से अपने सीने में जो दर्द दबाए बैठे थे, वह आखिरकार गंगा किनारे छलक ही गया। हरिद्वार के हर की पौड़ी पर जैसे ही विनय की अस्थियां प्रवाहित की गईं, पिता राजेश कुमार का गम बह निकला। पीछे से खड़े परिजनों ने उन्हें पकड़ा और संभाला। इस भावुक क्षण को देखकर वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। राजेश नरवाल अपने इकलौते बेटे विनय की अस्थियां लेकर हरिद्वार पहुंचे थे। गंगा तट पर पूरा परिवार मौन था, लेकिन पिता के आंसू सभी के दिलों को झकझोर गए। श्रद्धांजलि देने पहुंचे लोगों ने भी नम आंखों से विनय को अंतिम विदाई दी। लेफ्टिनेंट विनय नरवाल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए थे। वह करनाल जिले के निवासी थे। देश ने एक होनहार और वीर सपूत खोया है, जिसकी कमी हमेशा खलेगी।

### हकेवि में एटीएस-फ्रेंडली रिज्यूम बिल्डिंग पर कार्यशाला आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़ । हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में एटीएस-फ्रेंडली रिज्यूम बिल्डिंग पर व्यावहारिक कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। कुलपति ने विद्यार्थियों को पेशेवर दुनिया के लिए तैयार करने के लिए ऐसे करियर-केंद्रित कार्यक्रमों के महत्त्व पर जोर दिया। आयोजन में इंडस यूनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के निदेशक एवं डीन प्रो. राजीव माथुर विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में प्रो. राजीव माथुर ने एप्लिकेशन ट्रैकिंग सिस्टम (एटीएस) के लिए रिज्यूम बनाने पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो. माथुर ने रिज्यूम संरचना, कीवर्ड ऑप्टिमाइजेशन और रिज्यूम को उद्योग मानकों के साथ संरेखित करने के लिए प्रभावी तकनीकों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। आयोजन में लाइव फीडबैक और संवाद सत्र का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का समन्वयन प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. आकाश सक्सेना ने किया। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के उप निदेशक डॉ. दिव्या, डॉ. सूरज आर्य, डॉ. तरुण ने भी कार्यक्रम का संचालन किया तथा श्री जसवंत शर्मा और श्री रविंद्र ने इसका प्रबंधन किया। कार्यक्रम के सफल संचालन और प्रबंधन में छात्र समन्वयक सुश्री इरिका इशानी ने सक्रिय भागीदारी की।

### गन्नौर तहसील में भ्रष्टाचार पर सख्ती, तहसीलदार ने लगवाए नोटिस और रेट लिस्ट

**गन्नौर। तहसील में लगातार** सामने आ रहे भ्रष्टाचार के मामलों को देखते हुए तहसीलदार सुमनलता ने सख्त कदम उठाए हैं। तहसील परिसर में स्थित सरल केंद्र में उन्होंने रजिस्ट्री के निर्धारित रेट की लिस्ट और सख्त चेतावनी वाले नोटिस बोर्ड पर चिपकवाए हैं। इन नोटिसों में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि कोई भी व्यक्ति तहसीलदार के नाम पर पैसे न ले और न दे। तहसीलदार सुमनलता ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा रजिस्ट्री करवाने आए व्यक्तियों से उनके नाम पर पैसे मांगने की शिकायतें मिली थीं। इसके बाद उन्होंने यह कदम उठाया ताकि पारदर्शिता बनी रहे और आम जनता को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा पैसे मांगने की शिकायत मिलती है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और विजिलेंस विभाग को भी सूचित किया जाएगा। तहसीलदार का कहना है कि उनका उद्देश्य तहसील को भ्रष्टाचारमुक्त बनाना है और लोग सीधे उनसे मिलकर अपनी रजिस्ट्री करवा सकते हैं। उनका यह प्रयास जनता में विश्वास कायम करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# कृषि एवं स्वदेशी शोध संस्थान का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

### बेरोजगारी एवं गरीबी मुक्त भारत के लिए आर्थिक असमानता को दूर करना जरूरी : मनोहर लाल

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं स्वदेशी शोध संस्थान, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान केन्द्र में ह्वविजन 2047: समृद्ध और महान भारतह्व विषय पर तीन दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारम्भ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि भारत सरकार के केंद्रीय आवास एवं शहरी मामले तथा विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश को बेरोजगारी, गरीबी मुक्त करने के लिए आर्थिक असमानता को दूर करना होगा। इसके लिए नवाचार, उद्यमिता एवं आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना होगा जिससे विजन 2047 के समृद्ध एवं महान भारत



के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने पहलगांव की घटना की निंदा करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पिछले 10 वर्षो से भारत में तेज गति से विकास हो रहा है और 18 करोड़ लोगों को रोजगार पिछले वर्षों में दिया गया है। अगले दो वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी में भारत शामिल होकर आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा भारत में विद्युत ऊर्जा का 45 प्रतिशत हिस्सा अब सौर ऊर्जा से प्राप्त हो रहा है वहीं 2047 तक भारत में एटोमिक एनर्जी से 100 गीगावाट एनर्जी का उत्पादन किया जाएगा। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता में निहित विश्व बंधुत्व भावना को आत्मसात करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर सम्मेलन में उपस्थित सभी

अतिथियों द्वारा सम्मेलन की स्मारिका व डॉ. प्रदीप चौहान व डॉ. सर्वजीत कौर द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया। मुख्य वक्ता भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशक (अंशकालिक) स्वामीनाथन गुरुमूर्ति ने कहा शिक्षा और एन्टरप्रेन्योरशिप भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ व वसुधैव कुटुम्बकुम का अर्थ एक परिवार है। स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह-संगठक सतीश कुमार ने भारत के लिए जनसंख्या बोझ नहीं बल्कि प्रकृति का उपहार है। उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति का मार्ग प्रशस्त करने की आवश्यकता है ताकि वे विजन 2047 के विकसित भारत अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

### श्री सुदर्शन लाल जी महाराज की 26वीं पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य पर लगाया भंडारा

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** जैन सेवा संघ की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति गणपति कंबल मार्केट पचरंगा बाजार पानीपत में पूज्य गुरुदेव श्री सुदर्शन लाल जी महाराज की 26वीं पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य पर लगाया विशाल भंडारा जिसमें सर्वप्रथम गुरुदेव की आरती कर श्रद्धासुमन अर्पित कर लगाया विशाल भंडारा जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समाज सेवी विजय जैन ने कहा जैन धर्म पर गुरुदेव का बहुत बड़ा उपकार है जो हमें गांव से निकल कर शहर में कारोबार करने की सलाह दी और। हम कामयाब हुए समाज सेवी प्रवीण जैन ने कहा गुरुदेव ने पूरे भारत में श्वेताम्बर समाज को नई राह दिखाई आज पूरे उत्तर भारत में गुरुदेव का 26 वा स्मृति दिवस मना कर जगह जगह भंडारे लगाए जा रहे हैं। गुरुदेव हमेशा कहा करते थे पर दोष न देखो अपना दोष देखो और उसको सुधारो आप भव से पार हो जाओगे जो अपना दोष सुधार लेगे वो सदैव सुखी रहते है गुरुदेव संघ संचालक रहे



और आगे उनके बताए रास्ते पर जैन समाज चल रहा है और उनके शिष्य पूरे भारत में जैन धर्म को धर्म की शिक्षा दे रहे हैं। समाज सेवी राजेंद्र जैन ने कहा आज गुरुदेव की पुण्य स्मृति पर पचरंगा बाजार में विशाल भंडारा लगाया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महापौर कोमल सैनी, विजय जैन, समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन, कुलदीप जैन, मेहुल जैन, आनंद जैन, रामनिवास जैन, मनोज जैन, पदम जैन, बिजेंद्र जैन, मंगल जैन, पावन जैन, अशोक जैन, अनिल जैन, संजय जैन, अजित जैन, शोभित जैन, नरेश जैन, प्रेम जैन, पदम जैन, विकाश जैन, नवल जिंदल, अमित नारंग, काकू बंसल, विनय जैन, कुणाल जैन ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### इस्लाम, इंसानियत और भारतीय एकता पर हमला: अफसर रावल

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) पर्यावरण, वन एवं** जलवायु परिवर्तन संवर्द्धन परिषद के वाइस चेयरमैन अफसर रावल ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को इंसानियत, इस्लाम और भारतीय एकता पर सीधा हमला बताया है। उन्होंने कहा कि निर्दोष और असहाय मुसाफिरों की निर्मम हत्या केवल आतंकवाद नहीं, बल्कि भारत की साझी तहजीब और भाईचारे को तोड़ने की एक नाकाम कोशिश है। अफसर रावल ने कहा कि इस्लाम शांति, करुणा और इंसाफ का धर्म है–ऐसा दीन हिंसा की कोई इजाजत नहीं देता।

# राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आज

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय** द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान विद्यार्थियों द्वारा अर्जित उपलब्धियों को सम्मानित करने एवं महाविद्यालय की प्रगति को रेखांकित करने के उद्देश्य से वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन दिनांक 26 अप्रैल को महाविद्यालय परिसर स्थित ऑडिटोरियम भवन में किया जाएगा। समारोह के मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव होंगे। मुख्यातिथि विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करेंगे एवं उन्हें समाज में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित करेंगे। समारोह की



अध्यक्षता हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के चेयरमैन प्रो. डॉ. पवन कुमार शर्मा करेंगे, जो राज्य के शैक्षिक ढांचे के सुदृढ़ीकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जाने जाते हैं। महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा ने बताया कि यह समारोह महाविद्यालय की गौरवशाली परंपरा का अभिन्न अंग है, जिसके माध्यम से न केवल विद्यार्थियों की उपलब्धियों को मान्यता दी जाती है, बल्कि शिक्षण संस्थान की वर्षभर की गतिविधियों और प्रगति का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया जाता है। समारोह के दौरान विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब, महिला प्रकोष्ठ आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट का वाचन भी किया जाएगा, जिसमें वर्षभर आयोजित प्रमुख कार्यक्रम, अकादमिक उपलब्धियों, शोध, कार्यशालाओं, सामाजिक गतिविधियों तथा अन्य रचनात्मक पहलुओं का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा।

प्राचार्य प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा ने यह भी बताया कि इस समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं तथा इसे भव्य, अनुशासित एवं प्रेरणादायक स्वरूप में आयोजित करने के लिए समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी पूरी लगन से प्रयासरत हैं।

### ओवरस्पीड कैंटर ने बाइक को मारी टक्कर

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** नेशनल हाईवे-44 पर शुक्रवार सुबह बसताड़ा फ्लाईओवर के पास एक सडक हादसा हो गया। पानीपत से करनाल की ओर जा रही बाइक को पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कैंटर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि जबकि बाइक पर पीछे बैठी महिला बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। सुबह घटना की सूचना के बाद डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची थी और घायलों को एम्बुलेंस के जरिए घरौंडा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। युवक की हालत गंभीर होने के चलते डॉक्टरों ने उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया था, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार गांव देवीपुर निवासी युवक गुरमेज अपनी बाइक पर पत्नी रूपवती और बेटी वर्षा को लेकर पानीपत से करनाल की तरफ आ रहा था। जैसे ही वह बसताड़ा फ्लाईओवर पर चढ़ा लगा, पीछे से तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक बेकाबू हो गई और तीनों सडक पर गिर पड़े। हादसे को देख मौके पर आसपास के लोग तुरंत इकट्ठा हो गए और डायल-112 पर सूचना दी गई।

# निफ्टम कुंडली में आयोजित सुफलम 2025 में स्वर्णप्रस्थ के विद्यार्थी हुए शामिल

टीम एक्शन इंडिया
**राई। स्वर्णप्रस्थ पब्लिक** स्कूल के विद्यार्थियों ने नवीन ज्ञान, विज्ञान और अनुसंधान को लेकर निफ्टम कुंडली में आयोजित सुफलम 2025 नामक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने देश के बहुचर्चित उद्यमियों, राजनेताओं, निवेशकों और नीति निर्माताओं से मुलाकात एवं बातचीत की और खाद्य प्रसंस्करण में



अत्याधुनिक प्रगति के बारे में जाना। बतौर मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान के संबोधन से विद्यार्थी प्रेरित हुए, जिन्होंने भारत के खाद्य प्रसंस्करण परिदृश्य को आकार देने में नवाचार और उद्यमिता के महत्व पर जोर दिया।

पासवान ने कहा कि किसी भी कार्य को शुरू करने के लिए आपको महान होने की जरूरत नहीं है, लेकिन आपको महान बनने के लिए आपको शुरूआत करनी होगी।

### दतौली की युवती को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, अब भी कोमा में

टीम एक्शन इंडिया
**गन्नौर। गांव** दतौली की रहने वाली सोनिया ने थाना बड़ी में शिकायत देकर अज्ञात वाहन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में सोनिया ने बताया कि 10 अप्रैल को उनकी बेटी लक्ष्मी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। उन्हें यह सूचना उनके जेठ श्रवण ने दी थी, जिसके बाद वे पति राजीव के साथ मौके पर पहुंचीं। लक्ष्मी को गंभीर हालत में पहले खानपुर स्थित पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां छह घंटे इलाज के बाद उसे पीजीआईएमएस रोहतक रैफर कर दिया गया। वहां 17 अप्रैल तक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे डिस्चार्ज कर दिया, लेकिन वह अब भी कोमा में है। सोनिया का कहना है कि अब तक वे खुद अज्ञात वाहन का सुराग लगाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन अब उन्होंने थाने में शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# पहलगामः सेंट पॉल स्कूल में दिवंगत आत्माओं के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :आज सेंट पॉल** स्कूल में, स्कूल एवं टेंपल ऑफ क्राइस्ट फैलोशिप चर्च के डायरेक्टर विशप प्रियदर्शी पॉल भट्ट एवं सेंट पॉल स्कूल की प्राचार्य शीन भट्ट , समस्त शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों ने मिलकर पहलगाम के अमानवीय त्रासदी में प्रभावित, दिवंगत आत्माओं एवं शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक प्रार्थना और गहरी संवेदना व्यक्त की और 2 मिनट का शांति मौन रखा । विशप पॉल भट्ट जी ने कहा की हिंदुस्तान के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते



हम हिंसा और आतंक के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करते हैं , उन्होंने कहा की दुख के इस समय मे, हम घाटी को भी अपनी प्रार्थना में स्मरण में रखते हैं, उनके मन की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं, और विशेष प्रार्थना अपने माननीय प्रधानमंत्री और संबंधित सभी अधिकारियों के लिए करते हैं कि की एकता और सुरक्षा के हित मे सही फैसला लेने की अगुवाई करें।

### पुलिस बैरिकेड तोड़ ले भागा कैंटर

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। कुंजपुरा थाना** क्षेत्र के शेरगढ़ टापू बॉर्डर पर बीती रात एक कैंटर ने पुलिस बैरिकेड तोड़ दिया। कैंटर में 19 पशुओं के मुंह बांधकर ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। ड्राइवर ने पुलिस की तरफ कट मारकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने बाइकों से कैंटर का पीछा कर उसे पकड़ लिया। जब तिरपाल हटाया गया तो पशुओं को बेरहमी से रखा गया था। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और तीनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया विश्व मलेरिया दिवस

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** गांव जांजड़ियावास के आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के प्रबंधन में मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल टीम जांजड़ियावास से हंसराज, रामनिवास व अशोक का योगदान सराहनीय रहा। स्वास्थ्य कर्मी अनूप रिवासा ने कहा की मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है जो मादा अनाफलीज मच्छर के काटने से होती है। यह मच्छर गंदे पानी में पनपता है और आमतौर पर रात के समय काटता है। प्रारंभिक लक्षण में मरीज को सर्दी के साथ बुखार



होना, सिर दर्द, उल्टी होना व पसीने के साथ बुखार का उतरना आदि होते है। उन्होंने कहा की मलेरिया से बचाव के लिये हम अपने आसपास सफाई रखें, पूरी बाजू के कपड़े पहने, घर के दरवाजों पर जाली लगवाए और नालियों को साफ रखें ताकि मच्छर ना पनप पाए। डॉ. चंद्रपाल ने बताया की कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है, इसलिए बुखार होते ही रक्त पट्टीका बनवाएं, ताकि समय रहते बीमारी का पता चल सके और इलाज शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा की हर रविवार को ड्राई डे मनायें, जिसके अंतर्गत कूलर की सफाई करें, फूलदान, टायर व सकोरों आदि को सप्ताह में एक बार साफ अवश्य करें, ताकि इस जानलेवा बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सके। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रजनेश ने बच्चों को जागरूक करने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम का धन्यवाद किया और बच्चों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताई हुई बातों को अमल में लाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बबीना देवी, मंजू देवी, बबली, रेखा, हंसराज व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# सरकार आतंकवादियों-पाकिस्तान को सिखाएगी सबकः डॉ. रामदास

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र,:** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री डॉ. रामदास आठवले ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देगी। अब आतंकवादियों और पाकिस्तान को सबक सिखाने का काम करेगी। इस सरकार ने अहम फैसला लेते हुए जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद देश ने पाकिस्तान का पानी बंद कर दिया। इस समय पाकिस्तान के अंदरूनी हालात बहुत खराब है, वहां की सरकार को भारत के साथ अच्छा संबंध बनाकर देश के विकास के



लिए कार्य करना चाहिए था, लेकिन पाकिस्तान ऐसा ना करके लगातार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। अब पाकिस्तान को कड़ा जवाब देने का समय आ गया है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री डॉ. रामदास आठवले शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में आरपीआई द्वारा आयोजित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले केन्द्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर ने देश में भेदभाव को खत्म करने, जातिवाद को खत्म करने, पूरे देश को एकजुट करने और दलितों के हितों की लड़ाई लड़ी। इस देश को टूटने से बचने के लिए प्रयास किये। उन्होंने आरटीआई के पदाधिकारी से आह्वान किया कि वह डा. भीमराव अंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ाते हुए युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगों के लिए काम करें और गरीबों की मांगों को उठाए तथा स्वर्ण व दलित वर्ग को एक मंच पर जोड़े के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री विदेश दौरे को छोड़कर वापस लौट आए और गृहमंत्री अमित शाह ने कश्मीर का दौरा किया। इसके साथ ही सरकार ने अन्य दलों को अपने विश्वास में लेने के लिए बैठकें की हैं और उनसे सुझाव भी मांगे हैं। इन तमाम पहलुओं को जहन में रखकर पाकिस्तान को उसकी हरकत का जवाब दिया जाएगा। ऐसे समय पर देश की विपक्ष पार्टी को भी एकजुट होने का परिचय देना चाहिए। कश्मीर में चुनाव के दौरान आतंकवाद होने के बावजूद 60 प्रतिशत मतदान हुआ और वहां पर तिरंगा फहराया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर विकास के रास्ते खोले, जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद 3 करोड़ टूरिस्ट भ्रमण के लिए पहुंचे।

# पांची गुजरान में पहलगाम शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

टीम एक्शन इंडिया
**गन्नौर। गांव पांची गुजरान** में कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों की याद में एक श्रद्धांजलि सभा व मोमबत्ती मार्च का आयोजन किया गया। गांव के पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी जगदीप कक्कड़ के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। शाम के समय मोमबत्तियों की टिमटिमाती रोशनी में शोकमय माहौल के बीच लोगों ने मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि




दी। कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने शिरकत करते हुए शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और आतंकवाद की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि देश विरोधी सोच रखने वालों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। इस मौके पर गुरुद्वारा आशापुरण साहिब के प्रमुख बाबा सरबजीत सिंह ने शांति व भाईचारे का संदेश दिया।

## न्यूज फ्लैश

### गर्भवती महिलाओं के लिए लगाया विशेष योग शिविर

**सोनीपत:** आयुष विभाग हरियाणा और योग आयोग हरियाणा के अंतर्गत 11वें विश्व योग दिवस को सफल बनाने के लिए योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला सोनीपत आयुर्वेदिक अधिकारी डा. राम अवतार के मार्गदर्शन में डा. विनोद कुमार (जिला योग समन्वयक), संगीता (योग विशेषज्ञ) के निदेशानुसार गांव पुरखास के नागरिक स्वास्थ्य केंद्र पर 24 अप्रैल को गर्भवती महिलाओं के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया, इस दौरान 50 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। योग शिविर के दौरान योग शिक्षक जीत राम द्वारा गर्भावस्था से पूर्व और गर्भावस्था के बाद के विशेष सूक्ष्म व्यायाम, कलाई, कोहनी, कंधे, टखने, घुटने, जांघें, कमर, आसन, ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, भद्रासन, वज्रासन, शवासन, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, शीतली, सीत्कारी, भ्रामरी, प्रणव कराए गए। योग शिक्षक ने महिलाओं को बताया कि यौगिक क्रिया करने से माता और गर्भस्थ शिशु पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और प्रसव पीड़ा से भी मुक्ति मिलती है। क्योंकि योगाभ्यास करने से मांसपेशियों में ऊर्जा और लचक बढ़ती है। ध्यान का अभ्यास करने से शारीरिक स्थिति का अवलोकन करने से भय और संशय दूर होता है। गर्भावस्था के दौरान खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। जिससे कैल्शियम, लौह, विटामिन, प्रोटीन आदि पोषक तत्व विधमान होने चाहिए। योग शिविर के दौरान डा?. सन्नी के साथ योग शिक्षक दिनेश कुमार, जीत राम, धीरज कुमार, रेनु और रीना मौजूद रहे।

### नव नियुक्त पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बतौर डीसीपी वेस्ट जॉन में किया पद ग्रहण

**सोनीपत: पश्चिमी** जॉन सोनीपत के नवनियुक्त डीसीपी कुशल पाल सिंह एचपीएम ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालने के बाद उन्होंने अपने कार्यालय मिनी सचिवालय सोनीपत में जोन के अंतर्गत आने वाले सभी थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों और विभिन्न ब्रांचों के इंचार्जों के साथ बैठक की। डीसीपी कुशल सिंह ने कहा कि अपराध नियंत्रण को उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, संगठित अपराध पर अंकुश लगाना और आम जनता को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना पुलिस प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी है। उन्होंने थाना व चौकी स्तर पर लंबित मामलों की समीक्षा, गश्त व्यवस्था को मजबूत करने, महिलाओं की सुरक्षा और साइबर अपराधों पर सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए। डीसीपी ने कहा कि जनता से संवाद और विश्वास कायम करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए पुलिसकर्मियों को संवेदनशील और सहयोगी रवैया अपनाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों की सूची तैयार कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एसीपी क्राइम राजपाल, एसीपी शहर राहुल देव व पश्चिमी जोन के अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

### इक्को गाड़ी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: राई** थाना सोनीपत पुलिस ने इक्को गाड़ी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हरीश पुनहाना नूंह का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उत्तर प्रदेश हाल में बलवंत कॉलोनी राई निवासी राममूरत ने 9 अगस्त 2022 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने अपनी इक्को गाड़ी को घर के बाहर गली में खड़ा किया था। अगले दिन सुबह उठकर देखा तो गाड़ी नहीं मिली। अपने स्तर पर गाड़ी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# अंबेडकर के पद चिन्हों पर चलकर कार्य कर रही सरकार: सीएम सैनी

## हर नागरिक को न्याय दिलवाने के लिए योजनाओं को अमलीजामा पहनाया: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**उत्थान**

**बीआर अंबेडकर के मार्ग और आदर्शों को अपनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान कर रही**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकार संविधान निमार्ता भारत रत्न डा. बीआर अंबेडकर के मार्ग और आदर्शों को अपनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान कर रही है। इस डबल इंजन की सरकार ने गरीब लोगों को सशक्त बनाने, अति पिछड़े लोगों को खुशहाल बनाने, हर नागरिक को न्याय दिलवाने के लिए योजनाओं को अमलीजामा पहनाया है। इस सरकार ने वर्ष 2025 को संविधान गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया ताकि इस साल बाबा साहेब के आदर्शों और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया जा सके।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को कुरुक्षेत्र में रविदास मंदिर एवं धर्मशाला की तरफ से आयोजित डा. बीआर अंबेडकर सम्मान समारोह एवं संगोष्ठद्दी कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविदास मंदिर एवं धर्मशाला में अंबेडकर भवन का उदघाटन किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के मंदिर में प्रदेशवासियों की सुख स्मृद्धि के लिए पूजा अर्चना की। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संस्था को 21 लाख रुपए देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न डा. बीआर अंबेडकर के विशेष प्रयासों से बने संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर वर्ष 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदेशानुसार संविधान गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस साल में बाबा साहेब के आदर्शों और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपना पूरा जीवन गरीब, अति पिछड़े लोगों का उत्थान करने के लिए समर्पित कर दिया। इस देश के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए बाबा साहेब ने पूरा जीवन संघर्ष किया, समाज में जाति पाति, छूआछात, असमानता को दूर करने के साथ-साथ हर व्यक्ति को न्याय दिलवाने का काम किया। इतना ही नहीं आजादी के आंदोलन में भी बाबा साहेब ने अपना योगदान दिया। उन्होंने अपने जीवन में आने वाली हर बड़ी बाधा को सहजता से दूर करने का काम किया। इस महान व्यक्तित्व ने खुद दुख सहन करके गरीबों को सुख देने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ रहे है और समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने की योजनाओं को लागू कर रहे है। इस सरकार ने पिछले 10 सालों में आयुषमान, चिरायु कार्ड जैसी योजनाओं को लागू करके गरीबों को सम्मान देने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाते हुए हर व्यक्ति को छत उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना को लागू किया। इस योजना के तहत हरियाणा में एक साथ 36 हजार खातों में 151 करोड़ रुपए जमा करवाए, महिलाओं को मान सम्मान देने के लिए हर घर में शौचालय बनवाया, बाबा साहेब के जीवन को हमेशा याद रखने के लिए 5 स्थानों को तीर्थों के रूप में विकसित करने की योजना तैयार की है।

## सेंट जोसफ स्कूल में गर्मी का मस्ती भरा शुभारम्भ



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** सेंट जोसफ स्कूल के प्रांगण में छोटे-छोटे बच्चों के लिए पुल पार्टी और डांस पार्टी विद बनी रैबिट का मस्ती भरा आयोजन डिप्टी डायरेक्टर आशिमा किरण बैनर्जी द्वारा किया गया` जिसमें नर्सरी कक्षा के बच्चों ने जहाँ पुल पार्टी का आनंद उठाया तो वहीं एलकेजी और यूकेजी के नन्हे-नन्हे बच्चों ने अपनी शिक्षिकाओं सहित बनी रैबिट संग डांस पार्टी में उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता दिखाई` बच्चों ने पार्टी टिफिन, फ्रूटी इत्यादि अन्य छात्रों के साथ साँझा की` बच्चों की मस्ती भरी किलकारियों से विद्यालय का प्रांगण गुंजायमान था, जिससे विद्यालय का वातावरण खुशनुमा दिखाई दे रहा था` बच्चों की इस मुस्कान के लिए विद्यालय की प्रबंधक समिति और अभिभावकों का भरसक योगदान रहा` विद्यालय की ममतामयी डायरेक्टर किरण बैनर्जी ने इस अवसर पर कहा "बच्चा जब मुस्कुराता है तो ईश्वर मुस्कुराता है ।

**मस्ती**

**डांस पार्टी विद बनी रैबिट का मस्ती भरा आयोजन डिप्टी डायरेक्टर किरण बैनर्जी द्वारा किया गया**

## भाभी से दुष्कर्म करने के दोषी को दस साल कैद की सजा

**दोषी करार**

**12 हजार रुपये जुर्माना लगाया, जुर्माना अदा न करने पर दोषी को सात माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र में घर के अंदर घुसकर भाभी से दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. जसबीर सिंह की अदालत ने दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी पर 12 हजार रुपये जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना अदा न करने पर दोषी को सात माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। छपरा बिहार हाल में राई थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने 11 फरवरी, 2021 को पुलिस को बताया था कि वह 10 फरवरी, 2021 को घर पर अकेली थी। उनके बच्चे ट्यूशन पर गए थे। तब उनका देवर घर में घुस आया था। आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। साथ ही विरोध करने पर मारपीट की थी।

बाद में रात को भी आरोपित ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। उसे जान से मारने की धमकी दी थी। उसने मामले से परिजनों को अवगत कराया। जिसके बाद राई थाना में शिकायत दी गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। मामले की सुनवाई के बाद एएसजे डा. जसबीर सिंह ने आरोपित को दोषी करार दिया।

## श्री योग वेदांत सेवा समिति ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मांग पत्र**

**आश्रम को खाली करने के नोटिस के विरोध में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** संत श्री आसाराम जी बापू अहमदाबाद आश्रम को खाली करने के सरकारी नोटिस के विरोध में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए श्री योग वेदांत सेवा समिति के सदस्य डीसी कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने राष्ट्रपति के नाम डीसी को एक ज्ञापन भी सौपा समिति के प्रधान भूपेश ने बताया कि यह आश्रम हमारे सद्गुरुदेव पूज्य आसाराम जी बापू की तपोस्थली है कोई भौतिक स्थल नहीं है बल्कि यह आश्रम पिछले 50 वर्षों से भी अधिक समय से एक पवित्र तीर्थ स्थल के रूप में स्थापित है यह आश्रम जो एक मोक्ष कुटीर से शुरू होकर आज एक विशाल आध्यात्मिक केंद्र बन चुका है जो गुजरात ही नहीं बल्कि पूरे भारत में विश्व के असंख्य भक्तों के लिए पूजनीय है । इसके अतिरिक्त आश्रम में एक गुरुकुल भी संचालित हो रहा है जहां विद्यार्थी वैदिक ज्ञान, योग व ध्यान के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी प्राप्त करते हैं । यह आश्रम करोड़ों साधकों की आस्था, साधना, जप, तप व अनुसंधान का प्रमुख केंद्र है विगत कई दशकों से देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालु यहां आकर आध्यात्मिक साधना करते रहे हैं इस पवित्र स्थल की आध्यात्मिक ऊर्जा एवं वातावरण की कोई तुलना या भरपाई संभव नहीं है विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस आश्रम परिसर में हमारे गुरुदेव संत श्री आसाराम जी बापू की पूजनीय माताजी मां महंगीबा का पवित्र समाधि स्थल भी स्थित है यह समाधि स्थल श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत श्रद्धा व विश्वास का केंद्र है इस धार्मिक एवं भावनात्मक धरोहर की किसी भी प्रकार से क्षति या स्थानांतरण न केवल असखय श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना है बल्कि भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का भी उल्लंघन करता है।

## एनएच-334बी पर शराब ठेके से 1.25 लाख व मोबाइल लूटा

**मुकदमा दर्ज**

**पुलिस ने पीड़ितों के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: बहालगढ़** व सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से कार लूटने व शराब ठेके से लाखों रुपये की राशि सहित मोबाइल फोन लूटने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले को लेकर संबंधित थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने पीड़ितों के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

**मामला नंबर-1 पिस्तौल के बल पर लाखों रुपये की राशि लूटी:** गांव राजपुर निवासी जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात वह साथी कर्मचारी उत्तर प्रदेश के जिला हरदोई के रहने सांडी गांव के रहने वाले सुरजीत के साथ मौजूद थे। रात करीब पौने नो बजे ठेके सामने एक कार आकर रूकी। कार से उतर कर आए दो युवकों ने उनके साथ गाली-गलौज कर मारपीट करनी शुरू कर दी है। एक युवक ने गोली चला दी। जो रेक में रखी बोतलों पर लगी। आरोपितों ने उन पर पिस्टल तान कर काउंटर में रखे 1.25 लाख रुपये की राशि निकाल ली। वहीं, सुरजीत का मोबाइल भी छीन लिया। इसके बाद कार में सवार होकर भाग गए। उन्होंने मामले की सूचना ठेका मालिक और पुलिस को दी। शिकायत पर थाना सेक्टर-27 पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी सवित का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। जल्द ही बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**मामला नंबर-2 बुक कर गन प्वाइंट पर कैब लूट ले गए बदमाश :** सेक्टर-13 नरेला दिल्ली निवासी आस मोहम्मद ने पुलिस को बताया कि वह ओला उबर में कार चालक है। बुधवार की शाम करीब सात बजे सिंघु बार्डर पर मौजूद था। इसी दौरान दो युवकों ने पानीपत जाने के लिए उसकी गाड़ी बुक कर ली। उसके बाद वह उनको अपनी गाड़ी में बैठा कर पानीपत के लिए चल दिया जब कार बहालगढ़ के पास स्थित जुरासिक पार्क के निकट पहुंची तो उसके साथ आगे की सीट पर बैठे युवक ने कहा कि गाड़ी रोक लो एक महिला को साथ लेकर जाना है।

## मां की मौत का पता लगने पर घर लौट रहे बेटे को वाहन ने कुचला, मौत

**तेज रफ्तार**

**मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मं लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राष्ट्रीय** राजगर्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवक अपनी मां की मौत का लगने पर अपने घर जा रहा था। उसी दौरान हादसे का शिकार हो गया। गांव सदरपुर करनाल निवासी सोनू ने बताया कि उसका भाई शिवा (23) अपने दोस्त हनीफ को उत्तर प्रदेश में छोड़कर वापस अपने घर जा रहा था। जब वह बाइक पर सवार होकर दिल्ली-पानीपत रोड पर पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। उसे पता चला कि उसका भाई शिवा मेरी मां की बीमारी के चलते मौत का पता चलने पर गांव जा रहा था। वह मुरथल पुल के पास पहुंचा। उसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। उसे नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मं लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राजबीर उर्फ कछुआ निवासी गढ़ी बाला का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। यूपी हालत में किराएदार सोनीपत निवासी एक महिला ने 16 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करते है। उनके पड़ोस में राजबीर उर्फ कछुआ रहता है। उसकी पोती भी उसके साथ ही रहती है। राजबीर ने उसकी पोती के साथ गलत काम किया।

## छात्रवृत्ति विद्यार्थियों के लिए प्रोत्साहन का कार्य करती है

**समेकित**

**कुवि के शिक्षा विभाग में विशेष एवं समेकित शिक्षा के तहत छात्रवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुवि के शिक्षा विभाग में विशेष एवं समेकित शिक्षा के तहत छात्रवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि छात्रवृत्ति विद्यार्थियों के लिए प्रोत्साहन का कार्य करती है तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए मदद करती है। उन्होंने केशोराज छात्रवृत्ति को शुरू करने के लिए उद्यन केयर की संस्थापक व केयू में डीन एवं विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग के पद पर रह चुकी प्रो. सुषमा शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि केयू एलुमनी का इस शैक्षणिक संस्थान के उत्थान में अमूल्य योगदान है। इस अवसर कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल द्वारा छात्रवृत्ति कार्यक्रम में बीएड स्पेशल एजुकेशन सत्र 2023-25 में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने पर विद्यार्थी रितिक चौधरी को 15000 रुपए की नगद राशि, मेडल व स्मृति चिह्न भी दिया गया। शिक्षा विभाग की अध्यक्ष प्रो. ज्योति खजूरिया ने कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल को उदयन केयर संस्था की ओर स्मृति चिह्न भेंट किया गया । प्रोफेसर सुषमा शर्मा ने बताया कि वे 20 वर्षों से उदयन केयर संस्था के लिए अपनी सेवाएं दे रही है। उन्होंने कहा कि केशोराज स्कॉलरशिप विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। मंच संचालन डॉ. रजनी नागपाल ने निभाई। कार्यक्रम में प्रो. रामनिवास, पूर्व चेयरपर्सन, अंग्रेजी विभाग, ने मुख्य अतिथि सहित सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आतंकी हमला भारत की एकता-अखंडता पर आघात: डा. श्रीप्रकाश

**श्रद्धांजलि**

**निर्दोष लोगों को मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा संचालित मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग के पहलगाम में हुए भयावह आतंकवादी हमले में मारे गये निर्दोष लोगों को मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा संचालित मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। बच्चों ने आतंकवादियों द्वारा निर्दयता पूर्वक मारे गये सभी लोगों के आत्मिक शांति के लिए परमपिता परमेश्वर से भारतमाता के चित्र के समक्ष प्रार्थना किया। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने पहलगाम में मारे गये सभी लोगों के परिवार जनों को दुःख की इस घड़ी में भगवान से यह अपार कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना किया। सभी विद्यार्थियों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए।

मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने पहलगाम में मारे गये सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में हुआ भयावह आतंकवादी हमला न केवल भारत को बल्कि पूरे विश्व को झकझोर कर रख दिया है। हमले में 26 लोगों की मौत हो हुई है। इस कायराना हमले में 17 लोग घायल भी हुए हैं। इस हमले के शिकार हुए अधिकतर लोग पर्यटक थे, जो अपने परिवारों के साथ मिनी स्विट्जरलैंड' कहे जाने वाले बायसरन घूमने आए थे। 2019 में पुलवामा में हुए आतंकी हमले के बाद सबसे बड़ा हमला है। अब भारत सरकार को पाकिस्तान के आतंकवादियों के इस कायराना पूर्ण हमले के खिलाफ कड़ी से कड़ी जबाबी कार्यवाही करनी चाहिए। जिससे भविष्य में पाकिस्तानी आंतकवादी संगठन भारत की ओर आँख उठाकर देख भी न सके। आजादी के बाद से पाकिस्तान की धरती से निरंतर भारत को असहज एवं कमजोर करने का प्रयास होता रहा है। यह हमारी सरकारों की कहीं न कहीं कमजोरी एवं कमी रही और कि आज तक एक देश में पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधयो को समाप्त नही कर सके। आज भारत अपनी सीमा सुरक्षा साहित विभिन्न संकटो का सामना कर रहा है, ऐसे में समस्त देशवासियो का कर्तव्य है देश की इस संकट की घड़ी में सारे मतभेद भुलाकर एकजुट होकर भारत को मजबूत करे।डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा पहलगाम में हुआ कुर आतंकी हमला भारत की एकता एवं अखंडता पर आघात है। अब समय आ गया है भारत सरकार अपनी द्दढ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए आतंकवाद एवं आतंकवादियों का समूल नष्ट करके आजादी के बाद से अब तक आतंकवाद में मारे गये सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करे।

## केपीएके महाविद्यालय में लिगल लिटरेसी पर गतिविधियां आयोजित

**गतिविधियां**

**लीगल लिटरेसी के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के नियमों पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित करवाई गईं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** के पी ए के महाविद्यालय में प्रधानाचार्या रेखा गोयल भागी की अध्यक्षता में लीगल लिटरेसी के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के नियमों पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित करवाई गईं। जिसमें भाषण,पोस्टर मेकिंग,पेंटिंग,स्लोगन लेखन आदि गतिविधियां करवाई गईं। इन गतिविधियों में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से सड़क पर चलने के नियमों का पालन करने का संदेश दिया।

पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थी ने बताया कि यदि हम सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करते हैं तो हम बड़ी दुर्घटनाओं से बच सकते हैं।

प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हमेशा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए।

# अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर ने 'क्रोध पर काबू कैसे पाएं' विषय पर रखे महत्वपूर्ण विचार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद मारकंडा:** अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर राजयोगी ब्रह्माकुमार डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन ने 'क्रोध पर काबू कैसे पाएं' विषय पर महत्वपूर्ण विचार रखे। उन्होंने विज्ञान, अनुभव और आत्म-ज्ञान के साथ विषय को समझाया। ब्रह्माकुमारीज : प्रभु अनुभूति भवन शाहाबाद में चल रहे 'वाह जिंदगी वाह' शिविर के छठे दिन उन्होंने बताया कि क्रोध एक भीतर जलती अग्नि है, जिसे अंगार कहा गया है। इस अंगार को बाहर निकालना है, पहचानना है, समझना है। डॉ.



स्वामीनाथन ने कहा कि जब भी गुस्सा आए, उसके सामने 'डी' अर्थात डेंजर लगा दो। यानि क्रोध खतरे का संकेत है। उन्होंने बताया कि बाहरी परिस्थितियां हमारे नियंत्रण में नहीं है, लेकिन हमारी भीतरी स्थिति हमारे हाथ में है। इसलिए यह सोचें कि क्रोध बाहर से नहीं, भीतर से आता है। वह क्यों आ रहा है, इस का विश्लेषण करें।डॉ. स्वामीनाथन ने कहा कि अगर क्रोध को कम करना है, तो नॉनवेज छोड़ना होगा। फ्रूट्स, सब्ज़ियां, स्प्राउट्स जैसे उच्च ऊर्जा वाले आहार लेने चाहिए। उन्होंने बताया कि क्रोध कोई बाहरी शत्रु नहीं, बल्कि भीतर की एक प्रतिक्रिया है। उसे समझ कर, प्यार से और विज्ञान की दृष्टि से शांत किया जा सकता है। इससे पहले मुख्यातिथि रोटरी क्लब शाहाबाद के प्रधान डॉ एस.एस आहुजा, विशिष्ट अतिथि अमित सिंगला, डॉ हिमांशु, डॉ रामगोपाल, श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता परिवार से चेयरपर्सन खरैती लाल मक्कड़, सुरेंद्र बजाज संरक्षक, नरेश शर्मा, कैशियर राजेंद्र बतरा, इस्कॉन मेंबर ललित गुप्ता, प्रवेश शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष गुलशन कवातरा, राजकुमार सेठी, प्रोफेसर सुभाष ढींगरा, श्री बैकुंठ पुरी हनुमान मंदिर के प्रधान सुधीर सूद आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। केंद्र प्रभारी बीके नीति दीदी व निजा दीदी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस कार्यक्रम में एडवोकेट पवन गुप्ता, प्रो सुनील गुप्ता, हरपाल, जगदीश, बलदेव खुराना, कंवरपाल, जीतपाल रावा, सुरेंद्र शर्मा, कपिल, रामशरण, विक्की सेठी, पवन शर्मा, ज्ञानचंद, डिंपल, रामकुमार, अनिल बुद्धिराजा, मीनू, सपना, आरती, शशि, सुनीता, सुखविंदर, शोभा, गुरमीत, कौशल्या, राम, कमलेश, किरण, अनु सहित काफी श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा नेता जय भगवान शर्मा का पूछा कुशलक्षेम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी का उनके निवास स्थान पर पहुंचकर कुशलक्षेम पूछा है। मुख्यमंत्री ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला के कार्यक्रम के बाद सेक्टर 5 में भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा के डीडी के निवास स्थान पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भाजपा नेता जयभगवान शर्मा से उनके स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से पूछा और 18 अप्रैल को उनकी पिहोवा में हुई सडक दुर्घटना के बारे में भी विस्तार से जानकारी हासिल की



है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी के जल्द स्वस्थ होने की कामना की ताकि भाजपा नेता जल्द स्वस्थ होकर पिहोवा हल्का के नागरिकों की सेवा में लग जाए। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तजिन्द्र सिंह गोल्डी, भाजपा के वरिष्ठद्द नेता सुभाष कलसाना, जिला परिषद की अध्यक्षा कंवलजीत कौर,नगर परिषद थानेसर की चेयरमैन माफी ढांडा,भाजपा के युवा नेता रूबल शर्मा सहित अन्य नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने जयभगवान शर्मा के स्वास्थ्य के बारे में हाल चाल पूछा है।

## न्यूज फ्लैश

### अक्षय तृतीया का महात्म्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : ज्योतिषविद्** मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि अक्षय तृतीया के नाम से जानी जाती है। इस दिन किए हुए शुभ संकल्प, स्नान,जप,तप , हवन,स्वाध्याय, पितृतर्पण, दानादि जो कुछ भी पुण्य कर्म किए जाते हैं, उन सबका फल अनन्त एवं अक्षय होता है। सतयुग का प्रारम्भ भी इस तिथि को हुआ था । अक्षय तृतीया के दिन ही कृष्ण जी ने युधिष्ठिर को अक्षय पात्र दिया था। इसी दिन से केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री की यात्रा प्रारंभ होती है। पूरे वर्ष में इसी दिन बांके बिहारी जी के पांव के दर्शन होते हैं। इसी कारण इसकी गणना स्वयं सिद्ध मुहूर्तों में भी की जाती है। अर्थात इस दिन बिना किसी मुहूर्त के आप कोई भी मांगलिक कार्य कर सकते हैं। इस दिन भगवान विष्णु जी और लक्ष्मी जी की पूजा करने का बहुत महत्व है। अक्षय तृतीया का व्रत भगवान लक्ष्मी नारायण को प्रसन्नता प्रदान करता है।इस दिनजौं,गेहूं,सत्तू ,दही,चावल,शक्कर,जल से भरा घड़ा, फल, वस्त्र इत्यादि वस्तुओं का सामर्थ्य अनुसार दान करना चाहिए। इस वर्ष अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को है। अतः इस दिन व्रत,जप, दान , तीर्थ स्नान, भजन इत्यादि पुण्य कर्म करके अक्षय फल लेना चाहिए।

### ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर युवक से 23 लाख 60 हजार रुपए की ठगी

**पानीपत ( कमाल हुसैन )** थाना मतलौडा पुलिस युवक से आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 23 लाख 60 हजार रुपए की ठगी करने मामले में गिरोह के दूसरे आरोपी को वीरवार को हिसार जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपी की पहचान दिलबाग निवासी वैसर के रूप में हुई। आरोपी धोखाधड़ी के अन्य मामले में जेल में बंद था।

थाना मतलौडा प्रभारी सब इंस्पेक्टर पवन ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी बिक्रमदीप निवासी स्वराज नगर मोहाली पंजाब व मामले में नामजद फरार आरोपियों के साथ मिलकर ठगी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में बाद पुलिस ने आरोपी दिलबाग को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया। मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके आरोपी बिक्रमदीप के कब्जे से ठगी गई राशि में से 21 हजार रूपए बरामद कर आरोपी को जेल भेजा जा चुका है।

### राज्य बाल अधिकार एवं सरंक्षण आयोग सदस्य ने किया स्कूलों का औचक निरिक्षण

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) हरियाणा** राज्य बाल अधिकार एवं सरंक्षण आयोग सदस्य मीना शर्मा ने डॉ एम के के स्कूल, मॉडल टाउन, एवं एस. डी. वी. एम. हुडा सेक्टर-11-12, का निरक्षण किया गया। आयोग सदस्य ने स्कूल वातावरण बच्चों के अनुकूल है या नहीं. बच्चों के बैग का वजन कितना है एवं किताब एन सी ई आर टी की है या कोई और प्रकाशन की है सभी चीजों की जाँच की गई। निरीक्षण दौरान स्कूल की साफ सफाई, पानी की गुणवता एवं अन्य क्लास रूम की साफ सफाई की भी जाँच की गई एवं स्कूल में साफ सफाई, पोक्सो एक्ट, बाल श्रम, एवं शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी भी दी गई। बच्चों को बताया गया कि शिक्षा, अच्छा खाना एवं अच्छे से रहना हमारा मौलिक अधिकार है सभी को बाल श्रम के बारें में भी जानकारी दी गई । उन्होंने बताया कि बाल श्रम करवाना एवं भिक्षा मंगवाना अपराध है ।बच्चों को शिक्षा के महत्व कि जानकारी देते हुए बताया की शिक्षा ही जीवन का आधार है एवं शिक्षा है तो भविष्य उज्जवल है ।

शिक्षा से ही हमारा जीवन सफल है हमें शिक्षित होकर अपना और अपने देश का भविष्य उज्ज्वल बनाना है बच्चों को गुड टच एवं बैड टच की जानकारी दी गई। बच्चों की सुरक्षा के बारे में भी जानकारी दी गई मौके पर पर डीईओ राकेश बूरा जिला शिक्षा अधिकारी, निधि गुप्ता, जिला बाल सरंक्षण अधिकारी भी मौजूद रहे।

# पाइट को नैक ए ग्रेड का दर्जा, शिक्षकों को सम्मानित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**पानीपत इंस्टीट्यूट** ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ऑटोनोमस कॉलेज पाइट को नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) ने ए ग्रेड का दर्जा दिया है। नैक टीम ने यह परिणाम घोषित किया है। इस उपलब्धि पर कॉलेज में शिक्षकों को सम्मानित किया गया। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने कहा कि नैक एक स्वतंत्र संस्था है, जो भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता का मूल्यांकन और मान्यता प्रदान करती है। यह संस्थान शिक्षण, अनुसंधान, बुनियादी ढांचा, प्रशासनिक दक्षता, छात्र संतुष्टि और सामाजिक



योगदान जैसे विभिन्न मापदंडों के आधार पर कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को ग्रेड प्रदान करता है। नैक द्वारा ए ग्रेड दिया जाना यह दशार्ता है कि पाइट कॉलेज शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और समग्र विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि यह ग्रेड इस बात का प्रमाण है कि पाइट ने शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचे मानक स्थापित किए हैं। यह केवल अकादमिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह छात्रों, अभिभावकों और समाज के लिए एक आश्वासन भी है कि पाइट जैसे संस्थान में दी जा रही शिक्षा उच्च गुणवत्ता की है। वह छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में सक्षम है। यह उपलब्धि फैकल्टी, स्टाफ और छात्रों के सामूहिक प्रयासों का नतीजा है। पाइट की पांच डिग्रियों को एनबीए से मान्यता मिली है। निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने इसे टीम की सफलता बताया। उन्होंने कहा कि नैक ग्रेड और एनबीए की मान्यता बताते हैं कि हम ठान लें तो कोई भी मंजिल दूर नहीं रहती। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल ने बताया कि प्रतिष्ठित कंपनियां ऐसे कॉलेजों से अधिक भर्ती करती हैं, जिनकी नैक रेटिंग अच्छी होती है। देश और विदेश के कई विश्वविद्यालयों में प्रवेश के समय नैक ग्रेड को प्राथमिकता दी जाती है।ॉ

# समालखा मे 28 अप्रैल को चलाया जाएगा सघन सफाई अभियान

**समालखा ( कुलदीप सिंह ) समालखा में 28 अप्रैल** को प्रशासन की देखरेख मे पुराना बस अड्डा स्थित फ्लाईओवर से रेलवे-स्टेशन तक सघन सफाई अभियान चलाया जाएगा। सफाई अभियान को सफल बनाने के लिए बृहस्पतिवार को एसडीएम अमित कुमार ने अधिकारियों की बैठक बुलाकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक के बाद मीडिया को जारी बयान मे उपमंडल अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि 28 अप्रैल सोमवार को प्रातः 6 बजे पुराना बस अड्डा पर फ्लाईओवर के नीचे से सफाई अभियान की शुरूआत होगी जो रेलवे रोड होते हुए रेलवे स्टेशन तक सफाई अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान की शुरूआत हल्का विधायक मनमोहन भड़ाना द्वारा की जाएगी। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागों के राजपत्रित अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों सहित अभियान में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। सफाई अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका सचिव अपने समस्त कर्मचारियों सहित मौके पर मौजूद रहेंगे।

# मोटर रिपेयर दुकान से तांबा की तार चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**थाना मतलौडा पुलिस ने** गांव अदियाना में मोटर रिपेयर दुकान से तांबा की नई व पुरानी तार चोरी करने वाले आरोपी व चोरी की गई तार को बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सोमबीर निवासी अदियाना व राजेश निवासी घड़ौठी रोहतक के रूप में हुई। थाना मतलौडा प्रभारी सब इंस्पेक्टर पवन ने बताया कि थाना मतलौडा में रामेहर पुत्र सतपाल निवासी खेमावती सफीदों जीन्द ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उसने अदियाना गांव में मोटर रिपेयर की दुकान की हुई है। दुकान पर उसके पास अदियाना निवासी सोमबीर पुत्र रणधीर काम करता है। दुकान की चाबी सोमबीर के पास थी। 31 जुलाई 2024 की रात सोमबीर दुकान से 30 किलो तांबा की नई तार व 50 किलो तांबा की पुरानी तार चोरी कर ले गया। रामेहर की शिकायत पर थाना मतलौडा आरोपी की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। प्रभारी सब इंस्पेक्टर पवन ने बताया कि पुलिस टीम ने बीते मंगलवार को मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर अरोपी सोमबीर को अदियाना गांव से गिरफ्तार किया।

# थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार, 3 बाइक बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: पुलिस अधीक्षक** अम्बाला अजीत सिंह शेखावत के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए अभियान के दौरान 24 अप्रैल 2025 को थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी बादल निवासी गाँव सांवत खेड़ी थाना बदगाँव जिला सहारनपुर यूपी वर्तमान पता दुर्गा कालोनी काला आम्ब नारायणगढ़ जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय



न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी से इस मामले के अतिरिक्त दो अन्य मोटरसाईकिलें भी बरामद की गई है। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री दीपक कुमार निवासी काला आम्ब थाना नारायणगढ़ जिला अम्बाला ने 20 अप्रैल 2025 को थाना नारायणगढ़ में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 16 अप्रैल 2025 को अज्ञात आरोपी ने काला आम्ब से उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# पहलगाम आतंकी हमले को लेकर फूटा गुस्सा

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) पहलगाम में हुए** आतंकी हमले में 26 लोगों की धर्म देखकर की गई हत्या के मामले में पानीपत के लोगों में भारी विरोध प्रदर्शन करते हुए जन आवाज सोसायटी और नॉर्थ इंडिया बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन के सैकड़ो सदस्यों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाते हुए पुतला फूंककर उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जोगिंदर स्वामी ने प्रधानमंत्री से मांग करते हुए कहा कि भारत की जनता का अब सब्र जवाब दे रहा है अब जनता आर पार की लड़ाई चाहती है क्योंकि जिस प्रकार से हिंदुत्व को टारगेट करके मारा जा रहा है।

# इशिका ने यूथ रेड क्रॉस शिविर में जीता प्रथम स्थान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय,**कुरूक्षेत्र की यूथ एंड रेड क्रॉस इकाई द्वारा पांच दिवसीय राज्य स्तरीय यूथ एवं रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हिमाचल प्रदेश के डलहोजी शहर में करवाया गया। शिविर में आर्य कॉलेज के दस छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी व मेडल अपने नाम किए। कॉलेज उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने विजेता प्रतिभागियों का शुक्रवार को कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की, व साथ ही कॉलेज की वाईआरसी



इकाई के प्रभारी डॉ. विजय सिंह व उनकी पूरी टीम को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी। कॉलेज उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने बताया कि पांच दिवसीय राज्य स्तरीय यूथ एवं रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 19 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025 तक हिमाचल प्रदेश के डलहोजी शहर में आयोजित किया गया। कॉलेज की मनोविज्ञान की प्रध्यापिका खुशबू वर्मा के सानिध्य में कॉलेज के दस विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। शिविर में पांच दिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित करवाई गई। जिसमें आर्य कॉलेज की बी.एससी प्रथम वर्ष की छात्रा प्रिया ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं कॉलेज की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा इशिका ने नृत्य प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। साथ ही सरगम, आयूषी व मोंटी ने भी अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग ले कर पुरस्कार जीते। डॉ. सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार की गतिविधियों में जरूर भाग लेना चाहिए, ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों को नई-नई जानकारियां तो मिलती ही हैं साथ ही अपने कौशल का प्रदर्शन करने का भी अवसर मिलता है और दूसरे राज्यों की संस्कृति को भी जानने का मौका मिलता है।

# मुठभेड़ में दो कुख्यात बदमाशों को लगी गोली

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
डीसीपी नरेंद्र कादयान ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के जिला सोनीपत के उपमंडल खरखौदा के बरोणा रोड पर पुलिस और बदमाशों के बीच एक बड़ी मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में दो कुख्यात बदमाशों, जिनकी पहचान संदीप और दीपक के रूप में हुई है, को गोली लगी है। दोनों बदमाशों लूट, हत्या, और हत्या के प्रयास और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े कई मामले सोनीपत के विभिन्न थानों में दर्ज थे।जिन पर पुलिस ने 20-20 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि संदीप, जो छिछडाना का रहने वाला है, और दीपक, जो गोहाना के रिंढ़ाना गांव का निवासी है। सांपला की तरफ से खरखौदा की और आ रहे हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने खरखौदा इलाके में घेराबंदी की।

मौके पर पहुंचने पर दोनों बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इन बदमाशों ने हाल ही में गुरुग्राम से एक मोटरसाइकिल और दिल्ली से एक गाड़ी लूटी थी।

# ककराला गुजरान स्कूल में मलेरिया दिवस पर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :आज विश्व मलेरिया** दिवस के अवसर पर राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय ककराला गुजरान व राजकीय माध्यमिक/प्राइमरी विद्यालय रतनगढ़ ककराली में श्री संजय जी स्वास्थ्य निरीक्षक पी. एच .सी. रामगढ़ रोड व डॉ रितु प्रिया जी और , ए. एन. एम. श्री मति राजविंदर कौर, के द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों को मच्छर जनित बीमारियों से रोकथाम व बचाव हेतु विस्तार से बताया गया।जिसमें उन्होंने बताया कि मलेरिया जानलेवा हो सकता है। मलेरिया संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है। प्रत्येक रविवार को



अपने घर में सूखा दिवस (उ्र८ल्लॅ उं८) मनाएं व सभी पानी के बर्तनों, कूलर, टंकी, फ्रिज ट्रे, गमलें इत्यादि को खाली करके सुखाएं ताकि मच्छर के अण्डे व लारवा मर जाए।

क्या करना चाहिए - पानी के बर्तनों व टंकियों इत्यादि को पूरी तरह ढक कर रखें। छत पर पड़े मटके, टायर, बोतल तथा अन्य टूटे-फूटे बर्तनों को हटा दें, ताकि इनमें बरसात का पानी जमा न हो सके। अपने घरके आस-पास पानी जमा न होने दें। पानी से भरे गड्ढ़ों में मिट्टी भरदें। यदि यह सम्भव न हो तो खड़े पानी में मिट्टी का तेल/काला तेल डाल दें।

पूरी बाजू के कपड़े पहने।सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। ठहरे हुए पानी जैसे कुओं, तालाबों व अन्य जलाशयों में गम्बूजिया मछली डालें। यह मछली मलेरिया फैलाने वालें मच्छरों के लार्वा को खा जाती है।क्या नहीं करता चाहिए घरों के अन्दर व आस-पास के गड्ढों में 7 दिन से अधिक पानी इक्टठा न होने दें।पुराना सामान जैसे टायर, ट्यूब, खाली डिब्बे, पोलीथीन के लिफाफे खुले में न फेंकें, ताकि बरसात का पानी उसमें इक्टठा न हों।यदि कुलर प्रयोग में नहीं लाया जा रहा है तो उसमें पानी इक्टठा न होनेदें।

हैंड पम्प व नल के आसपास पानी जमा न होने दें। टायर, ट्यूब, खाली डिब्बे खुले में न छोड़े।यदि अन्दर रखना सम्भव न हो तो उन्हें ढककर रखें। घर में कीटनाशक छिड़काव के बाद कम से कम 3 महीनों तक लिपाई, सफेदी और रंग रोगन ना करें।लक्षण-तेज बुखार, सर्दी व कंपन, सिर दर्द व उल्टियां, मलेरिया की जाँच व उपचार ग्राम स्तर तक सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुफ्त उपलब्ध है। बुखार होने पर तुरन्त अपने नजदीकी ज्वर उपचार केन्द्र या स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर खून की जाँच करवाएं, मलेरिया पाए जाने पर पूर्ण उपचार करवाएं।

इस अवसर पर मलेरिया रोकथाम हेतु विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रमाणपत्र भी वितरण किए गए।

# मोबाइल मेडिकल युनिट में लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : सांसद नवीन** जिन्दल द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से मोबाइल मेडिकल युनिट चलवाई जा रही हैं। आज थानेसर हल्के में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। इन मोबाइल मेडिकल युनिटों में, एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये जाते हैं। सांसद नवीन



जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि नवीन जिन्दल की पहल पर मोबाइल मेडिकल यूनिट के शिविर आयोजित हो रहे हैं। नवीन जिन्दल ने क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से इन मोबाइल मेडिकल युनिट की शुरूआत की है।

# एक रोटी कम खाओं मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये: खन्ना ढिकोलिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: ऑल इंडिया** वाल्मीकि यूथ फ्रंट दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष पवन मेहरौलिया द्वारा दिल्ली के त्रिलोकपुरी इलाके में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया की अध्यक्षता के अंदर कई पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र भी वितरण किये गये। साथ ही नवनियुक्ति पदाधिकारियों को प्रतीक चिन्ह भी भेंट किये गये।





इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने कहा कि मैं नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देता हूं और आशा करता हूं सभी पदाधिकारी संगठन को मजबूती देने का कार्य करेगें।
इस मौके पर लोगों ने भारी संख्या में पहुंचकर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट का समर्थन भी किया और यूथ फ्रंट को आगे हर राज्य के अंदर आगे बढ़ने की शपथ भी ली। उन्होंने आगे बताया कि समाज में एक जागरूकता फैले और हम समाज को एक दशा और दिशा के रूप में आगे बढ़ा सके और काम कर सकें, जिसका सबसे बड़ा उद्देश्य है शिक्षा, शिक्षा के आधार पर ही हम आगे बढ़ सकते हैं। इस मौके पर पवन मेहरौलिया ने कहा कि हम सभी को मिलकर फ्रंट की नीतियों को समाज के लोगों तक पहुंचाना होगा और संगठन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना होगा।

# दिल्ली के बॉर्डर प्वाइंट्स पर लगेंगे ऑटोमेटेड नंबर प्लेट रिकॉग्निशन कैमरे: सिरसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार अपनी व्यापक एनवायनमेंट एक्शन प्लान 2025-26 को अंतिम रूप दे रही है।
इस कार्ययोजना में वायु प्रदूषण को घटाने और डस्ट पॉल्यूशन को नियंत्रित करने के लिए टेक्नोलॉजी आधारित उपाय किये जाएंगे।
नई कार्ययोजना के तहत प्रदूषण फैलाने वाले एवं उम्र पूरी कर चुके वाहनों को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने से रोका जाएगा। इसके लिए दिल्ली की सीमा पर स्थित



सभी प्रवेश बिंदुओं पर स्वचालित नंबरप्लेट पहचान कैमरे लगाए जाएंगे। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की अध्यक्षता में आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में पर्यावरण विभाग, परिवहन विभाग और दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदूषण पर चर्चा के दौरान उम्र पूरी कर चुके वाहनों को दिल्ली में प्रवेश से रोकने के उपायों की समीक्षा की गई। ऐसे वाहन दिल्ली में प्रदूषण के प्रमुख कारणों में से एक हैं।

# राजभाषा हिंदी के प्रचार एवं प्रसार के लिए दिल्ली सरकार द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली सरकार** के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग द्वारा वार्षिक हिंदी प्रतियोगिता में सफल कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सरकारी कर्मियों में हिंदी भाषा में कार्य करने की रुचि बढ़ाना है। कार्यक्रम में हिंदी टिप्पण, टंकण, निबंध, स्टैनो एवं सुलेख जैसी श्रेणियों में विजेताओं को नकद राशि एवं शील्ड प्रदान की गई। समारोह में विभाग के मंत्री कपिल मिश्रा ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि भले ही पुरस्कार राशि



सीमित है, लेकिन प्रतिभागियों का उत्साह प्रशंसनीय है। उन्होंने अगले वर्ष पुरस्कार राशि बढ़ाने की घोषणा की। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हिंदी भाषा के प्रति लोगों की रुचि बढ़ी है। पहले जहां हिंदी बोलना पिछड़ेपन का प्रतीक माना जाता था, वहीं अब न्यायपालिका और सेना में भी इसका व्यापक उपयोग हो रहा है।
उन्होंने जोर देकर कहा कि हर व्यक्ति को अपनी मातृभाषा हिंदी का सम्मान करना चाहिए और घर के बच्चों को भी अच्छी हिंदी सिखानी चाहिए।
समारोह में बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आदर्श नगर विधानसभा: मजलिस पार्क ए ब्लॉक आरडब्ल्यूए ने निकाला कैंडल मार्च






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में आक्रोश का माहौल है। जिसके बाद जगह-जगह लोग अपने तरीके से पाकिस्तान और आतंकवादियों का विरोध कर रहे है। आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में मजलिस पार्क ए ब्लॉक आरडब्ल्यूए की तरफ से भी एक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इसमें बहुताय की संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लिया और आतंकवाद के खिलाफ विरोध भी जताया। इस मौके पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष हरेन्द्र शर्मा, चेयरमैन कमल खन्ना, राजेश खुराना महासचिव, मनीष गुप्ता कोषाध्यक्ष, सुभाष शर्मा, प्रेम सिंह, रवि कुमार, सोनी कुमार, प्रेम गुप्ता, प्रेम गोयल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सभी को करना चाहिए रक्तदान, क्योंकि रक्तदान है महादान: श्याम सुन्दर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र** के समाजसेवी श्याम सुन्दर ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की दिलखोल कर सहायता करनी चाहिए। सेवा हमेशा ही निःस्वार्थ भाव से करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की



कमजोरी नहीं आती है, बल्कि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवनदान अवश्य ही मिल जाता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए।

# नेत्र जांच शिविर में 150 लोगों ने करवाई आंखों की जांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: जम जम** फाउन्डेशन ने डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के सहयोग से मुखर्जी नगर क्षेत्र के इन्द्रा विकास बस्ती में बने सेवा भारती सिलाई केन्द्र में निःशुल्क मोतियाबिंद जाँच शिविर लगाया। जिसमें लगभग 150 लोगों की आँखों की जाँच की गई तथा 35 लोगों को मोतियाबिंद के निः शुल्क ऑपरेशन के लिए दो तीन दिन के बाद कि रोटरी डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई क्लिनिक करोल बाग में आने की तारीख दी गई।
इस अवसर पर तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल



सिंह, भाजपा दिल्ली प्रदेश के पूर्व मंत्री गौरव खारी, जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान, उपाध्यक्ष संजय मदान व ममता आनन्द, गौरव पूरी, रेखा शर्मा, परमजीत सिंह, नितिन दीवान, विजय कपूर, दामोदर, संजय चौहान, राजीव लूथरा, धर्मवीर राजपूत, रिंकू बाबा, उमाकान्त, सुरेश, जहीर आलम, मानसी सिंह, मनोज कुमार व संजय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।
इस अवसर पर विधायक सूर्य प्रकाश खत्री ने कहा कि आँखें कुदरत की सबसे बड़ी नेअमत है और बुजुर्ग लोगों की आँखों की देखभाल करना भी बहुत जरूरी होता है ताकि मोतियाबिंद जैसी बीमारी का समय रहते ईलाज कराके आँखों की रोशनी को बचाया जा सकें और मैं चाहता हूँ कि मेरा तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र मोतियाबिंद मुक्त हो इसके लिए हमारा प्रयास जारी रहेगा। हम अपनी विधानसभा के सभी क्षेत्रों में निःशुल्क मोतियाबिंद जाँच शिविर लगा कर गरीब परिवारों के लोगों का निःशुल्क ईलाज करायेंगे।
इस अवसर पर राजा इकबाल सिंह ने रोटरी डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई क्लिनिक करोल बाग से आई मेडिकल टीम के सदस्यों का स्वागत भी किया।

# दिल्ली मिनी इंडिया, मनायेगी हर राज्य का दिवस: रेखा गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत का रास्ता दिल्ली से होकर ही गुजरेगा। सरकार लगातार एक लक्ष्य 'विकसित दिल्ली' के साथ काम कर रही है। देश की राजधानी होने के साथ ही पूरे देश को दिल्ली से अपेक्षाएं हैं। दिल्ली एक ऐसा शहर है जिसे मिनी इंडिया के तौर पर जाना जाता है। उन्होंने कहा कि सैकड़ों सपने बुनते हुए देश के अलग-अलग कोनों से आए हुए लोगों का दिल्ली अपना घर है। इसलिए दिल्ली में अब हर राज्य का दिवस मनाया जाएगा यह भाजपा की नई सरकार ने फैसला लिया है ताकि यहां रहने वाले लोग अपनी संस्कृति से जुड़कर गौरवांवित हो सके। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा आज कंस्टीट्यूशन क्लब में रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी द्वारा आयोजित विकसित भारत डायलॉग में शामिल हुए। पूर्व राज्यसभा सांसद डॉक्टर विनय सहस्त्रबुद्धे की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली के इंफ्लुएंसर शामिल हुए। सभी ने विकसित दिल्ली के लिए सरकार की विजन को रखा और बताया कि कैसे विकसित भारत बनाने में दिल्ली का क्या योगदान होगा।
रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में विकास कार्य भी जीरो से शुरू किया जा रहा है क्योंकि पिछली सरकारों ने ना नाली साफ कराई और ना सड़कों के गढ्ढे भरे।

# वजीरपुर: तमिल समाज ने किया समाजसेवी संजय उटवाल का स्वागत





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** वजीरपुर जेजे कॉलोनी के समाजसेवी संजय उटवाल का तमिल समाज के लोगों ने स्वागत किया। आपको बातदें कि संजय उटवाल बड़े ही अच्छे व्यक्ति है और हमेशा ही समाज के लोगों की मदद के लिए आगे रहते है। इसी कड़ी को बरकरार रखते हुए संजय उटवाल ने वजीरपुर जेजे कॉलोनी में बन रहे शीतला माता मंदिर में दान किया और इसके अलावा संजय उटवाल वाल्मीकि मंदिर में भी सहयोग कर चुके है। समाजसेवी संजय उटवाल का कहना है कि सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और निर्धन तबके की मदद के लिए हमेशा ही आगे रहना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि सभी को अपनी नेक कमाई में से कुछ हिस्सा दान अवश्य ही करना चाहिए। दान करने से कभी भी घटता नहीं है, इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य में हिस्सा ले। इस मौके पर मंदिर के प्रधान नरेशन, विश्वनाथन, समाजसेवी प्रमोद कश्यप, शैलूराज, राजू, शैलुवा, सुरेश डाबला, सुन्दर पाटवा, राजू भैसवाला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शालीमार बाग: पर्यावरणविद् विनय कंसल ने सीएम रेखा गुप्ता से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली की मुख्यमंत्री** रेखा गुप्ता के शालीमार बाग दिल्ली स्थित निवास स्थान पर पर्यावरणविद, पर्यावरण संरक्षण समिति (राष्ट्रीय) के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर विनय कंसल ने भेंट करके दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर उनको हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर डॉक्टर कंसल ने उन्हें सम्मान स्वरूप शाल, पटका, मोतियों की माला तथा डॉक्टर कंसल द्वारा लिखी गई श्री वृक्ष चालीसा एवं आरती की पांच प्रतियां भेंट की तथा श्री कंसल ने उन्हें



बताया कि मैं पिछले 28 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रहा हूं आप मेरे अनुभव को देखते हुए मेरी सेवाओं का उपयोग दिल्ली के पर्यावरण सुधार हेतु ले सकती हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला केशवपुरम के अध्यक्ष डॉक्टर वीरेंद्र गोयल, दिल्ली प्रदेश के पूर्व मंत्री संजीव शर्मा तथा भाजपा कार्यकर्ता दीपेश गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# सदर बाजार में फेडरेशन के साथ सभी धर्म के लोगों ने किया आंतकवाद के खिलाफ प्रदर्शन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: जम्मू-कश्मीर के पहलगाम** में हुए कायराना आतंकी हमले में 28 पर्यटकों के मारे जाने का व्यापारी जगत में काफी रोष था जिसको लेकर पूरी दिल्ली के आज बाजार बंद थे और साथ ही एशिया की सबसे बड़ी मार्केट सदर बाजार भी पूरी तरह से बंद रही। फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्र्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव व पूर्व मेयर जयप्रकाश जेपी की अध्यक्षता में सैकड़ों व्यापारियों के साथ-साथ सभी धर्म के लोगों ने मिलकर सड़क पर धरना-प्रदर्शन किया। जिसमें वाहिद खान, सदर खान, आमिर खान, जाने आलम शिवकुमार, नारायण गुप्ता, मुकेश जैन, मुकेश अग्रवाल आंतकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग की।
परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने बताया सदर बाजार में लगभग 40 हजार दुकाने हैं।

# सस्ते सामान और रोजगार निर्माण पर करें फोकस: सिंह

**शिवानी मोरवाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: समाज कल्याण,** एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने शुक्रवार को दिल्ली कंज्यूमर को-ऑपरेटिव होलसेल स्टोर लिमिटेड के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। सहकारिता मंत्री ने बैठक के दौरान निर्देश दिए की विभाग का फोकस दिल्ली वासियों को कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता का सामान उपलब्ध कराने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर हो। रविन्द्र इन्द्राज ने निर्देश दिए की डीसीसीडब्ल्यूएस अपने होल सेल स्टोर और रिटेल ग्रॉसरी स्टोर में उच्च गुणवत्ता का




सामान उचित कीमत पर उपलब्ध कराये। विभाग दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं की उपलब्धता बढ़ाकर आमजन को राहत देने के लिए सभी आवश्यक संभावनाओं के लिए प्रयास करे। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के आदेश हैं की 'सहकारिता से आत्मनिर्भरता' संकल्प की दिशा में सहकारिता से जुड़े सभी विभागों में रोजगार निर्माण एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास हों। डीसीसीडब्ल्यूएस का कौशल विकास केंद्रों के जरिए मैनपावर तैयार करने और रोजगार मुहैया कराने पर फोकस होगा।

# कांग्रेस ने इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा जैसे नारे दिए: मौर्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर बृज कला केन्द्र ऑडिटोरियम, मसानी तिराहा, मथुरा स्थित चमेली देवी स्कूल के सामने भाजपा महानगर द्वारा भव्य सम्मान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष हरीशंकर श्राजूश यादव ने की, जबकि संयोजन पर्व महापौर डॉ. मुकेश आर्य बंधु द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब अंबेडकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर किया गया। गोष्ठी में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी समेत अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उत्तर




प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा और इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा जैसे नारे दिए। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए संविधान में 70 बार संशोधन किए, जबकि भाजपा ने केवल 8 बार संशोधन किए हैं, वह भी गरीबों, महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा की नीतियाँ हमेशा दलित विरोधी रही हैं। कांग्रेस चाहती थी कि केवल चार आने कर देने वाला, मैट्रिक पास, बुलेट मोटरसाइकिल और डबल बैरल बंदूक रखने वाला ही चुनाव लड़ सके और वोट डाल सके, लेकिन बाबा साहब ने ऐसी सोच का पुरजोर विरोध किया और हर नागरिक को समान मताधिकार दिलाया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ही सच्चे अर्थों में बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ा रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने सामाजिक न्याय की जो मशाल जलाई थी, उसे आज भाजपा ने सच्चे अर्थों में आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए अनेक ठोस कदम उठाए हैं। विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि आज अनपढ़, महिला, बुजुर्ग और युवा को वोट देने का अधिकार है तो वह बाबा साहब की देन है। वहीं उन्होंने समाजवादी पार्टी पर सरकारी नौकरी में पदोन्नति में आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाया। गोष्ठी के अंत में भाजपा महानगर अध्यक्ष हरीशंकर श्राजूश यादव ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है, जहां एक सामान्य कार्यकर्ता भी शीर्ष पद तक पहुंच सकता है। उन्होंने द्रौपदी मुर्मू का उदाहरण देते हुए कहा कि एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाना भाजपा की सोच को दशार्ता है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, एमएलसी ओम प्रकाश सिंह, पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, विधायक मेघश्याम ठाकुर, राज्य बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर संजय शर्मा रामकिशन पाठक हरिओम शर्मा अंकुर अग्रवाल प्रमोद बंसल ज्ञानेंद्र राणा मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा दीपक गोला नितिन चतुर्वेदी बादल शर्मा लोकेश तायल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पूरा राष्ट्र एक जुट, आतंकियों से बदला लेंगे: केशव प्रसाद मौर्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**वृंदावन।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एक दिवसीय दौरे पर पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मथुरा पहुंचे। कार्यक्रम में भाग लेने से पहले वृंदावन में ठाकुर बांके बिहारी लाल के श्रीचरणों में हाजरी लगाई। इस मौके पर बांके बिहारी मंदिर के सेवायतों के द्वारा उपमुख्यमंत्री से विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराया। वही सेवायतों के द्वारा उनको ठाकुर जी का प्रसाद पटका, माला और अंग वस्त्र भेंट किए। इस मौके पर विधायक पूरन प्रकाश, भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। साथ ही उपमुख्यमंत्री डॉ. भीमराव अंबेडकर



जयंती समारोह में सम्मिलित होंगे और उपमुख्यमंत्री मथुरा के आला अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ भी बैठक करेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि पहलगांव में निर्दोष हिंदुओं की जिस तरह हत्या हुई हैं। उनकी आत्मा को भगवान शांति प्रदान करे अपने चरणों में स्थान दें। पूरा देश इस घटना को लेकर गुस्से में हैं, ये केवल उन परिवारों की बात नहीं ये देश की बात है। हमारी देश की सेना को भगवान इस दुःख को दूर करने और आतंकियों के खात्मे की शक्ति दे। ऐसी प्रार्थना भगवान बांके बिहारी के चरणों में की हैं। इस घटना को लेकर पूरा देश एक जुट है।

## संक्षिप्त खबरें

### सोनी म्यूजिक ने फिल्म भूल चूक माफ में अपने लोकप्रिय गाने चोर बाजारी फिर से का जादू फिर से जगाया

**नई दिल्ली।** आने वाली फिल्म भूल चूक माफ से रिलीज होने वाले पहले गाने कोई ना ने सभी दर्शकों का दिल जीतने में कामयाबी पाई। इस गाने की भावनात्मक गहराई और मेलोडी ने सभी को खासा प्रभावित किया था। इस गाने को मिले दर्शकों के अपार प्यार के बाद इस फिल्म के निमार्ता ने इसी फिल्म का एक और शानदार गाना चोर बाजारी फिर से रिलीज किया है। इस गाने के टीजर ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है और यह दिलों पर छा रहा है। कमाल के शब्दों, नए तरह के प्रोडक्शन, और शानदार विजुअल के साथ यह गाने सभी चार्ट पर छाया हुआ है और यह दर्शकों के दिलों में लंबे समय तक रहने का जादू रखता है। करन शर्मा निर्देशित और दिनेश विजान की प्रोड्यूस की हुई भूल चूक माफ में सदाबहार अभिनेता राजकुमार राव और बेहतरीन अभिनेत्री वामिका गब्बी की जोड़ी है। ये दोनों ही कलाकार रंजन तिवारी और तितली मिश्रा के किरदार में दिखाई देंगे। यह फिल्म सभी जगह 9 मई 20205 को रिलीज होगी। चोर बाजारी फिर से ऐसा खूबसूरत गाना है जिसमें संगीत का जादू और एक नई तरह का ट्विस्ट दिखाई देता है। इस गाने को अद्भुत प्रतिभा के धनी संगीतकार प्रीतम और तनिष्क बागची ने तैयार किया है। इसे लिखा है कमाल के गीतकार इरशाद कामिल ने। सुनिधि चौहान और नीरज श्रीधर की आवाजों ने इसे बुलंदी दी है, तो जहरा एस. खान और तनिष्क बागची ने अपनी आकर्षक धुनों से इसे एक शानदार गाने में बदल दिया है। तनिष्क बागची और गणेश वाघेला का प्रोड्यूस किया गया यह गाना आजाद खयालों वाले प्रेम को बेहतर ढंग से पेश करता है। यह कर्णप्रिय मेलोडी है जिसमें तेज बीट्स हैं। इस गाने का वीडियो रंजन और तितली के बीच की केमेस्ट्री को बहुत अच्छे से पेश करता है। इस गाने के बारे में राजकुमार राव कहते हैं, यह गाना चोर बाजारी फिर से एक गाना नहीं बल्कि एक वाइब है। यह रंजन और तितली के बीच की केमेस्ट्री को बयां करता है। इस गाने को फिल्माना भी बहुत मजेदार एहसास था। अब मुझे उस पल का इंतजार है जबकि दर्शक इस गाने की एनर्जी और वाइब का आनंद उठाएंगे।

### प्रेस्टीज होटल वेंचर्स लिमिटेड ने सेबी के समक्ष दायर किया डीआरएचपी

**नोएडा।** प्रेस्टीज होटल वेंचर्स लिमिटेड, एक आतिथ्य परिसंपत्ति स्वामी और डेवलपर, जो भारत में व्यवसाय और अवकाश यात्रियों दोनों के लिए लक्जरी, अपर अपस्केल और अपर मिडस्केल आतिथ्य परिसंपत्तियों पर केंद्रित है, ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।

आईपीओ में 5 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू शामिल है, जो कुल मिलाकर 1700 करोड़ रुपये तक है और 5 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है, जो कुल मिलाकर 1000 करोड़ रुपये तक है। बिक्री के प्रस्ताव में प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (प्रवर्तक विक्रय शेयरधारक) द्वारा रु5 अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर शामिल हैं।

प्रेस्टीज होटल वेंचर्स लिमिटेड ने शुद्ध आय से 1121.276 करोड़ रुपये की अनुमानित राशि का उपयोग करने का प्रस्ताव किया है, जो कंपनी और महत्वपूर्ण सहायक कंपनियों, अर्थात साई चक्र होटल्स प्राइवेट लिमिटेड और नॉर्थलैंड होल्डिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लिए गए 397.248 करोड़ रुपये के उधार की पूर्ण या आंशिक चुकौती या पूर्व-भुगतान के लिए है, ऐसी सहायक कंपनियों में 724.028 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। कंपनी ने अज्ञात अधिग्रहणों और अन्य रणनीतिक पहलों और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के माध्यम से अकार्बनिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए शुद्ध आय से धन का उपयोग करने का भी प्रस्ताव किया है। प्रेस्टीज होटल वेंचर्स लिमिटेड एक आतिथ्य संपत्ति मालिक और डेवलपर है जो भारत में व्यवसाय और अवकाश यात्रियों दोनों के लिए लक्जरी, उच्च स्तरीय और उच्च मध्यम स्तरीय आतिथ्य संपत्तियों पर केंद्रित है। कंपनी प्रेस्टीज ग्रुप का एक हिस्सा है और प्रमोटर, प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को रियल एस्टेट विकास में 38 वर्षों का अनुभव है और 31 दिसंबर, 2024 तक इसका बाजार पूंजीकरण 729.66 अरब रुपये है।

## बागपत में अवैध शस्त्र फैक्ट्री में छापा, 36 तमंचों के साथ पांच गिरफ्तार

**बागपतः बागपत** कोतवाली पुलिस ने एक अवैध शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा किया है। जिसमे 36 तमंचों के साथ पांच युवक गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। बागपत पुलिस लाइन सभागार में पुलिस ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि कुछ युवकों द्वारा पैसे कमाने के लिए अवैध शस्त्रों की खरीद फरोख्त की सूचना मिली थी। बागपत कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम द्वारा युवकों पर नजर रखी गई। जिसके बाद बागपत चमरावल रोड पर एक बंद पड़े ईंट भट्ठे पर छापा मारा गया। यहां तमंचे बनाने की फैक्ट्री का पता चला है।

# उद्योग बन्धु की बैठक नई समस्याएं वहीं, व्यापारियों ने रोया दुखडा

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार मथुरा में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु, जिला स्तरीय एमओयू मॉनिटरिंग समिति, सी.एस.आर. समिति एवं कौशल विकास मिशन की प्रगति समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई बैठक में उपस्थिति उद्यमियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं औद्योगिक क्षेत्रों में सफाई एव जल निकासी की समस्या, गौर उद्योग केन्द्र में सीईटीपी की स्थापना कराये जाने, औद्योगिक इकाइयों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान किये जाने, औद्योगिक क्षेत्रों में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाये जाने हेतु पुलिस गश्त की व्यवस्था आदि समस्याओं के निदान हेतु अनुरोध किया गया जिस पर अध्यक्ष



महोदय द्वारा बैठक में उपस्थिति पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधि को औद्योगिक क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाए जाने, नगर निगम के अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्रों में नियमित सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। यूपीसीडा द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु यूपीसीडा के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। गौर उद्योग केन्द्र में सीईटीपी की स्थापना हेतु वर्तमान में उपलब्ध भूमि के अनुसार प्रस्ताव तैयार करने हेतु बैठक में उपस्थित यूपीपीसीबी के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र साईट-ए में अवैध कब्जों को हटाये जाने हेतु यूपीसीडा को निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं जैसे पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी वित्त पोषण योजना तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की गहनता से समीक्षा की गई। जिसमें जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष अपेक्षाकृत प्रगति न होने के कारण काफी प्रसन्नता व्यक्त की गयी और अग्रणी बैंक प्रबंधक तथा समस्त बैंकों के जिला समन्वयकों को समस्त योजनाओं में 15 दिन के अन्दर आवेदन पत्रों को निस्तारित करते हुये जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में निवेश हेतु प्राप्त निवेश प्रस्तावों की समीक्षा के दौरान निवेशकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण कराये जाने हेतु निर्देशित समिति की समीक्षा बैठक में मुख्य इकाइयों को विगत वर्षों में कराये गये कार्यों का सम्पूर्ण विवरण 15 दिन में उपलब्ध कराये जाने तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्राविधानित धनराशि एवं कराये जाने वाले कार्यों का विवरण उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये।

# पहलगाम घटना के आतंकियों को फांसी दी जाए: फेम

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा होली गेट पर आयोजित प्रदर्शन और पाकिस्तान के पुतला दहन का फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल मथुरा समर्थन किया है। फेम के व्यापारियों ने होली गेट पर इस प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में भाग लेकर भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिये की जा रही कार्यवाही का स्वागत किया। इस अवसर पर बोलते हुये उन्होंने कहा कि भुखमरी के कगार पर खड़ा




पाकिस्तान आतंकी हरकतों को लगातार बढ़ावा दे रहा है। इसे सबक मिलना बहुत जरूरी है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष रास बिहारी अग्रवाल ने कहा कि आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिये दुनिया के नक्शे से पाकिस्तान को मिटाना आज की जरूरत है।

## ज्वाला देवी के छात्रों ने जिला मेरिट में बनाया स्थान

**प्रयागराजः यूपी** बोर्ड के परीक्षा परिणाम में विद्या भारती से सम्बद्ध सिविल लाइन स्थित ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दिया है। कॉलेज के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने शुक्रवार को बताया कि हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जिले की मेरिट में तीन स्थानों पर कब्जा जमाकर अभूतपूर्व परिणाम दिया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। गत वर्षो की भांति सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। युवराज मिश्र ने 570/600 (95 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर जिले में छठा स्थान तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# आतंकी हमले में मारे गये लोगों को विश्राम घाट पर दी श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के मथुरा महानगर से जुडे कार्यकताओं ने अपने शीर्ष नेतृत्व के आान पर पाकिस्तान से प्रायोजित आतंकवाद की कड़ी में कायर आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल को पहलगांव जम्मू कश्मीर में पहुंचे हुए हिंदू पर्यटकों को धर्म के नाम पर कत्लेआम करने की निंदा की है। इसके विरोध में शुक्रवार कोविश्व हिंदू परिषद मथुरा महानगर के अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल के नेतृत्व में होली गेट पर आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। तदोपरांत मौन मार्च करते हुए यमुना जी के विश्राम घाट पर पहुंच कर हुतात्माओं की शांति के लिए यमुना जी में श्रद्धांजलि अर्पित की गईं। महानगर अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल ने कहा कि आज समय आ गया है कि पाकिस्तान को उसकी इस कायराना हरकत का जवाब देने के लिए सेना को खुली छूट दी जानी चाहिए। जिससे कि पाकिस्तान को ऐसा जवाब मिले कि आने वाली पीढ़ियों तक पाकिस्तान की भारत की तरफ आंख उठाकर देखने की हिमाकत नहीं हो। हमारे सत्ता प्रतिष्ठान को देश की जनता की भावनाओं को समझना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री सोहन सोलंकी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना और सरकार द्वारा पोषित आतंकवाद का शीघ्र ही भारतीय सेना द्वारा कार्यवाही करके समूल नाश किया जाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर नवल गिरी जी महाराज ने कहाकि भारत का संत समाज कड़े शब्दों में इस घटना की निंदा करते हुए भारतीय सरकार से आान करता है कि वह इस घटना के जिम्मेदार लोगों को उनके अंतिम परिणाम तक पहुंचने में हर संभव कार्रवाई करें उन्होंने कहा कि भारतीय संत समाज भारत सरकार के साथ हर स्थिति में मौजूद है। विख्यात भागवताचार्य रसिया बाबा महाराज जी ने कहा कि आज हिंदुओं पर आ रही संकट की घड़ी में समष्टि हिंदू समाज को एक होकर आ रही विपत्ति का सामना करना चाहिए।

# संस्थान में तीन दिवसीय कथक कार्यशाला प्रारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में शुक्रवार से तीन दिवसीय कथक प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा तथा नाट्य विहार कला केंद्र, मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में एवं सांसद तथा प्रसिद्ध नृत्यांगना हेमा मालिनी के निर्देशन में आयोजित किया गया है। कार्यशाला में प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना विदुषी उमा डोगरा मुंबई से विशेष रूप से वृंदावन आमंत्रित की गई हैं, जो प्रतिभागियों को नृत्य की बारीकियां सिखा रही हैं। कार्यक्रम के प्रथम दिन 51 बालिकाओं व युवतियों ने पंजीकरण कर प्रशिक्षण प्राप्त



किया। मुंबई से जारी अपने संदेश में हेमा मालिनी ने कहा है कि ब्रज क्षेत्र के बच्चों को शास्त्रीय नृत्य सीखने के लिए प्रायः मथुरा जिले से बाहर जाना पड़ता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह कार्यशाला प्रारंभ की गई है। हमारा उद्देश्य ब्रज में शास्त्रीय नृत्य परंपरा को पुनर्जीवित करना है। कथक के पश्चात भरतनाट्यम, ओडिसी आदि नृत्य शैलियों की कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी। कार्यशाला में गीता शोध संस्थान के निदेशक दिनेश खन्ना, कान्हा अकादमी से अनूप शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार, भागवत प्रवक्ता मोहिनी कृष्ण दासी, देवेन्द्र शर्मा, संजय शर्मा, और विदुषी उमा डोगरा की शिष्या गीतांजलि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वृंदावन बाल विकास मंच, हरे कृष्णा ऑर्किड होटल एवं कान्हा अकादमी द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया जा रहा है। संस्थान के समन्वयक सीपी सिंह सिकरवार ने जानकारी दी कि इच्छुक बालिकाएं 26 अप्रैल को भी प्रशिक्षण हेतु पंजीकरण करा सकती हैं। कार्यशाला का समापन 27 अप्रैल को होगा, जिस दिन प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# जनपद में 60 से अधिक उम्र के 57362 नागरिकों ने मांगी वृद्ध पैंशन

## वृद्धावस्था पेंशन का सत्यापन प्रारंभ अपात्रों को नहीं मिलेगा लाभ, जीवित को मृतक दर्शाने वाले सत्यापनकर्ता अधिकारी कर्मचारी पर होगी कड़ी कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** वृद्धावस्था पेंशन में मृतक एवं अपात्र पेंशनरों को सूची से बाहर कर उनके स्थान पर नए पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ दिए जाने के लिए अभियान संचालित किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि बुजुर्गों को बेहतर जीवन देने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना चलाई जा रही है। वास्तविक और पात्र लाभार्थियों तक ही योजना का लाभ पहुंच सके, इसके लिए नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में पेंशन भुगतान के लिए सूची में शामिल लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया गया है। मुख्य सचिव के शासनादेश के द्वारा सभी कमिश्नर और डीएम को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिसके अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन के जिला मथुरा के 57362 पेंशनरों का सत्यापन 15 मई तक किया जाएगा। मृतक एवं अपात्र पाए गए पेंशनरों को सूची से हटाकर उनकी जगह नए पात्र लाभार्थियों को लाभांवित किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की ओर से 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के गरीबी रेखा से नीचे आय के अंतर्गत जीवन यापन करने वाले वृद्धजनों को प्रतिमाह 1000 रुपये की पेंशन डीबीटी के माध्यम से हर 3 माह में प्रदान की जाती है। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश का निवासी होना जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक की वार्षिक आय 46080 रुपये और शहरी क्षेत्र में वार्षिक आय 56460 रुपये से कम होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में बीडीओ के माध्यम से और शहरी क्षेत्र में उपजिलाधिकारी के माध्यम से सत्यापन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा गलत सत्यापन पर दंडात्मक कार्रवाही का भी प्राविधान किया गया है। निदेशक समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी उप निदेशक एवं समाज कल्याण अधिकारियों को 10 प्रतिशत पेंशनरों का क्रॉस वेरिफिकेशन करते हुए सत्यापन की गुणवत्ता का परीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके आधार पर जीवित पेंशनर्स को मृतक दर्शाए जाने वाले सत्यापनकर्ता अधिकारी और कर्मचारी के विरूद्ध जिलाधिकारी द्वारा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभागीय अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सत्यापन समयबद्ध और गुणवत्तापरक हो। उन्होंने बताया कि जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा चिन्हित किए गए वृद्ध जानो को जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

# यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित, टॉप टेन सूची में छाई मुरादाबाद मंडल की छात्राएं

## ऋतु गर्ग ने दसवीं में 97.50 प्रतिशत, साक्षी ने बारहवीं में 96.80 प्रतिशत अंक किए हासिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबादः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का परिणाम गुरुवार को घोषित हो गया। यूपी की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट टॉप 10 सूची में मुरादाबाद मंडल की छात्राओं ने भी जगह बनाई है। मंडल के मुरादाबाद की हाईस्कूल की छात्रा रितु गर्ग ने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया और अमरोहा की इंटर की छात्रा साक्षी ने प्रदेश में दूसरा स्थान मिला है। डॉ. डीपीएसवीएम इंटर कॉलेज, बिलारी मुरादाबाद की छात्रा ऋतु गर्ग ने दसवीं में 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, वहीं श्री नारायण स्मारक इंटर कॉलेज गजरौला अमरोहा की बारहवीं की छात्रा साक्षी ने 96.80 प्रतिशत अंक हासिल किए। मुरादाबाद की रितु गर्ग की इस सफलता से उनके परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है। रितु गर्ग ने अपनी इसन सफलता का श्रेय नियमित पढ़ाई, आत्मविश्वास और माता-पिता व शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। वहीं अमरोहा की साक्षी आईएएस बनना चाहती हैं। उनके पिता ओमपाल सिंह किसान और माता पूनम देवी गृहणी हैं।

फास्ट न्यूज

## विकास को वरदान बनाता है संस्कार: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**इंदौर।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि व्यक्तियों के समूह से समाज बनता है और समाज से देश का निर्माण होता है, लेकिन संस्कार देने का कार्य समाज करता है। विकास को वरदान बनाता है संस्कार। संस्कार से ही सशक्त समाज की रचना होती है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल शुक्रवार को दोपहर में इंदौर के गोम्मटिगिरी स्थित ड्रीम वर्ल्ड गार्डन एवं रिसोर्ट में आयोजित श्री बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस मौके पर पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय विशेष रूप से उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि भगवान शिव के अवतार है बागेश्वर और ऋषि कश्यप के वंशज है, जिनका संबंध कश्मीर से है। बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज देशभर में फैला है और यह शिक्षा, स्वास्थ्य के बेहतरी के साथ-साथ सामूहिक विवाह जैसे कार्य भी कर रहा है, जो अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर रोजगार के क्षेत्र में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। जिसमें आयुष्मान भारत योजना, लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, स्टार्टअप योजना आदि शामिल है। इन योजनाओं से समाज लाभान्वित हुआ और उनके जीवन में बदलाव आया।

## नारायणगंज समग्र विकास का आदर्श मॉडल: मुख्यमंत्री डॉ.

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मंडला जिले का नारायणगंज विकासखंड जमीनी स्तर पर समावेशी और परिणाम आधारित विकास का प्रतीक बनकर उभरा है। समग्र विकास के प्रमुख मानकों पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए नारायणगंज ने राष्ट्रीय स्तर पर एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि अर्जित की है। यह स्थानीय शासन की सक्रियता, समुदाय की भागीदारी और सटीक कार्यान्वयन का प्रतिफल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि नीति आयोग ने नारायणगंज के इस नवाचार, समर्पण और समन्वय को विशेष रूप से सराहते हुए इसे सामूहिक उत्तरदायित्व और सुशासन का एक आदर्श उदाहरण बताया है। उन्होंने कहा कि नारायणगंज की उपलब्धि के मूल में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, बाल विकास, शिक्षा और कृषक कल्याण जैसे क्षेत्रों में किया गया निरंतर प्रयास रहा है। विकासखंड स्तर पर 98.66 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का शीघ्र एएनसी पंजीकरण सुनिश्चित किया गया।

# चप्पे-चप्पे पर नजर... हाई अलर्ट पर पुलिस

- पहलगाम आतंकी हमले के बाद राजस्थान, उत्तराखंड समेत कई राज्यों में सुरक्षा सख्त
- पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश भर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर राजस्थान और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। राजस्थान में पाकिस्तान की सीमा से सटे श्रीगंगानगर जिले में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। श्रीगंगानगर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौरव यादव ने स्थानीय अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने का आदेश दिया है।

**श्रीगंगानगर में पुलिस अलर्ट**
एसपी गौरव यादव ने बताया कि श्रीगंगानगर जिला अतंरर्राष्ट्रीय सीमा पर है और बेहद संवेदनशील इलाका है। पहलगाम घटना के बाद से यहां भी पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। गौरव यादव के अनुसार, थाने में रखे सभी हथियारों की जांच की जा रही है। खासकर लंबी दूरी तक जाने वाले हथियारों की चेकिंग चल रही है। इसके अलावा श्रीगंगानगर में



मौजूद ठहरने की जगहें जैसे होटल और धर्मशालाओं की भी जांच हो रही है।

**नैनीताल में सुरक्षा सख्त**
उत्तराखंड के नैनीताल में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम देखने को मिल रहे हैं। नैनीताल के कुमाऊं क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। कुमाऊं की आईजी रिद्धिमा अग्रवाल ने बताया कि पूरे जिले को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सार्वजनिक स्थानों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। आईजी रिद्धिमा अग्रवाल के अनुसार, हमने अलर्ट जरी कर दिया है। सभी जिलों में एसएसपी को भीड़भाड़ वाले इलाकों की निरंतर जांच के आदेश दिए गए हैं। सीमा चौकियों पर भी जांच चल रही है। हमने खुफिया इकाई को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी आने-जाने वालों पर पुलिस की नजर बनी हुई है।

**26 लोगों की गई थी जान**
पहलगाम आतंकी हमले पर सख्त रुख अपनाते हुए भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। गौरतलब है कि मंगलवार को पहलगाम के बैसरन में आतंकियों ने कई पर्यटकों को निशाना बनाया। इस दौरान 25 भारतीय नागरिकों और 1 नेपाली नागरिक की जान चली गई। 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद यह सबसे घातक आतंकी हमला था, जिसकी पूरी दुनिया में निंदा हो रही है।

### भारत सरकार ने उठाए कड़े कदम

**बता** दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए हैं। 1960 के सिंधु जल समझौते को रद्द करने से लेकर पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारियों को 1 हफ्ते के भीतर देश छोड़ने और सार्क वीजा के तहत भारत में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर देश से जाने का आदेश दिया है।

### राजस्थान से वापस जा रहे पाकिस्तानी विस्थापित!

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर:** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार की ओर से उठाए गए कड़े कदमों का असर अब पाकिस्तान से धार्मिक यात्रा पर आए हिंदू विस्थापितों पर भी पड़ने लगा है। सरकार द्वारा 23 अप्रैल को जारी निर्देश के अनुसार, भारत में वीजा पर आए पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। राजस्थान और गुजरात के सीमावर्ती क्षेत्रों में बसे हजारों पाक हिंदू विस्थापितों में गहरी चिंता और असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

# मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की हड़ताल से बिगड़े हालात



### हड़ताली डॉक्टरों की मांग

- मेडिकल कॉलेज के प्रवेश प्वाइंटों पर मेटल डिटेक्टर लगवाए जाएं, जिससे हथियार के साथ कोई व्यक्ति परिसर में प्रवेश न कर पाए
- इमरजेंसी के पास अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था रहे। जो इलाज को लिए मरीज के तीमारदारों को अंदर प्रवेश करने से रोके
- जिन लोगों ने डाक्टरों के साथ अभद्रता की है, फायरिंग की है, उनकी गिरफ्तारी हो और उनके खिलाफ कार्रवाई हो

**सेवाएं ठप**

- उपचार नहीं मिलने से दो दिन में 4 मरीजों की मौत हो गई 1200 मरीजों को बिना उपचार के ही वापस लौटना पड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**अलीगढ़:** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के जेएन मेडिकल कॉलेज में रेजीडेंशियल डॉक्टरों की हड़ताल 24 अप्रैल देर रात को दूसरे दिन भी जारी रही, जिसके कारण इमरजेंसी सेवाएं ठप हो गईं। इस दौरान आपात उपचार नहीं मिलने से दो दिन में 4 मरीजों की मौत हो गई जबकि लगभग 1200 मरीजों को बिना उपचार के ही अस्पताल से वापस लौटना पड़ा। 23 अप्रैल की रात को कस्बा बरला में सुरेंद्र नाम के एक युवक को उसके ही बड़े भाई ने मारपीट कर घायल कर दिया। उसे दीनदयाल संयुक्त अस्पताल लाया गया। सुरेंद्र की गंभीर हालत देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। यहां पर समय से उपचार नहीं मिलने के चलते उसकी मौत हो गई। इसी तीन अन्य लोग भी मरे थे। परिवार वाले इनके शव लेकर घर चले गए जिनके नाम और पते मालूम नहीं हो सके हैं

### विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब तक उठाए कदम

- जेएन मेडिकल कॉलेज में अब हथियारों के साथ 15 पूर्व सैनिकों की तैनाती की जाएगी। ये पूर्व सैनिक एएमयू के सुरक्षा कर्मियों के साथ मिलकर काम करेंगे।
- जिला प्रशासन को पत्र लिखकर मेडिकल कॉलेज परिसर में शिफ्ट के अनुसार पुलिस कर्मियों की तैनाती का अनुरोध किया जाएगा।
- डॉक्टरों की मांग पर तत्काल कार्रवाई करते हुए मेडिकल कॉलेज के प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर लगवा दिए गए हैं।
- जेएन मेडिकल की इमरजेंसी में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के दौरान खुलने के इंतजार में बैठे मरीज।
- निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम में बढ़ी भीड़
- जेएन मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी बंद होने के चलते मेडिकल मरीजों की संख्या बढ़ गई

## मदरसा शिक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की जरूरत: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मदरसा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधारों की आवश्यकता जताई है। शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की मदरसा शिक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि मदरसा, महज मजहबी शिक्षा के केंद्र बनकर न रह जाएं। वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के सभी आयामों



का लाभ मिलना चाहिए। मदरसा शिक्षा को पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक बनाया जाना चाहिए। हर एक विद्यार्थी का भविष्य उज्ज्वल हो, यह सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल सुधार नहीं, बल्कि नवाचार और समावेशिता के माध्यम से मदरसा शिक्षा को मुख्यधारा में लाना है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर और समुचित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नशा मुक्त हरियाणा संकल्प के साथ चल रही राज्य स्तरीय साइक्लोथॉन 2.0 को जींद से झंडी दिखाकर रवाना किया।

## सराहनीय है आउटसोर्सिंग कार्मिकों की सेवाभावना और कर्त्तव्यपरायणता: योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में कार्यरत आउटसोर्सिंग कार्मिकों की सेवा, श्रम अधिकारों एवं पारिश्रमिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए "उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम" के गठन के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि राज्य सरकार आउटसोर्सिंग कार्मिकों के श्रम के



सम्मान व जनहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करती है और उनकी सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों को वेतन में कटौती, समय से भुगतान न होना, ईपीएफ/ईएसआई जैसी प्रक्रिया का अभाव, उत्पीड़न आदि शिकायतें प्राप्त होती हैं।

**सराहना**

- आउटसोर्सिंग कार्मिकों की सेवा संबंधी सुरक्षा सुनिश्चित करने गठित होगा आउटसोर्स सेवा निगम: मुख्यमंत्री

## यूपी में भीषण गर्मी में भी नहीं होगा पेयजल का संकट

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** भीषण गर्मी में भी प्रदेश में पेयजल का संकट नहीं होने पाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है कि एक एक ग्रामीण परिवार को निरन्तर एवं निर्बाध रूप से शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराई जाए। इसके लिए 24 घंटे अलर्ट मोड में रहने का निर्देश भी जारी किया गया है। जल आपूर्ति के लिए सभी मण्डलायुक्त अपने स्तर पर बैठक कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराएंगे। इसके साथ ही



शासन की ओर से प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा गया है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले परिवारों को निरंतर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कमर कस ली है। किसी भी ग्रामीण क्षेत्र में पानी की कमी या संकट की स्थिति न उत्पन्न होने पाए।

**प्रशासन अलर्ट**

- सीएम योगी के निर्देश पर एक एक ग्रामीण परिवार को निरन्तर एवं निर्बाध रूप से होगी शुद्ध पेयजल आपूर्ति

## मुसलमानों ने फूंका पाक का झंडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद मुसलमानों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पाकिस्तान का झंडा जलाकर गुस्से और गम का इजहार किया गया। शहर की तमाम मस्जिदों में कश्मीर सहित देश भर से आतंकवाद के खात्मे और अमन व शांति की दुआ मांगी गई। साथ ही पाकिस्तान की साजिश को नाकाम करने के लिए आपसी मोहब्बत और एकता को मजबूत करने का आह्वान किया।

**सुदृढ़ीकरण** *सहकारी क्षेत्र युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार का सशक्त माध्यम : डॉ. शांडिल*

## सहकारी क्षेत्र सामाजिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार : मुकेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**
**सोलन: उप** मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सहकारी क्षेत्र आर्थिकी सुदृढ़ीकरण और सामाजिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार है। मुकेश अग्निहोत्री आज यहां 1.85 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित श्री लक्ष्मी सिंह व्यवसायिक परिसर का लोकार्पण करने के उपरांत जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री की अगुवाई में दो मिनट का मौन रखकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को एक कायरतापूर्ण हमले में मृत दिवंगत आत्माओं को



भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की गई और उनकी आत्मिक शांति के लिए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की गई।

उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ने इससे पूर्व प्राचीन दुर्गा माता मंदिर में पूजा अर्चना कर सभी की सुख, समृद्धि व खुशहाली की कामना की। मुकेश अग्निहोत्री ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह घटना बहुत ही दुःखद है। उन्होंने कहा कि हमलावरों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के लिए कांग्रेस पार्टी केन्द्र सरकार के साथ है। उन्होंने कहा कि हमारा देश किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम है। उन्होंने आशा जताई कि केन्द्र सरकार शीघ्र ही आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सहकारी समितियों का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है तथा लगभग एक हजार से अधिक सहकारी समितियों को कम्प्यूटरीकृत कर दिया गया है शेष का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि शीघ्र प्रदेश की सभी सहकारी समितियां ऑनलाइन होगी। उन्होंने सभी से सहकारी समितियों को सहयोग करने का आग्रह किया।

